

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद हमले में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 18 अंकः 343 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group




## फास्ट न्यूज

### सीएम सैनी ने किया क्राफ्ट प्रदर्शनी का उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चंडीगढ़ के सेक्टर-35 स्थित किसान भवन में आयोजित क्राफ्ट प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के विजन में हस्तशिल्पियों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इसके लिए केंद्र सरकार ने पीएम विश्वकर्मा योजना चलाई है, जिसके तहत पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को उनके पारंपरिक उत्पादों और सेवाओं को बढ़ाने में सरकार की ओर से सहायता प्रदान की जा रही है। कारीगरों के कौशल को निखारने के लिए कौशल प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।

# मंत्रों के बीच पीएम ने किया संगम अभिषेक

- सिंगम में अक्षत, चंदन, रोली, पुष्प और वस्त्र अर्पित कर पीएम ने की महाकुम्भ के सफल आयोजन की कामना

**तीर्थराज**

▶▶ संगम नोज पर पीएम मोदी और सीएम योगी ने किया पूजन-अर्चन, उतारी त्रिवेणी की आरती



**टीम एक्शन इंडिया**
**महाकुम्भ नगर: प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को तीर्थराज प्रयागराज की पावन धरा पर त्रिवेणी संगम में पूजा अर्चना कर 13 जनवरी से 26 फरवरी तक होने जा रहे महाकुम्भ के सफल आयोजन की कामना की। पीएम मोदी ने इस अवसर पर गंगा, यमुना और सरस्वती की त्रिवेणी की आरती कर वैश्विक कल्याण का भी संकल्प लिया। तीर्थ पुरोहितों के द्वारा वैदिक मंत्रों के बीच पूरा कार्यक्रम संपन्न कराया गया। इस दौरान पीएम मोदी ने त्रिवेणी में अक्षत, चंदन, रोली, पुष्प और वस्त्र भी अर्पित किए। इससे पूर्व पीएम मोदी ने प्रमुख साधु संतों का आशीर्वाद भी लिया। इस अवसर पर पीएम के साथ सीएम योगी और राज्यपाल आनंदी बेन पटेल भी मौजूद रहीं।

**निषादराज क्रूज से संगम तट पर पहुंचे पीएम**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी निषादराज क्रूज पर सवार होकर संगम नोज पर पहुंचे। किला घाट पर फ्लोटिंग जेटी से होते हुए वो क्रूज पर सवार हुए। व्हाइट कुर्ता-पजामा, ब्लू जैकेट, मैरून कलर की शॉल पहने पीएम मोदी ने क्रूज पर सवार होने के बाद डेक पर खड़े होकर यमुना की लहरों को निहारा। यहां से वह घूम-घूमकर पूरे क्षेत्र का अवलोकन भी करते नजर आए। इसके बाद रिवर क्रूज पर विहार का भी आनंद उठाया। संगम नोज पर सीएम योगी और राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने एक बार फिर उनका स्वागत किया।

इसके बाद पीएम मोदी ने साधु संतों से मुलाकात की और उनका अभिवादन किया। इस दौरान एक संत ने उन्हें मोतियों की माला भी भेंट की।

**संगम की उतारी आरती, किया दुग्धाभिषेक**

यहां से पीएम सीधे संगम नोज पर बने पंडाल में पहुंचे। यहां उपस्थित तीर्थ पुरोहितों ने उन्हें आसन ग्रहण कराया। पीएम के अगल-बगल में सीएम योगी और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने भी आसन ग्रहण किया।

### अक्षय वट पर शीश नवाकर पीएम मोदी ने मांगा जनकल्याण का वरदान

**टीम एक्शन इंडिया**
**महाकुम्भ नगर:** उत्तर प्रदेश में महाकुम्भ-2025 के सफल आयोजन, वैश्विक कल्याण, विश्व शांति, भारत के अरुणोदय व तीर्थराज प्रयागराज आकर पुण्य की डुबकी लगाने वाले करोड़ों भक्तों, सनातन शक्तियों के सामर्थ्य व अक्षय पुण्य की वृद्धि के उद्देश्य से पीएम मोदी ने शुक्रवार को अक्षयवट का दर्शन कर पूजन-अर्चन किया। संगम नोज पर यजमान की भूमिका में संगम अभिषेक करने के उपरांत उन्होंने अक्षय वट के दर्शन किए। अक्षय वट पर भी महाकुम्भ-2025 के सफल आयोजन के लिए बतौर यजमान भूमिका निभाते हुए पीएम मोदी ने अक्षय वट पर शीश नवाया, संकल्प लेकर अभिषेक किया।

## नेहरू-इंदिरा ने संविधान बदला: राजनाथ सिंह



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा संविधान को हाईजैक करने की कोशिश की है। भारत का संविधान किसी एक पार्टी की देन नहीं है। इसे भारत के लोगों ने भारतीय मूल्यों के अनुरूप बनाया है। इसमें सबका योगदान रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार संविधान में लिखे धर्म के अनुसार काम कर रही है, जो प्रगतिशील, समावेशी और परिवर्तनकारी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को लोकसभा में संविधान को अंगीकार करने की 75वीं वर्षगांठ पर आयोजित विशेष चर्चा की शुरूआत की। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर संविधान का सम्मान नहीं करने का आरोप लगाया और कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार इसके मूल चरित्र को कभी बदलने नहीं देगी।



# गाजियाबाद में चला 'अतिक्रमण हटाओ अभियान'



**टीम एक्शन इंडिया**
**साहिबाबाद। नगर** निगम की टीम ने शुक्रवार को कौशांबी और वैशाली सेक्टर चार बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण हटाया। इस दौरान लोगों ने हंगामा किया। पुलिस ने सख्ती दिखाई तो सभी शांत हो गए। वहीं, साहिबाबाद सब्जी मंडी के गेट के बाहर कार्रवाई के एक दिन बाद फिर से ट्रक सड़क पर खड़े हो गए। निगम ने इनको भी हटवा दिया। नगर निगम को शिकायत मिली थी कि वैशाली सेक्टर चार में अवैध रूप से कुछ लोगों ने अस्थायी दुकान लगा ली।

**बुलडोजर चलाकर 30 से ज्यादा दुकानों को किया गया ध्वस्त**

आने-जाने वाले लोगों को परेशानी हो रही है। निगम की टीम शुक्रवार को वैशाली सेक्टर चार पहुंची तो लोग अपनी-अपनी दुकानों को हटाने लगे। कुछ लोग अपना सामान लेकर जाने लगे। बुलडोजर चलाकर 30 से अधिक दुकानों को ध्वस्त कर दिया। लोगों ने निगम पर ही अस्थायी दुकानों को लगवाने और फिर बुलडोजर चलाने का आरोप लगाया। इसके बाद निगम की टीम कौशांबी पहुंची। कौशांबी मेट्रो स्टेशन के आसपास से सभी ठेली-पटरी वालों को हटा दिया। इस दौरान लोगों ने हंगामा कर दिया। पुलिस और प्रवर्तन दल ने सख्ती दिखाई तो सभी शांत हो गए। निगम को सूचना मिली कि दो दिन पहले मंडी के बाहर अवैध रूप से खड़े जिन ट्रकों को हटाया था वह फिर खड़े होने लगे हैं। निगम की टीम मौके पर पहुंची। ट्रक चालक को चेतावनी देकर छोड़ दिया। लोगों ने आरोप लगाया कि निगम की सह पर ही शुक्रवार को ट्रक खड़े हुए थे।

## होटल में थूक लगाकर रोटी बनाने के मामले में तीन धरे

**टीम एक्शन इंडिया**
**मोदीनगर (गाजियाबाद)।** गाजियाबाद के मोदीनगर में कोतवाली क्षेत्र के कृष्णानगर कॉलोनी के निकट स्थित नाज चिकन प्वाइंट में थूक लगाकर रोटी बनाने का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। आरोपित तंदूर में रोटी बनाते हुए आटे की लोई पर थूक रहा है। वहीं, होटल में खाना खाने आए युवक की जब नजर पड़ी तो उसने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने होटल मालिक और दो कारीगरों को पकड़ लिया। तीनों पर संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया है। थूक लगाकर रोटी बना रहे आरोपित को पुलिस नाबालिग बता रही है।

कोतवाली क्षेत्र की गोविंदपुरी स्थित डबल स्टोरी कॉलोनी के प्रकाश सिंह अपने दोस्त दीपक के साथ बुधवार की रात को नाज चिकन प्वाइंट पर आए थे। उन्होंने खाना ऑर्डर किया। वे होटल में अंदर बैठे थे। बाहर तंदूर लगा था, जिस पर नाबालिग कारीगर रोटी बना रहा था। आरोपित रोटी बनाते हुए लोई पर बार-बार थूक रहा था। इस दौरान दीपक की नजर उस पर गई। वह काफी देर तक उसे देखते रहे। इसके बाद होटल मालिक सिखैड़ा हजारी गांव के अनुज को उसकी करतूत बताई, लेकिन होटल मालिक उल्टा उन्हें ही झूठा बताने लगा। इसके बाद आरोपित ने दोनों के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। नौबत मारपीट तक पहुंच गई, जिससे प्रकाश और दीपक को चोट आई। प्रकाश ने तुरंत डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सीसीटीवी फुटेज खंगाली, जिसमें रोटी बनाते समय आटे की लोई पर थूकने की पुष्टि हुई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज कब्जे में ले ली। प्रकाश ने भी मोबाइल में वीडियो रिकॉर्ड कर लिया।

प्रकाश की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया।

## किसान नेताओं ने जमीन पर गिरा-गिराकर पीटा, जमकर हुई पत्थरबाजी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नोएडा:** अधिसूचित क्षेत्र की भूमि पर भूमाफिया का अवैध निर्माण ध्वस्त करने पहुंची नोएडा प्राधिकरण वर्क सर्किल नौ व 10 की संयुक्त टीम पर भारतीय किसान यूनियन मंच के नेताओं ने हमला बोल दिया। जमकर पत्थरबाजी की। इससे बुलडोजर व डंपर क्षतिग्रस्त हो गए।

**जमीन पर गिरा-गिराकर पीटा**

प्राधिकरण पुलिस से किसान नेता सुरेंद्र प्रधान, आशीष चौहान, अशोक चौहान, कन्हैया जाटव, विमल त्यागी समेत 10 से 15 लोगों ने जमकर धक्का-मुक्की की। वर्क सर्किल 10 के प्रबंधक वैभव नागर, अवर अभियंता सिद्धार्थ नागर व शेखर चौहान के सामने ही सुपरवाइजर विकास को जमीन पर गिराकर पीटा।

वहीं, बचाव के लिए प्राधिकरण के दोनों अवर अभियंता ने 112 पर 12.37 बजे फोन कर शिकायत की, पर पुलिस नहीं आई। ऐसे में प्राधिकरण टीम को भागना पड़ा। केस दर्ज कराने प्राधिकरण टीम नालेज पार्क तीन कोतवाली पहुंची तो थाना प्रभारी नहीं थे। टीम कोतवाली में शिकायत पत्र देकर लौट आई व आपबीती शीर्ष अधिकारियों को बताई।

**पुलिसकर्मियों से मारपीट नहीं हुई**

उधर, पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव बदौली में प्राधिकरण टीम ने जाने की सूचना स्थानीय पुलिस को नहीं दी थी। प्राधिकरण टीम व किसान नेताओं में कहासुनी हुई थी।


**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा पार्किंग लॉटस/साइट्स के आवंटन हेतु ई– नीलामी, IREPS पोर्टल (https://ireps.gov.in) पर ई–बोली निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित की जाती है:–

| ई–कैटलोग संख्या (E-Catalogue No.) | ई–नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन/स्थान/पार्किंग लॉट |
|---|---|---|
| Parking-27-2024 | दिनांक 30.12.2024 को 11:00 बजे | नई दिल्ली (AGS Side) (PCCV), मेरठकैंट (कंकनखेड़ा), नया गाजियाबाद, दिल्ली (PF-16) (B-T-T), शकूरबस्ती, नई दिल्ली (AG Side) (TW Parking), करनाल (641.62 वर्गमीटर), कुरुक्षेत्र 1st Entry, कुरुक्षेत्र 2nd Entry, गाजियाबाद (भूर साइड) (1150.67 वर्गमीटर), तुगलकाबाद (C-S), दिल्ली 2nd Entry KGS Side (TW Parking), बुढलाडा, बरेटा, मुरादनगर, सांपला (Main Entry), खतौली, टोहाना, बादली 2nd Entry, कुरुक्षेत्र Site-1, कुरुक्षेत्र Site-2, पानीपत (2nd Entry), आदर्श नगर (PRS), दिल्ली सराय रोहिल्ला (Car), करनाल (375 वर्गमीटर), शाहाबाद मारकंडा, गोहाना, पालम = कुल 28 साइटें |
| वेबसाईट विवरण जहां ई–नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है | | https://ireps.gov.in/ |
| ई–नीलामी में भाग लेने के लिए ठेकेदारों के लिए पूर्वापेक्षाऐं | | आईआरईपीएस के माध्यम से आयोजित ई–नीलामी में भाग लेने हेतु निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना अनिवार्य है: 1. इच्छुक बोलीदाताओ को आई आर पी एस (वाणिज्यिक नीलामी मॉड्यूल) में ऑनलाइन पंजीकृत करना होगा। पहले से ही अन्य आई आर पी एस खाता रखने वाली संस्थाएं भी खुद को वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल के लिए नामांकित करने में सक्षम होगी। 2. एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान 3. भारतीय स्टेट बैंक में चालु खाता 4. आई आर पी एस खाते के साथ भारतीय स्टेट बैंक के खाते का एकीकरण 5. फण्ड का लियन मार्किंग 6. टर्नओवर का अद्यतनीकरण (updation) 7. जिन ठेकेदारों के पास आईआरपीएस के किसी भी मोड्यूल के लिए आई आर पी एस खाता नहीं है, वे आईआरपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओं/ठेकेदारों (ई–निविदा/ई–नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण हेतु अपना अनुरोध प्रस्तुत कर सकते है। |
| सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी | | वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक / पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली 110055 Email: pkg.delhidivision@gmail.com Tel: 011-23743084 |

संख्या: 23AC/393/E-Auction/2022 दिनांक: 13.12.2024 3830/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी हेतु सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/मालभाड़ा सेवाएँ, दिल्ली मंडल, उत्तर रेलवे के द्वारा रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2022/टीसी(एफएम)/10/04 दिनांक 13.06.2022 के अनुसार, दिल्ली मंडल के आनन्द विहार रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म–1 पर स्थित अमानती–सामानघर (कुल क्षेत्र 24.726 वर्ग मीटर), (आरओएमटी आधार पर) के प्रबंधन और संचालन हेतु आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल में ई–नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से बोलियों द्वारा पाँच (05) वर्षों के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण इस प्रकार है:

| ई–नीलामी के आरम्भ होने की तिथि तथा समय | संसाधन जिनकी नीलामी की जानी है |
|---|---|
| 23.12.2024 को प्रातः 11:00 बजे | आनन्द विहार रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म–1 पर स्थित अमानती–सामानघर (कुल क्षेत्र 24.726 वर्ग मीटर), (आरओएमटी आधार पर) के प्रबंधन और संचालन हेतु पाँच (05) वर्षों का अनुबंध। |

**महत्वपूर्ण सूचना:** 1. ई–नीलामी के विभिन्न पहलुओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को **https://www.ireps.gov.in/html/helpdesk/learning_centre.html.** (E-Auction leasing section) पर जाने की सलाह दी जाती है। 2. **धरोहर राशि जमा (ईएमडी):** नीलामी के दौरान कुल संविदात्मक बोली मूल्य का 5% ऑनलाइन जमा किया जाना है। सफल बोलीदाता की ईएमडी सुरक्षा जमा के रूप में रखी जाएगी। 3. रेलवे प्रशासन किसी भी समय इन अनुबंधों को शीघ्र समाप्त करने और/या स्थितियों के आधार पर संशोधित/अतिरिक्त नियमों और शर्तों के साथ इन अनुबंधों को बंद करने/जारी रखने के संबंध में कोई भी निर्णय लेने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रखता है।

3826/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

संदर्भः 1) निविदा सूचना क्रमांक 70/2024–2025 दिनांकः 08.11.2024
2) निविदा संख्या 11242022ए 16.12.2024 को देय है।

उपरोक्त निविदा के संदर्भ में, **निविदा संख्या 11242022ए खोलने की नियत तारीख 23.12.2024 तक बढ़ा दी गई है** और डिलीवरी शेड्यूल को '30 सितंबर–25 तक पूरी की जाने वाली डिलीवरी' आपूर्ति की दरः 50% मात्रा 01.04.2025 के बाद लेकिन 30.06.2025 से पहले और शेष 50% 01.07.2025 के बाद लेकिन 30.09.2025 से पहले आपूर्ति की जानी है, में बदल दिया गया है।
अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित ही रहेंगी।
शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है। 3824/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **गोपाल, पुत्रः तेजपाल, पताः सेवा धाम रोड, कृष्णा विहार, मंडोली, दिल्ली** ने **FIR No. 172/2016 U/s 12/9/55 G Act, पुलिस थाना नन्द नगरी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **गोपाल** मिल नही रहा है। और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **गोपाल** फरार हो गया है(या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 172/2016 U/s 12/9/55 G Act, पुलिस थाना नन्द नगरी, दिल्ली** के अभियुक्त **गोपाल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.01.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
सुश्री दीपाक्षी राणा,
जेएमएफसी–03, कोर्ट नंबर 19
DP/16360/NE/2024 कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **चेतन उर्फ चिंटू, पुत्र राकेश निवास बी-1/786, शाहबाद डेरी, दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 174/2018, भा.द.सं. की धारा 394/427/411/34 के तहत, थाना केएनके मार्ग, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **चेतन उर्फ चिंटू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **चेतन उर्फ चिंटू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 174/2018, भा.द.सं. की धारा 394/427/411/34 के तहत, थाना केएनके मार्ग, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **चेतन उर्फ चिंटू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **11.02.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री हिमांशु सहलोथ
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-03, उत्तर जिला
दि.पु./16303/रोहिणी जिला/2024 कमरा नं. 213, रोहिणी कोर्ट्स, दिल्ली



**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा**

**खुली निविदा संख्या 49–अम्बाला/2024–25 दिनांक 12.12.2024**

वरिष्ठ मंडल अभियंता-समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15:00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (Rs.) | अग्रिम राशि (Rs.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | यूएमबी–केएलके खंड पर सीएनडीएम- केएलके स्टेशन के बीच PHESD पिनजोर राज्य सरकार विभाग के लिए किमी: 262/8-9 पर पहले 450 मिमी एमएस एन्केसिंग पाइप और दूसरा 700 मिमी एमएस के माध्यम से 250 मिमी व्यास डीआई वाहक पाइप की पानी की आपूर्ति करने के लिए रेलवे ट्रैक/भूमि के नीचे पाइप बिछाना। | 21,41,068 | 42,800 | 06 महीने | 03.01.2025 |
| 2 | यूएमबी-केएलके अनुभाग में डीकेटी-एलएलयू स्टेशन के बीच राज्य सरकार विभाग के लिए रेलवे ट्रैक/भूमि के नीचे किमी: 207/3-5 में पहले 1200 मिमी एम.एस. एनकेसिंग पाइप और दूसरे 1400 मिमी एम.एस. केसिंग पाइप के माध्यम से 2 नग 1000 मिमी (40") व्यास वाले डीआई कैरियर पाइप की ड्रेनेज/सीवरेज आपूर्ति बिछाना। | 2,86,41,975 | 2,93,200 | 06 महीने | 03.01.2025 |
| 3 | एडीईएन/सीडीजी के अनुभाग में ट्रैक की सुरक्षा और अतिक्रमण से बचने के उपाय के रूप में स्टेशनों और उसके मार्गो के पास 6.53 किमी आरसीसी सीमा दीवार का निर्माण। | 5,57,35,757 | 4,28,700 | 08 महीने | 03.01.2025 |
| 4 | एडीईएन/पीटीए के तहत SSE/P.WAY/UKN के अनुभाग में मौजूदा 52Kg 90UTS रेल LWR 7.622KM के TRR (S), ST/WODEN/CST-9 स्लीपरों पर M+7 घनत्व के साथ 52Kg/60Kg रेल के साथ PSC स्लीपर पर इलास्टिक फास्टनिंग के साथ बिछाना और मौजूदा मानक से गहरी स्क्रीनिंग और गिट्टी की भरपाई के साथ गिट्टी कुशन को बढ़ाने का कार्य। | 44,10,207 | 88,200 | 04 महीने | 03.01.2025 |
| 5 | एडीईएन/पीटीए के तहत SSE/P.WAY/DUI & PTA के अनुभाग में मौजूदा 52Kg 90UTS रेल LWR के 1.470TKm के CTR(S) और 4.612TKm के TRR (S), ST/WODEN/CST-9 स्लीपरों पर M+7 घनत्व के साथ 52Kg/60Kg रेल के साथ PSC स्लीपर पर इलास्टिक फास्टनिंग के साथ बिछाना और मौजूदा मानक से गहरी स्क्रीनिंग और गिट्टी की भरपाई के साथ गिट्टी कुशन को बढ़ाने का कार्य। | 48,90,706 | 97,800 | 04 महीने | 03.01.2025 |

नोट :– 1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेंटों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। 2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेंट के द्वारा ही स्वीकार्य होंगे। 3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लोग ऑन करें। 4. ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास–III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। 5. जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी। 3822/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतू निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई– निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र0 सं0 | निविदा सं0 | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 19244013 | सस्पेंशन स्प्रिंग (प्राइमरी) फॉर डब्लू ए पी | 576 नग | 06-01-25 |
| 02 | 08235690 | प्रोक्योरमेंट ऑफ एम एस डी ए सी | 30 सेट | 06-01-25 |
| 03 | 09242036 | एडाप्टर | 37492 नग | 08-01-25 |
| 04 | 09242047 | मॉडिफाइड एलस्टोमेरिक | 193000 नग | 09-01-25 |
| 05 | 07243448B | प्राइमरी स्प्रिंग (आउटर) फॉर एल एच बी कोचेस | 996 नग | 09-01-25 |
| 06 | 07241373A | पी ओ एच किट (मस्ट चेंज आइटम्स) | 2323 सेट | 13-01-25 |
| 07 | 07241303 | सेमी परमानेंट कपलर | 397 नग | 13-01-25 |
| 08 | 19240537 | माइक्रोप्रोसेसर बेस्ड एनर्जी कम स्पीड मॉनिटरिंग यूनिट | 28 नग | 27-01-25 |

निविदा शर्तें– 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
टेंडर नोटिस सं0 81/2024–2025 दिनांक 13.12.2024 3823/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-प्रापण निविदा सूचना संख्याः** 211-एस/टी.एस./टेन्डर नोटिस/Trial05/2024-25
**दिनांकः** 10.12.2024

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **प्रमुख मुख्य इंजीनियर, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज** निम्नलिखित मदों के लिए ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं।

**संक्षिप्त विवरणः** Manufacturing, Supplying and Field Trial of Equipment/System for measurement/ determination of Stress Free Temperature of LWR/CWR Non Destructively based upon the Barkhausen Noise principle without need of traffic block. (Tender No. Trial0520242025 due on 02.01.2025).

| कुल मात्राः 01 सेट | अनुमानित लागतः ₹ 91,09,600/- | समापन तिथि : 14 माह |
|---|---|---|

**नोटः-** (1) उपरोक्त सभी ई-प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण IREPS की वेबसाईट **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। (2) उपरोक्त निविदाओं हेतु ई बिड के अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रारुप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। वेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको I.T. Act-2000 के अन्तर्गत CCA द्वारा जारी Class-III, Digital हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ IREPS की वेब साइट पर पंजीकृत करायें। (3) निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेंसियल रेट पेज पर ही विचारणीय हैं। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म/लेटर हेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधे तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। (4) संलग्न किए जा रहे दस्तावेंजों को निविदाकार द्वारा हस्ताक्षरित किया जाना चाहिए। (5) यह निविदा सूचना **www.ncr.indianrailways.gov.in** पर भी अपलोड की गई है। (6) स्टोर आइटम आर.डी.एस.ओ. अनुमोदित/ विकासात्मक फर्मों के लिए आरक्षित है। **2117/24(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in



**एक्शन इंडिया**

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।


# क्लासीफाइड


## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं जोकि सुरजभान पुत्र रामस्वरूप निवासी 37/8,, बादशाह रोड राम मंदिर वाली गली गनौर तहसील गनौर जिला सोनीपत बयान करता हू कि मेरा पुत्र मोनू व उसकी पत्नी कोमल रंगा मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है और दोनों अपनी मनमानी करते हैं। मैं उपरोक्त दोनों को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल और सम्बंध विच्छेद करता हुँ। आज के बाद अगर कोई भी उपरोक्त दोनों से लेनदेन या व्यवहार करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा । मेरी व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।





# दमघोंटू: खराब श्रेणी में दिल्ली की हवा

## लोगों को सांस लेने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा, खांसी-जुकाम की परेशानी हो रही

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राजधानी में मौसमी दशाओं में बदलाव आने से हवा खराब श्रेणी में बरकरार है। इससे लोगों को सांस लेने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यही नहीं, खांसी-जुकाम की परेशानी हो रही है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 262 दर्ज किया गया। 24 घंटे के भीतर 26 सूचकांक की कमी आई है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि प्रदूषकों के फैलाव के लिए मौसम संबंधी स्थितियां बेहद प्रतिकूल होने से स्थिति बिगड़ रही है। बवाना, मुंडका, जहांगीरपुरी सहित 12 इलाकों में एक्यूआई बेहद खराब श्रेणी में रहा। जबकि आनंद विहार, अशोक विहार, आया नगर समेत 16 इलाकों में एक्यूआई खराब श्रेणी में दर्ज किया गया। सीपीसीबी का पूवार्नुमान है कि शनिवार को रात के समय कुहासा छाया रहेगा। साथ ही, आसमान में हल्का स्मॉग रहेगा। ऐसे में अगले दो दिनों तक कमोबेश यही स्थिति रहने की आशंका है। वायु गुणवत्ता सूचकांक 200 के पार ही बना रहेगा।



भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के मुताबिक शुक्रवार को हवाएं उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर से चली। इस दौरान हवा की गति 14 किलोमीटर प्रतिघंटे से रही। इससे हल्का कोहरा रहा। जबकि शाम को हवा की चाल और कम हो गई, जोकि आठ किलोमीटर प्रतिघंटे रह गई। मिक्सिंग डेप्थ 950 मीटर रही।

वहीं, वेंटिलेशन इंडेक्स 8000 घनमीटर प्रति सेकंड रही। 24 घंटे के भीतर वेंटिलेशन इंडेक्स 5000 घनमीटर प्रति सेकंड रहने का अनुमान है। शनिवार को हवा विभिन्न दिशा से चलने का अनुमान है। इस दौरान हवा चार किलोमीटर प्रतिघंटे से चलेंगी। रविवार को हवा विभिन्न दिशा से चलेगी, तब तक एक्यूआई खराब श्रेणी में रहने का अनुमान है।

**स्थिति बिगड़ी**

▶▶ प्रदूषकों के फैलाव के लिए मौसम संबंधी स्थितियां बेहद प्रतिकूल होने से स्थिति बिगड़ रही है

**एनसीआर में प्रदूषित शहर का एक्यूआई**

दिल्ली-------262
गुरुग्राम-------237
ग्रेटर नोएडा----190
नोएडा-------173
गाजियाबाद----137
फरीदाबाद-----111

**(नोट: आंकड़े सीपीसीबी के मुताबिक)**






# आआपा ने नजफगढ़ से तरुण यादव को उम्मीदवार बनाया

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आआपा) ने शुक्रवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए नजफगढ़ सीट से तरुण यादव को मैदान में उतारा है। दिल्ली के पूर्व मंत्री कैलाश गहलोत पिछले विधानसभा चुनाव में नजफगढ़ से जीते थे। हाल ही में कैलाश गहलोत आआपा छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए। आआपा ने विधानसभा चुनाव के लिए आज अपनी तीसरी सूची जारी की है। हालांकि, इस सूची में केवल एक नाम है। तरुण यादव की उम्मीदवारी की घोषणा के साथ ही आआपा ने अब 70 में से 32 सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। पार्टी ने अपनी पहली सूची में 11 और दूसरी सूची में 20 उम्मीदवारों की घोषणा की थी। अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आआपा ने पिछले चुनाव में 70 में से 62 सीटें जीती थीं। दिल्ली विधानसभा के लिए चुनाव अगले साल फरवरी में होने हैं।

# दिल्ली में कुत्तों पर चाकू से हमला

**वहसीपन**

▶▶ पेटा ने संदिग्धों के बारे में कोई भी सूचना देने पर 50 हजार रुपये का इनाम देने की घोषणा की

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** पशु अधिकार संगठन पीपुल फॉर द एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनिमल्स (पेटा) इंडिया ने दिल्ली के उत्तर-पूर्वी जिले में दो आवारा कुत्तों पर चाकू से हमला करने वाले संदिग्धों के बारे में कोई भी सूचना देने पर 50 हजार रुपये का इनाम देने की घोषणा की है। पेटा के एक अधिकारी ने बताया कि कबीर नगर में दो दिन के अंतराल पर हुए हमलों में एक कुत्ता मारा गया और दूसरा घायल हो गया। अधिकारी ने बताया कि गुरुवार देर रात चाकू से हमला किए गए कुत्ते का इलाज चल रहा है जबकि शुक्रवार रात को हमला किए गए दूसरे कुत्ते की अस्पताल में मौत हो गई। उन्होंने कहा कि अपराधी अभी भी अज्ञात हैं और पुलिस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि जो कोई भी अपराधियों की पहचान कर जांच में सहायता करेगा, उसे संगठन की ओर से 50 हजार रुपये का इनाम दिया जाएगा। पेटा इंडिया की क्रूरता प्रतिक्रिया समन्वयक सुनयना बसु ने कहा, "जो लोग जानवरों के साथ दुर्व्यवहार करते हैं, वे अक्सर इंसानों को नुकसान पहुंचाते हैं। सभी की सुरक्षा के लिए लोगों को इस मामले के बारे में जो कुछ भी पता है, उसे बताना चाहिए और जानवरों के साथ क्रूरता के बारे में पुलिस को रिपोर्ट करनी चाहिए।"



पेटा इंडिया के एक बयान के अनुसार हमलों के बाद गुरुवार को वेलकम पुलिस स्टेशन में एक प्राथमिकी दर्ज की गई।संगठन ने इस बात पर भी जोर दिया कि पशु दुर्व्यवहार के दोषियों का मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन किया जाना चाहिए।

# विधायक बाल्यान को न्यायिक हिरासत में भेजा



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट की स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने मकोका मामले में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी के उत्तम नगर से विधायक नरेश बाल्यान को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। कोर्ट ने 6 दिसंबर को आज तक की पुलिस हिरासत में भेजा था। नरेश बाल्यान की पुलिस हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद कोर्ट में पेश किया गया था। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 4 दिसंबर को वसूली के मामले में नरेश बाल्यान को जमानत दे दी थी, लेकिन दिल्ली पुलिस ने तत्काल मकोका के मामले में गिरफ्तार कर लिया था। दिल्ली पुलिस ने वसूली के मामले में नरेश बाल्यान को 30 नवंबर की रात में गिरफ्तार किया था। इससे पहले भाजपा ने नरेश बाल्यान की एक ऑडियो क्लिप जारी की थी, जिसमें गैंगस्टर कपिल सांगवान उर्फ नंदू और बाल्यान के बीच बातचीत थी। इस ऑडियो क्लिप को शेयर करते हुए भाजपा ने बाल्यान पर वसूली का आरोप लगाया था। इसी ऑडियो क्लिप के आने के बाद बाल्यान को दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने पूछताछ के लिए बुलाया और पूछताछ के बाद उनको गिरफ्तार कर लिया था। दिल्ली पुलिस के मुताबिक नरेश बाल्यान और गैंगस्टर के बीच बातचीत का ये मामला 2023 का है। इसे लेकर 2023 में एफआईआर दर्ज करायी गई थी।

**आदेश**

▶▶ ऑडियो क्लिप को शेयर करते हुए भाजपा ने बाल्यान पर वसूली का आरोप लगाया था







# पंजाब सरकार एमएसपी पर खरीदे फसल: सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 10 वर्षों में किसान हित में अनेक ऐतिहासिक कार्य किए हैं, जिससे दूसरी पार्टियों को तकलीफ हो रही है। कांग्रेस और इंडी गठबंधन के अन्य दल, प्रधानमंत्री द्वारा किसान हित में लिए गए हर निर्णय पर सवाल उठाते हैं और किसानों के नाम पर राजनीति करते हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार किसानों की सभी फसलों को एमएसपी पर खरीद रही है और लगातार किसानों को सशक्त करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने पंजाब सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पंजाब सरकार अपने किसानों की फसल एमएसपी पर खरीदे। जब पंजाब के किसानों को किसी प्रकार की समस्या आ रही है तो पंजाब सरकार को आगे आकर ये घोषणा करनी चाहिए कि वे किसान की सारी फसलें




एमएसपी पर खरीदेंगे। मुख्यमंत्री आज चंडीगढ़ के सेक्टर-35 स्थित किसान भवन में आयोजित क्राफ्ट मेले का उद्घाटन करने उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

**एक देश-एक चुनाव से देश में विकास कार्य तेज गति से होंगे**

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय कैबिनेट द्वारा एक देश-एक चुनाव को मंजूरी देने के निर्णय को स्वागत योग्य बताते हुए कहा कि इस निर्णय से पैसे की बचत के साथ-साथ समय की भी बचत होगी, जिससे आमजन को तो बड़ा लाभ होगा ही, वहीं देश में विकास के कार्य भी तेज गति से होंगे और वर्ष 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बनेगा।

**दिल्ली के लोग इंतजार कर रहे हैं, जब वहां चुनाव होगा, तो आम आदमी पार्टी का सूपड़ा साफ हो जाएगा**

पंजाब के मुख्यमंत्री के एक देश-एक चुनाव से क्षेत्रीय पार्टियों को नुकसान होने वाले बयान पर जवाब देते हुए नायब सिंह सैनी ने कहा कि पंजाब की जनता की जो



अपेक्षाएं थी, वहां की सरकार उसे पूरा नहीं कर पाई। दिल्ली में आप के नेता भ्रष्टाचार के मामले में जेल में है। जनता इन्हें सत्ता में इसलिए लाई थी कि ये पारदर्शी शासन देंगे, लेकिन कोई काम नहीं किया। उन्होंने नसीहत देते हुए कहा कि आप के नेता लोगों के जीवन में सुधार की बात करें। दिल्ली को स्वच्छ पानी दें, यमुना को स्वच्छ करें। इनकी राजनीति को अब लोग समझ चुके हैं। दिल्ली के लोग इंतजार कर रहे हैं, जब वहां चुनाव होगा, तो आम आदमी पार्टी का सूपड़ा साफ हो जाएगा।

**कांग्रेस को देश की जनता ने नकार दिया, उसी का परिणाम हरियाणा और महाराष्ट्र में कांग्रेस का सूपड़ा साफ हुआ**

मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस को अब देश की जनता ने नकार दिया है। क्योंकि कांग्रेस के नेता झूठ बोलते हैं और झूठ बोल कर कांग्रेस ने हिमाचल, कर्नाटक व तेलंगाना में सत्ता हासिल की। लेकिन वहां की सरकार ने लोगों के हित में कोई काम नहीं किया।

**मांग**

⏩ प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले 10 वर्षों में किसान हित में किए अनेक ऐतिहासिक कार्य: सीएम सैनी

उसी का परिणाम है कि हरियाणा और महाराष्ट्र में कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया है।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा और महाराष्ट्र में जनता ने इस बात पर मुहर लगाई है कि वर्ष 2029 में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चौथी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि आज देश मजबूती से आगे बढ़ रहा है और देश के हर वर्ग के कल्याण के लिए कार्य किया जा रहा है। किसानों, गरीब, युवाओं और महिलाओं को सशक्त किया जा रहा है।

# मुख्यमंत्री ने चंडीगढ़ में किया क्राफ्ट प्रदर्शनी का उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज चंडीगढ़ के सेक्टर-35 स्थित किसान भवन में आयोजित क्राफ्ट प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के विजन में हस्तशिल्पियों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इसके लिए केंद्र सरकार ने पीएम विश्वकर्मा योजना चलाई है, जिसके तहत पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को उनके पारंपरिक उत्पादों और सेवाओं को बढ़ाने में सरकार की ओर से सहायता प्रदान की जा रही है। कारीगरों के कौशल को निखारने के लिए कौशल प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार भी प्रधानमंत्री के इसी विजन को आगे बढ़ा रही है और प्रदेश में शिल्पकारों को सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध करवा रही है। नायब सिंह सैनी ने कहा कि क्राफ्ट रूट्स संस्था द्वारा आयोजित इस प्रदर्शनी ने हस्तशिल्पियों को अपनी कला को प्रदर्शित करने का बेहतरीन मंच प्रदान किया है। इस संस्थाह ने लगभग 75,000 युवाओं और महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में निपुण किया है।

उन्होंने कहा कि भारत विविधताओं का देश है। यहाँ हर प्रांत, हर क्षेत्र और हर समुदाय की अपनी विशिष्ट कला और शिल्प परंपरा है। क्राफ्ट रूट्स संस्था ने इन सभी परंपराओं को एक छत के नीचे लाने का सराहनीय प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि यह केवल प्रदर्शनी का मंच नहीं है, बल्कि यह उन कारीगरों और शिल्पकारों के सम्मान का प्रतीक है, जो अपने जीवन के हर पल को शिल्प को समर्पित करते हैं।

## न्यूज फ्लैश

### घग्गर नदी का पानी न पीने योग्य और न ही सिंचाई के योग्य: कुमारी सैलजा

**चंडीगढ़: अखिल** भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि घग्गर नदी का पानी न तो पीने योग्य है और न ही सिंचाई के योग्य क्योंकि हरियाणा राज्य में कुल घुलित ठोस पदार्थ (टीडीएस) 198-1068 मिलीग्राम प्रति लीटर (एमजी/एल) और पंजाब में 248-2010 मिलीग्राम/एल की सीमा में देखे गए। इतना ही नहीं दोनों ही राज्यों का दावा है कि उनके राज्यों में सीवेज उपचार क्षमता सृजित की गई है। सांसद सैलजा ने संसद में जल शक्ति मंत्री के समक्ष घग्घर नदी को लेकर कुछ सवाल उठाए थे जिसके जवाब में मंत्री ने साफ कहा कि इस नदी का पानी पीने और सिंचाई के योग्य नहीं है। सांसद कुमारी सैलजा ने संसद में जल शक्ति मंत्री से पूछा था कि क्या पंजाब, हिमाचल प्रदेश और हरियाणा के कुछ हिस्सों से गुजरने वाली घग्गर नदी का पानी पीने और सिंचाई के लिए उपयुक्त है और यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है; क्या उक्त नदी के पानी का परीक्षण किया गया है और यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है और इसका टीडीएस स्तर क्या है; क्या उक्त नदी प्रदूषित/दूषित पाई गई है और इसका पानी पीने और सिंचाई के लिए अनुपयुक्त है और यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है और इस मुद्दे को हल करने की क्या योजना है? इसके जवाब में जल शक्ति मंत्री ने कहा कि नवंबर 2022 में सीपीसीबी द्वारा प्रकाशित अंतिम रिपोर्ट के अनुसार, घग्गर नदी पर दो प्रदूषित खंड; पंजाब और हरियाणा राज्यों में एक-एक खंड की पहचान की गई है। वर्ष 2023 के लिए घग्गर नदी के जल गुणवत्ता निगरानी परिणामों के आधार पर, सीपीसीबी ने सूचित किया है कि हरियाणा राज्य में कुल घुलित ठोस पदार्थ (टीडीएस) 198-1068 मिलीग्राम प्रति लीटर (एमजी/एल) और पंजाब में 248-2010 मिलीग्राम/एल की सीमा में देखे गए। साथ ही, घग्गर नदी इस अवधि के दौरान वर्ग ई (सिंचाई, औद्योगिक शीतलन) के लिए नामित सर्वोत्तम उपयोग जल गुणवत्ता मानदंड का अनुपालन करती पाई गई। सतही जल, जल की गुणवत्ता के आधार पर, इसे पीने के प्रयोजनों के लिए उपयुक्त बनाने के लिए पारंपरिक उपचार और कीटाणुशोधन की आवश्यकता होती है। मंत्री ने कहा कि राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों और स्थानीय निकायों की यह प्राथमिक जिम्मेदारी है कि वे प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण के लिए प्राप्तकर्ता जल निकायों या भूमि में निर्वहन करने से पहले सीवेज और औद्योगिक अपशिष्टों का आवश्यक उपचार सुनिश्चित करें। देश में गैर-गंगा बेसिन में नदियों के संरक्षण के लिए, यह मंत्रालय राष्ट्रीय नदी संरक्षण योजना की केंद्र प्रायोजित योजना के तहत वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान करके राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के प्रयासों को पूरक बना रहा है। इस योजना के तहत घग्गर नदी के संरक्षण के लिए पंजाब के विभिन्न शहरों में प्रतिदिन 15 मिलियन लीटर (एमएलडी) सीवेज उपचार क्षमता सृजित की गई। पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने बताया कि घग्गर नदी के जलग्रहण क्षेत्र में आने वाले शहरों से निकलने वाले गंदे पानी के उपचार के लिए 291.7 एमएलडी की कुल क्षमता वाले 28 एसटीपी स्थापित किए गए हैं।

### विस अध्यक्ष के सम्मान में होगा भव्य समारोह

**चंडीगढ़:** रिटायर्ड कॉलेज प्रिंसिपल्स एण्ड टीचर्स फैडरेशन हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण के सम्मान में विशेष समारोह का आयोजन करने जा रही है। यह सम्मान समारोह 15 दिसम्बर को करनाल के डीएवी पीजी कॉलेज में होगा। समारोह में शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा और करनाल जिले के विधायक भी मौजूद रहेंगे। फैडरेशन का गठन वर्ष 2012 में हुआ था। तब से यह संगठन एडिड कॉलेजों से सेवानिवृत प्राध्यापकों के हितों की रक्षा के लिए काम कर रहा है। हरियाणा में फैडरेशन के 700 से अधिक सदस्य हैं।

### विस अध्यक्ष कल्याण ने किया गुजरात विधान सभा का दौरा

**चंडीगढ़: हरियाणा** विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने शुक्रवार को गुजरात विधान सभा पहुंच वहां के विस अध्यक्ष शंकर भाई चौधरी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों पीठासीन अधिकारियों के बीच विधायी कामकाज, संसदीय कार्यप्रणाली और अनेक परम्पराओं पर व्यापक चर्चा हुई। हरियाणा विस अध्यक्ष ने गुजरात विधान सभा के सदन समेत विधान परिसर का भी दौरा किया। इस दौरान उन्होंने गुजरात विधान सभा में कमेटियों की कार्य प्रणाली, विधायी कामकाज तथा वहां किए जा रहे अभिनव प्रयोगों के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने राष्ट्रीय ई विधान एप्लिकेशन नेवा सेवा केंद्र का भी मुआयना किया। कल्याण ने गुजरात विधान सभा में प्रयोग की जा रही तकनीकों और संसाधनों के बारे में भी संबंधित स्टाफ से बातचीत की।

# हरियाणा से राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुनी गयीं रेखा शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** राष्ट्रीय महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष रेखा शर्मा हरियाणा से राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित हुई हैं। उनके मुकाबले में किसी ने भी नामांकन नहीं किया था। इस सीट का कार्यकाल 01 अगस्त 2028 तक है। रेखा शर्मा छह महीना पहले भाजपा में शामिल हुई थीं। राज्यसभा की इस सीट पर उपचुनाव कृष्ण लाल पंवार के इसराना से विधायक निर्वाचित होने के बाद राज्यसभा सदस्यता से इस्तीफा देने के चलते कराया गया। पंवार जून 2022 में इस सीट से राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुए थे। रेखा शर्मा ने 10 दिसंबर को मुख्यमंत्री नायब सैनी तथा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली व अन्य नेताओं की मौजूदगी में नामांकन किया था। 11 दिसंबर को नामांकन पत्रों की जांच की गयी। शुक्रवार को नाम वापसी के अंतिम दिन रेखा शर्मा को निर्विरोध निर्वाचित होने की घोषणा की गयी। निर्वाचन अधिकारी ने उनको जीत का प्रमाण पत्र सौंपा। रेखा शर्मा से पहले पांच महिलाएं हरियाणा से राज्यसभा में पहुंच चुकी हैं। हरियाणा में सर्वप्रथम अप्रैल 1990 में भाजपा की सुषमा स्वराज और जनता दल (एस) से विद्या बेनीवाल राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुए थे।

# दिल्ली मेट्रो स्टेशनों पर मिलेंगे सूरजकुंड मेले के टिकट

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा टूरिज्म कॉरपोरेशन ने दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) के साथ दिल्ली में एक ऐतिहासिक समझौते ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। यह साझेदारी आगामी 38वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय क्राफ्ट्स मेले की लोकप्रियता और पहुंच को बढ़ाने के लिए की गई है। सूरजकुंड मेगा सांस्कृतिक उत्सव 7 से 23 फरवरी 2025 तक सूरजकुंड, फरीदाबाद में आयोजित होगा और मेले में लाखों देशी और विदेशी दर्शकों के आने की उम्मीद है। ज्ञापन समझौते के तहत, दिल्ली मेट्रो को सूरजकुंड मेले के टिकट मोमेंटम 2.0



दिल्ली सारथी मोबाइल ऐप, मेट्रो स्टेशन्स एवं मेले स्थल पर बने टिकट काउंटरों के माध्यम से बेचने की अनुमति दी गई है। दिल्ली मेट्रो रेल कारपोरेशन मेले के गेट पर विशेष टिकट काउंटर भी संचालित करेगा। इससे आगंतुकों के लिए टिकट खरीदने की प्रक्रिया सहज और सुविधाजनक हो जाएगी। दिल्ली मेट्रो मेले की ओर से दृश्यता बढ़ाने के लिए घोषणाएं की जाएँगी, पैसेंजर इंफॉर्मेशन डिस्प्ले सिस्टम पर स्क्रॉलिंग संदेश फ़्लैश होगा और मेट्रो स्टेशन्स पर एलईडी स्क्रीन पर प्रचार वीडियो प्रसारित की जाएंगी। इस साझेदारी के तहत मेले के लिए ऑनलाइन टिकट बुकिंग की सुविधा कम से कम 10 दिन पहले आरम्भ दी जाएगी। आगंतुक डीएमआरसी ऐप के माध्यम से क्यूआर कोड आधारित ई - टिकट और सामान्य तरीके से भी टिकट बुक कर सकते हैं। भुगतान के लिए यूपीआई, नकद, डेबिट और क्रेडिट कार्ड की सुविधा उपलब्ध होगी। दिल्ली मेट्रो मेले स्थल पर पार्किंग प्रबंधन की जिम्मेदारी भी निभाएगा।

**ऐतिहासिक**

⏩ 38वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय मेले के लिए हरियाणा टूरिज्म कॉरपोरेशन और दिल्ली मेट्रो का समझौता

# जिला जींद और अंबाला के उपायुक्तों द्वारा जिला उपायुक्त संगरूर को लिखा पत्र

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के जिला जींद और अंबाला के उपायुक्तों द्वारा जिला उपायुक्त संगरूर, पंजाब को पत्र लिखकर किसान नेता जगजीत सिंह दल्लेवाल को उचित मेडिकल सहायता प्रदान करने के बारे अनुरोध किया गया है। उपायुक्तों की ओर से लिखे गए पत्रों में बताया गया है कि संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनैतिक) एवं किसान मजदूर मोर्चा के नेताओं द्वारा 13 फरवरी, 2024 से शंभू बॉर्डर, अम्बाला एवं खनौरी बॉर्डर, जीन्द पर दिल्ली कूच को लेकर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। इस आंदोलन के सम्बन्ध में माननीय उच्चतम न्यायालय, दिल्ली में भी स्पेशल लीव अपील विचाराधीन है और माननीय उच्चतम न्यायालय दिल्ली द्वारा एक कमेटी भी गठित की गई है। परन्तु संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनैतिक) एवं किसान मजदूर मोर्चा के नेताओं द्वारा 6 दिसंबर, 2024 को पैदल जत्थों के रूप में शम्भू बॉर्डर अम्बाला से दिल्ली कूच का ऐलान किया गया। अब 14 दिसंबर, 2024 को दिल्ली कूच करने को लेकर शम्भू बॉर्डर पर अधिक से अधिक संख्या में किसानों को एकत्रित होने के लिए आह्वान किया जा रहा है। पत्रों में आगे लिखा है कि अपनी मांगों को लेकर जगजीत सिंह दल्लेवाल (संयुक्त किसान मोर्चा) द्वारा खनौरी बार्डर पर 26 नवंबर, 2024 से आमरण अनशन किया जा रहा है। किसान नेताओं द्वारा आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से यह ज्ञात हुआ है कि जगजीत सिंह दल्लेवाल का वजन काफी कम हो गया है और स्वास्थ्य में गिरावट आई है।

## किसानों के बारे में भाजपा सांसद जांगड़ा का बयान निदंनीय : सुनैना चौटाला

**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसार:** इनेलो महिला प्रकोष्ठ की प्रधान महासचिव एवं हिसार जिला प्रभारी सुनैना चौटाला ने भाजपा सांसद रामचन्द्र जांगड़ा द्वारा किसानों व किसान आंदोलन के संबंध में दिए गए बयान की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि इसके लिए सांसद किसानों से माफी मांगनी चाहिए क्योंकि उनकी थाली में जो रोटी आती है वो भी किसानों के कारण ही आती है। सुनैना चौटाला शुक्रवार को ताऊ देवीलाल सदन में पत्रकारों से बातचीत कर रही थी। उन्होंने कहा कि इनेलो पार्टी किसानों के साथ खड़ी है।

# मुख्यमंत्री ने जींद के 7 गावों को पानी के कनेक्शन की दी मंजूरी



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नहर आधारित पेयजल आपूर्ति योजनाओं के तहत जिला जींद के गाँव खटकर, कासून, मोहनगढ़, कुचराना कलां, थुआ और चत्तर के लिए पानी के आउटलेट कनेक्शन को मंजूरी प्रदान की है। सरकारी प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि नई नहर आधारित जलापूर्ति योजना के तहत आगामी 15 वर्षों के भीतर मौजूदा घाटे को 25 प्रतिशत से घटाकर 20 प्रतिशत पर लाया जाएगा।

**मुख्यमंत्री ने फतेहाबाद ब्रांच पर कुटियाना डिस्टी चैनल के पुनर्वास (रिहैबिलिटेशन) के लिए 1132.31 लाख रुपए की राशि को दी स्वीकृति**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने टीएल फतेहाबाद ब्रांच पर कुटियाना डिस्टी चैनल के पुनर्वास (रिहैबिलिटेशन) के लिए 1132.31 लाख रुपये (संशोधित अनुमान) की राशि को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है।इस संबंध में एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि इस चैनल के पुनर्वास का कार्य वन विभाग द्वारा वनों की कटाई के मुद्दे के कारण आज तक शुरू नहीं किया जा सका।

अब वन विभाग चैनल के रास्ते में आने वाले पेड़ों को हटाने के लिए सहमत हो गया है और वनों की कटाई का काम प्रक्रिया में है। उन्होंने बताया कि कई वर्षों से चैनल का पुनर्वास नहीं होने के कारण आसपास के गांवों के शेयरधारक अधिकृत आपूर्ति से वंचित हो रहे हैं।

### घोषणा पर त्वरित रूप से हुई कार्यवाही

**चण्डीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उजीना डायवर्सन ड्रेन पर वी आर ब्रिज के पुनः निर्माण और डी आर ब्रिज के चौड़ीकरण कार्यो के लिए 1072.67 लाख रुपए की राशि को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के तहत इस पर त्वरित रूप से कार्यवाही कर इस घोषणा को अमलीजामा पहनाने का काम किया गया है।

# कैथल नप के पांच अफसरों पर एफआईआर दर्ज कराने के विज के आदेश

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** मंत्री पद संभालने के साथ ही एक्शन मोड़ में आए अनिल विज शुक्रवार को फिर प्रशासनिक ढिलाई पर सख्त दिखाई दिए। विज शुक्रवार को कैथल जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करने पहुंचे थे और प्रदूषण मामले में लगाया जुमार्ना न भरने का मामला सामने आने पर नगर परिषद के पांच अधिकारियों के खिलाफ एफ आई आर दर्ज कराने का आदेश दे दिया। कैथल के जींद रोड स्थित राजकीय आईटीआई के सभागार में शुक्रवार को पांच महीने के बाद जिला कष्ट निवारण समिति की



बैठक हुई। इस बैठक की अध्यक्षता करने के लिए ऊर्जा, परिवहन और श्रम मंत्री अनिल पहुंचे थे। बैठक में मंत्री अनिल विज ने शहर से गुजर रही ग्योंग ड्रेन में फैली गंदगी पर लगाए गए जुमार्ना को न भरने की स्थिति में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को नगर परिषद के अफसरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए। इसके साथ ही मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर सात एकड़ जमीन दूसरे के नाम होने पर सीएससी संचालक के खिलाफ कार्रवाई के भी निर्देश दिए। बैठक में कुल 13 शिकायतों पर सुनवाई हुई, इनमें चार पुरानी और नौ नई शिकायतें शामिल रहीं। बैठक में अनिल विज काफी सख्त दिखाई दिए। उन्होंने काम की लेटलतीफी पर भी अधिकारियों को खूब फटकारा।

बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में विज ने कहा कि अब विपक्ष बौखला गया है। इसलिए ही विपक्ष की ओर से अविश्वास प्रस्ताव लाया जा रहा है। इस समय विपक्ष विपक्ष की भूमिका में नहीं दिखाई दे रहा है।

लोकसभा व राज्यसभा में गांधी परिवार अपने ऊपर आई बात को टालने के लिए ऐसी आवाज उठा रहा है।

# जजपा ने चंडीगढ़ का पार्टी मुख्यालय किया खाली, अब पंचकूला से चलेगी पार्टी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा में भाजपा के साथ गठबंधन की सरकार चला चुकी जननायक जनता पार्टी (जजपा) की राजनीतिक गतिविधियों का मुख्यालय अब चंडीगढ़ की बजाए पंचकूला होगा। शुक्रवार को चंडीगढ़ स्थित जजपा का कार्यालय को खाली करवा लिया गया है। पूर्व उप मुख्यमंत्री के पंचकूला के सेक्टर-21 स्थित निजी आवास पर यह आफिस खोले जाने की चर्चा हो रही हैं। चंडीगढ़ के सेक्टर-तीन में स्थित एक एमएलए फ्लैट में पिछले पांच साल से जजपा का मुख्यालय चलाया जा रहा था। हरियाणा में दुष्यंत चौटाला ने भाजपा के साथ मिलकर करीब साढ़े चार साल तक गठबंधन की सरकार चलाई। जजपा ने वर्ष 2019 में 10 सीटों पर चुनाव जीता था और दुष्यंत चौटाला के साथ उनकी मां नैना चौटाला भी विधायक बनी थीं। इसके बाद भाजपा को समर्थन देकर वह गठबंधन सरकार में शामिल हो गए। इस गठबंधन सरकार में दुष्यंत चौटाला को उपमुख्यमंत्री का पद मिला था। विधायक नैना चौटाला को अलाट फ्लैट में 5 साल से जजपा ने पार्टी का मुख्यालय चल रहा था। इससे पहले इस फ्लैट से इनेलो का ऑफिस चलता था। दरअसल, प्रदेश में भाजपा की नई सरकार बनने के बाद हारने वाले विधायकों से फ्लैट खाली कराए जा रहे हैं।

**खाली कराया**

⏩ पूर्व उप मुख्यमंत्री के पंचकूला के सेक्टर-21 स्थित निजी आवास पर यह आफिस खोले जाने की चर्चा हो रही

# गांवों में पॉलीथीन बैन कर जुर्माना तय करें ग्राम पंचायतें: राव नरबीर

## -हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने विभिन्न स्थानों पर सुनी जनसमस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुरुग्राम:** प्रदेश के उद्योग एवं वाणिज्य, पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि ग्राम पंचायतें गांवों में पॉलीथीन को बैन कर जुर्माना निर्धारित करें। सरकार द्वारा पॉलीथिन बनाने व बेचने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। ऐसे में ग्राम पंचायत यह सुनिश्चित करें कि गांव में कोई भी व्यक्ति पॉलीथिन का इस्तेमाल ना करे। यह बात उन्होंने शुक्रवार को बादशाहपुर क्षेत्र में धन्यवादी दौरे के दौरान गांव धानावास में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कही। कैबिनेट मंत्री का गांव सैदपुर, मोहम्मदपुर व जुडोला में पहुंचने पर फूलमालाओं व ढोल



नगाड़ों के साथ स्वागत किया। उन्होंने सभी नागरिकों से एक पेड़ मां के नाम अभियान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान करते हुए कहा कि हम सभी के सामूहिक प्रयासों से अगले पांच वर्षों में निश्चित रूप से पर्यावरण में एक सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेगा। मंत्री ने कहा कि गुरुग्राम के शहरी क्षेत्रों में जिस नई ऊर्जा के साथ विकास कार्यों को नई गति दी जा रही है। जिला के ग्रामीण क्षेत्रों में भी उसके समानांतर विकास कार्य करवाना उनकी प्राथमिकताओं की सूची में पहले स्थान पर है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि वे ग्रामीणों की समस्याओं को जानने के लिए उनके बीच पहुंचे है। अगली बार वे जब गांव में आएंगे तो उनके आने से पहले ग्रामीणों द्वारा दिए गए मांग पत्र में नियमों को पूरा करने वाली सभी परियोजनाओं पर कार्य शुरू करवा दिया जाएगा। राव नरबीर सिंह ने कहा कि वर्ष 2014 से 19 के बीच उनके कार्यकाल में विकास कार्यों की जो निर्बाध गति थी। उसी गति के साथ 2024 से 29 तक नई परियोजनाओं के माध्यम से क्षेत्र के विकास को नए आयाम दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में सबकी रायशुमारी से जो भी मांगे उनके समक्ष रखी जाएंगी, प्राथमिकता के साथ उनका निवारण करने के लिए वे प्रतिबद्ध है। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा बिजली, पेयजल, सीवर ब्लॉकेज व अन्य मूलभूत सुविधाओं की शिकायतों के संबंध में उन्होंने अधिकारियों से अगले एक माह में निवारण के निर्देश दिए।

**प्राथमिकता**

⏩ सुविधाओं की शिकायतों के संबंध में उन्होंने अधिकारियों से अगले एक माह में निवारण के निर्देश दिए

# विधायक जगमोहन आनंद ने किया ट्यूबवैल का शिलान्यास

## यह ट्यूबवैल नगर निगम की ओर से लगाया जा रहा है। निर्माण कार्य एक महीने के भीतर पूरा होने की उम्मीद

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** स्थानीय विधायक जगमोहन आनंद ने आज यहां पुरानी सब्जी मंडी में ट्यूबवैल का शिलान्यास किया। यह ट्यूबवैल नगर निगम की ओर से लगाया जा रहा है। निर्माण कार्य एक महीने के भीतर पूरा होने की उम्मीद है। नलकूप चालू होने के बाद वार्ड 12 के लोगों की पेयजल की समस्या खत्म हो जायेगी और उन्हें स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होगा। विधायक ने कहा कि जल जीवन का आधार है। पानी न केवल पीने के लिये बल्कि कृषि, उद्योग और घरेलू कार्यों के लिये भी जरूरी है। बिना जल के पेड़-पौधे, जानवर और मनुष्य जीवित नहीं रह सकते। सरकार की ओर से हर



नागरिक को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने का प्रयास जारी है। उन्होंने कहा कि जल के सही प्रयोग और बबार्दी को रोककर इसे बचा सकते हैं ताकि आने वाली पीढि ?ों के लिये जल की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। जगमोहन आनंद ने कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार हर क्षेत्र में विकास कार्य कर रही है। विकास परियोजनाओं की समीक्षा स्वयं हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री व करनाल के सांसद मनोहर लाल के नेतृत्व में करनाल शहर के अंदर लगातार अलग-अलग परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन किया जा रहा है, जिसका लाभ सीधे आमजन को मिल रहा है। विधायक ने कहा कि निगम क्षेत्र में लगाये जाने वाले चार नलकूपों के लिये 63 लाख रुपये की राशि मंजूर हुई। अन्य एक नलकूप वार्ड

**लोगों में खुशी**

**नलकूप चालू होने के बाद वार्ड 12 के लोगों की पेयजल की समस्या खत्म हो जायेगी**

12 में कर्ण गेट बूस्टर के पास और दो वार्ड 15 में लगाये जायेंगे। गर्मियों में लोगों को पेयजल संकट का सामना नहीं करना पड़ेगा।

इस मौके पर मुदित आर्य, सतीश कश्यप, विकास महंत, परविंद्र सिंह लाड्डी, सुशांक शर्मा, रवींद्र कश्यप, नंदलाल, मनमीत बाबा, ललित डाबरा, अजय कश्यप, कृष्ण, दिनेश तनेजा आदि मौजूद थे।

# स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन में पानी को साफ करने के हो रहे स्मार्ट प्रयोग

**इनोवेटिव**

**जोधपुर आइआइटी की शिवा सूर्या पीएम टीम ने इनोवेटिव पेपर बनाया है**




**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन के सातवें संस्करण में युवा जल संरक्षण एवं भूमि सुधार के लिए स्मार्ट प्रयोग कर रहे हैं। हरियाणा के नोडल सेंटर पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी (पाइट) में देश के अलग-अलग राज्यों से छात्र प्रोजेक्ट बना रहे हैं। जोधपुर आइआइटी की शिवा सूर्या पीएम टीम ने इनोवेटिव पेपर बनाया है। इस पेपर पर केमिकल युक्त सेंसर लगा हुआ है। इसे अगर पानी में डालेंगे तो यह बता देगा कि पानी साफ है या दूषित है। अगर पानी में खतरनाक स्तर पर बैक्ट्रीरिया होता है तो कागज का रंग बदलकर नीला हो जाएगा। दो से तीन मिनट में यह परिणाम दे देता है। इस पेपर स्ट्रिप की कीमत 25 से 35 रुपये आती है। खास बात ये है कि ये पेपर पर्यावरण को प्रदूषित नहीं करता। इसे आसानी से नष्ट किया जा सकता है। सीवर ट्रीटमेंट प्लांट के बारे में आपने सुना होगा। जहां पर सीवर का पानी साफ होता है। इस प्लांट को लगाने के लिए काफी बड़ी जगह चाहिए होती है क्योंकि पानी को कई सारे पाइप से गुजारना पड़ता है। एक सीवर ट्रीटमेंट अगर पांच एकड़ में लगता है तो चेन्नई के छात्रों ने ऐसा प्रोजेक्ट बनाया है, जिसमें आधा एकड़ जमीन की ही जरूरत होगी। श्री शिवसुब्रमण्य नादर कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के छात्र यह प्रोजेक्ट लेकर आए हैं। चेन्नई के छात्र-छात्राओं ने ग्रे एवं ब्लैक वाटर को ट्रीट करने के लिए प्रोजेक्ट बनाया है। रेट्रो वेव्स प्योरिफायर टीम ने पोटेशियम का कार्बो नैनो पार्टिकल के साथ प्रयोग किया है। इडीआइ मैथ्ड लगाकर अपने प्रोजेक्ट को ऑटोमेशन एवं डिजिटल कर दिया है। नैनो पार्टिकल को रीजेनरेट कर देते हैं।

# प्री लिटिगेशन मुकदमों के लिए लोक अदालत आयोजित




**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष चंद्रशेखर के मार्गदर्शन में स्थाई लोक अदालत करनाल द्वारा शुक्रवार को प्री लिटिगेशन स्टेज के मुकदमों के लिए लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस लोक अदालत के बेंच मे स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष ए के जैन और सदस्य मीनाक्षी शामिल थे।

मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इरम हसन ने लोक अदालत मे शामिल बैंकों व कम्पनियों के मैनेजरों से बातचीत की और उन्हें इस लोक अदालत के जरिए अधिकतम मुकदमों का निपटारा करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि इस लोक अदालत में 352 मुकदमे प्री लिटिगेशन स्टेज पर रखे गए,

**निपटारा**

**लोक अदालत के जरिए अधिकतम मुकदमों का निपटारा करने के लिए प्रोत्साहित किया**

जिसमें बाद दोपहर तक 53 मुकदमों का निपटारा किया गया था।

सीजेएम ने बताया कि जिला न्यायालय में 14 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है, जिसमें कोई भी व्यक्ति अदालत में लम्बित मुकदमे रखकर उनका फैसला करवा सकता है।

अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 0184-2266138 व नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 पर संपर्क कर सकते हैं।

# उपमंडल और जिला स्तर पर समाधान शिविर जारी

**शिविर**

**एसडीएम अनुभव मेहता व सीटीएम शुभम की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जिला में लघु सचिवालय सहित सभी उपमंडल कार्यालयों में हर कार्यदिवस में समाधान शिविरों का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज लघु सचिवालय के सभागार में एसडीएम अनुभव मेहता व सीटीएम शुभम की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। ऐसे ही शिविर संबंधित एसडीएम की अध्यक्षता में नीलोखेड़ी, इन्द्री, असंध और घरौंडा में भी आयोजित किए गए। उपायुक्त ने बताया कि लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में पांच शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से एक शिकायत का निपटारा कर दिया गया। तीन शिकायतें लंबित हैं, जबकि एक शिकायत रद्द कर दी गई।

इंद्री उपमंडल में एक शिकायत प्राप्त हुई, जिसका मौके पर ही समाधान कर दिया गया है। घरौंडा उपमंडल में तीन शिकायतें प्राप्त हुई, जो अभी लबिंत है। उपमंडल असंध व नीलोखेड़ी में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई ।

उन्होंने बताया कि इन समाधान शिविरों में परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी, जमीन की रजिस्ट्री, शहरी निकाय विभाग से एनडीसी लेने, नक्शे की मंजूरी, पेंशन, राशन कार्ड एवं सार्वजनिक वितरण व्यवस्था, अपराध, बिजली-पानी संबंधी आदि शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया जा रहा है।

जिला में प्रॉपर्टी आईडी व स्वामित्व से संबंधित समस्याओं के निवारण के लिए नगर निगम, नगर पालिका व बीडीपीओ कार्यालयों में भी समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं।

# व्यक्तिगत समस्या समझकर समाधान करें अधिकारी



**टीम एक्शन इंडिया**

**समालखा: जन** समस्याओं के निवारण हेतु हरियाणा सरकार द्वारा संचालित समाधान शिविरों के माध्यम से नागरिकों की शिकायतों के समाधान हेतु प्रशासन जी जान से जुटा हुआ है। शुक्रवार को समालखा उपमंडल कार्यालय में आयोजित हुए शिविर में गांव मिजार्पुर निवासी शिकायतकर्ता ने अपनी शिकायत में बताया कि उनकी गली में अवैध रूप से कई रैंप डाल रखे हैं। गली की चौड़ाई पहले से ही बहुत कम है। जिस से गली में डाले गए रैंपो के कारण गली बिल्कुल बंद होने के कगार पर है।

# संसद पर आतंकी हमले की 23वीं बरसी पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**टीम एक्शन इंडिया**

**गोहाना।** शहर के पुराना बस स्टैंड स्थित शहीद स्मारक पर भारत के संसद पर आतंकी हमले की 23 वीं बरसी पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता समाजसेवी गुलाब खान रहे। उन्होंने कहा आतंकियों ने 13 दिसंबर 2001 को भारत की संसद को निशाना बनाया था। इस आतंकी हमले का मुख्य आरोपी मोहम्मद अफजल गुरु था। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को सुरक्षित रखने के लिए बहादुर सुरक्षाकर्मियों ने अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया, लेकिन आतंकियों को उनके नापाक मंसूबों में कामयाब नहीं होने दिया श्रद्धांजलि समारोह की अध्यक्षता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के निदेशक डॉक्टर सुरेश सेतिया ने की। उन्होंने कहा संसद भवन पर हुए इस हमले में सुरक्षा बलों ने सभी आतंकियों को मार गिराया था। इस मुठभेड़ में दिल्ली पुलिस के छह जवान, तीन सुरक्षाकर्मी और एक माली शहीद हो गए थे। जिनको श्रद्धांजलि व्यक्त की गई।

**याद किया**

**आतंकियों ने 13 दिसंबर 2001 को भारत की संसद को निशाना बनाया था। मुख्य आरोपी मोहम्मद अफजल गुरु था**

श्रद्धांजलि समारोह में आजाद सिंह दांगी, मास्टर रमेश मेहता, सतवीर पोडिया ,मदनलाल अत्री, अजमेर शर्मा, पूर्ण सिंह पटवा व रईसुद्दीन खान मौजूद थे।

# असंध की जनता मेरा परिवार, विकास में नहीं रहने दी जाएगी कोई कमी: योगेंद्र

**विकास कार्य**

**हर समस्या से भली-भांति परिचित हूं, जिनका डबल इंजन की सरकार तेज रफ्तार से समाधान करेगी**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** विधायक योगेंद्र राणा ने कहा कि असंध की जनता मेरा परिवार है। यहां की हर समस्या से भली-भांति परिचित हूं, जिनका डबल इंजन की सरकार तेज रफ्तार से समाधान करेगी और असंध के विकास में कोई कमी नहीं रहने देगी। धन्यवादी दौरे के दौरान विधायक योगेंद्र राणा गांव जयसिंहपुरा में आयोजित जनसभा में बोल रहे थे। विधायक योगेंद्र राणा अपने प्रस्तावित दौरा कार्यक्रम के तहत प्रदेश में तीसरी बार भाजपा सरकार चुने जाने को लेकर गांव-गांव पहुंचकर विधानसभा क्षेत्र की जनता का धन्यवाद कर रहे हैं। धन्यवादी दौरे के दौरान विधायक का गांवों में गर्मजोशी के साथ स्वागत किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आगामी 26 दिसंबर को असंध में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में एक विशाल रैली का आयोजन होगा, जिसकी तैयारियों को लेकर विधायक ने पार्टी कार्यकर्ता, मूनक ब्लॉक के सरपंच व ब्लॉक समिति के सदस्यों की बैठक ली और उनको जिम्मेदारी सौंपी।

उन्होंने आह्वान किया कि इस रैली में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचें और प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री का गर्मजोशी के साथ स्वागत करें। जितनी ज्यादा संख्या रैली में पहुंचेगी उतने ही विश्वास के साथ असंध क्षेत्र के लोगों की मांगों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा जाएगा।

विधायक ने असंध की जनता का विधानसभा चुनाव के दौरान अपार समर्थन, सम्मान और आशीर्वाद देने के लिए आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि यह जीत मेरी न होकर असंध के सभी लोगों की जीत है, जिनके अथक प्रयास से यह संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने लगातार प्रदेश में बहुमत हासिल करके प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनाने का इतिहास रचने का काम किया है। यह भाजपा के लिए गर्व का विषय है। इस जनादेश की गूंज दूर-दूर तक है।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष संजय राणा, बीडीपीओ मूनक प्रशांत, बल्ला मंडल अध्यक्ष अमित राणा, असंध मंडल अध्यक्ष राम अवतार, असंध ब्लॉक समिति चेयरमैन प्रतिनिधि विक्रमजीत सिंह, मूनक ब्लॉक समिति चेयरमैन जितेंद्र संधू, वाइस चेयरमैन अजय कुमार, अजय बंबरेहड़ी, सरपंच पबाना विजय पाल, सुरजीत सरपंच बाल, रोहित पांचाल बल्ला, परवीन मूनक, तीजों देवी, सुरेंद्र कश्यप पाढ़ा, संजय पाल कुरलान, राजेश आर्य पाढ़ा, सुरेंद्र सरपंच रहाड़ा, जयबीर सरपंच सालवन, पूर्व चेयरमैन दीपक छाबड़ा आदि मौजूद रहे।

# विधायक जगमोहन आनंद ने सुनी जनसमस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** विधायक जगमोहन आनंद ने शुक्रवार को अपने कैंप आवास पर आमजन की समस्याओं को सुना। इस दौरान उन्होंने एक-एक व्यक्ति की समस्या पर संज्ञान लिया और संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का गरीब व्यक्तियों को लाभ मिल रहा है। सरकार के दरवाजे 24 घंटे लोगों की सेवा के लिए खुले हैं। लोगों की समस्याओं के समाधान के प्रति वे गंभीर है, वह हमेशा उनके हितों के बारे में



चिंतन करते रहते हैं। करनालवासियों की खुशहाली के लिए लोगों की समस्याओं दूर होना आवश्यक है। अधिकारी इसमें रुचि लेकर कम से कम समय में लोगों की समस्याओं का समाधान करें।

उन्होंने कहा कि करनाल की जनता ने उन्हें विधायक चुनकर हरियाणा विधानसभा पहुंचाया है।

**दिशा-निर्देश**

**एक-एक व्यक्ति की समस्या पर संज्ञान लिया और विभाग के अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए**

यह जिम्मेदारी वह बखूबी निभाएंगे और करनाल से जुड़ी समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करवाएंगे। उन्होंने कहा कि करनाल के सांसद व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल भी समस्याओं के संबंध में गंभीर है। यदि कोई विशेष समस्या सामने आती है तो तत्काल वे भी संज्ञान लेते हैं।

# विजय कुमार ने संभाला वरिष्ठ कमांडेंट का पदभार

**पानीपत/ ( कमाल हुसैन )**

**रिफाइनरी** स्थित केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल इकाई पानीपत रिफाइनरी में विजय कुमार ने वरिष्ठ कमांडेंट का पदभार संभाल लिया। इससे पहले विजय कुमार रिफाइनरी में ही कमांडमेंट के पद पर तैनात थे। वरिष्ठ कमांडेंट विजय कुमार ने बताया कि उन्होंने 1997 में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में सब इंस्पेक्टर का पदभार संभाला था। 2008 में उन्होंने परीक्षा उत्तीर्ण कर सहायक कमांडेंट पद पर पदोन्नति पाई थी। अब उन्होंने वरिष्ठ कमांडेंट के पद पर पदोन्नति मिली है।

# सैर सपाटे पर निकले शिक्षक को हथवाला रोड पर अज्ञात कार ने मारी टक्कर, मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**समालखा** की सड़कों पर तेज रफ्तार वाहनों का कहर रूकने का नाम नही ले रहा है। आये दिन सडक हादसे में हो रहे हैं। इसी कडी शुक्रवार सुबह हथवाला रोड पर सैर कर रहे एक शिक्षक को तेज रफ्तार कार ने पीछे से जोरदार टक्कर मारी जिससे शिक्षक की मौत हो गई। शिक्षक की पहचान गांव छदिया युसुफपुर वासी रमेश कुमार के रूप में हुई है जो जौरासी रोड स्थित गीता स्कूल में पढाता था तथा हाल में हथवाला रोड पर गांधी कालोनी में रहता था।



शिक्षक रमेश के पड़ोसी संजीव ने मुकदमा दर्ज कराया है। हथवाला रोड स्थित गांधी कालोनी निवासी संजीव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पडोसी शिक्षक रमेश के साथ रोजाना की तरह सुबह करीब 6 बजे हथवाला रोड पर सैर करके घर वापस लौट रहे थे जैसे ही हम शिव इंटरप्राइजेज से थोड़ा आगे निकले तो पीछे से तेज गति से आ रही एक अज्ञात कार चालक ने टक्कर मार दी ओर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। वह पीछे से आ रही दूसरी कार में डालकर साथी शिक्षक को समालखा अस्पताल ले गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने संजीव की शिकायत पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया,ओर शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया।

# सावित्रीबाई फूले को समर्पित होगा नैशनल प्राइड वूमेन अवॉर्ड

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन द्वारा नववर्ष 2025 का आगाज देश की सशक्त महिलाओं के सम्मान से किया जाएगा। फेडरेशन द्वारा देश की महान नारी सावित्री बाई फूले की जयंती पर 3 जनवरी 2025 को प्रातः 11 बजे डिवेंचर होटल में सावित्री बाई फूले जयंती एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर देश के विभिन्न राज्यों की विभिन्न क्षेत्रों की सशक्त महिलाओं को नैशनल प्राइड वूमेन अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर एक बैठक फेडरेशन के नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा की अध्यक्षता में आयोजित




हुई। नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि नैशनल प्राइड वूमेन अवॉर्ड के लिए कोई भी सशक्त महिला अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए आवेदन कर सकते हैं। वह अपना आवेदन 9215050005 नंबर पर व्हाट्सएप द्वारा भी भेज सकते हैं। उन्होंने कहा कि लगातार कई वर्षों से वह सावित्री बाई फूले की जयंती पर कार्यक्रमों का आयोजन कर रहे हैं और उसी कड़ी में 3 जनवरी को नैशनल प्राइड वूमेन अवॉर्ड समारोह का भव्य आयोजन महिलाओं के सम्मान के लिए किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सावित्री बाई फूले भारत देश की पहली महिला शिक्षिका थी, वह एक समाज सुधारक शिक्षाविद और कवियत्री थी। सावित्री बाई फूले ने महिलाओं के अधिकारों के लिए बहुत से कार्य किए। उन्होंने छुआछूत, सती प्रथा और बल विवाह जैसी कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाई। सावित्रीबाई ने महिलाओं के लिए शिक्षा की अलख जगाई और उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने में मदद की।

**भव्यता होगी**

**3 जनवरी को डिवेंचर होटल में सावित्री बाई फूले जयंती एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा**

# गंडासी से चोट मारने मामले में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत/ ( कमाल हुसैन)**

थाना इसराना प्रभारी सब इंस्पेक्टर विनोद ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने मामले में पहले गिरफ्तार हो चुके अपने साथी आरोपी साहिल व फरार एक अन्य साथी आरोपी के साथ मिलकर गंडास से चोट मारने की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। गहनता से पूछताछ करने व वारदात में प्रयुक्त गंडास बरामद करने के लिए पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश कर 1 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया।

प्रयुक्त एक गंडास बरामद कर पूछताछ के बाद आरोपी साहिल को माननीय न्यायालय में में पेश कर जेल भेजा जा चुका है।

## संपादकीय

# एशिया,यूरोप और नाटो के शक्ति संतुलन में भारत की भूमिका

**रूस में** यूक्रेन पर आक्रमण कर के अमेरिका तथा यूरोपीय देशों के नाक में दम कर के रखा है' रूस का कहना है कि यदि यूक्रेन में नाटो देश अपनी सेना का लश्कर उतारेगा तो नाटो देश को भुगतना पड़ेगा' इसी श्रृंखला मैं इसराइल ने फिलीस्तीन लेबनान और ईरान पर अपना रोड रूप दिखाना शुरू कर दिया है इजराइल में हम आपका फिलिस्तीन को को लगभग नेस्तनाबूत कर दिया है, इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस नेम इजरायल के राष्ट्र प्रमुख नेताओं के खिलाफ सामूहिक हत्याकांड का प्रकरण दर्ज किया है पर इजरायल को इससे ज्यादा फर्क नहीं पड़ा तो दुगनी ताकत से हमास फिलिस्तीन लेबनान और ईरान पर लगातार हमला कर रहा है लाखों नागरिक और सैनिकों की मौत भी हो गई है। चीन ने प्रशांत क्षेत्र में अपने कई युद्धपोत उतारकर नाटो देशों में खलबली मचा रखी है। अमेरिका की चीन से खाटी दुश्मनी जगजाहिर है अब चीन की ज्यादती ऊपर अंकुश लगाने के लिए अमेरिका तथा नाटो देश बहुत गहरी चिंता में पड़ गए हैं' यह भी तय है एशिया में चीन की टक्कर में अब भारत एक नई शक्ति के रूप में उभर रहा है और भारत की सामरिक शक्ति का सहयोग लेने के लिए नाटो देश और अमेरिका भारत को हर तरह से घेरने की तैयारी में है। अब डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के साथ ही अमेरिका और भारत के नए समीकरण बनने के कगार पर हैं भारत एशिया की चीन के बाद दूसरी महाशक्ति बन चुका है और अमेरिका तथा नाटो देश ने भारत के साथ एशिया में शक्ति संतुलन बनाने की पूरी योजना तैयार कर ली है और इसी कार्यक्रम में भारत को नाटो प्लस में शामिल होने का प्रस्ताव भी दिया गया है। उल्लेखनीय है कि नाटो में कुल 31 देश शामिल है और नाटो प्लस इसके एक एक्सटेंशन की तरह ही है आपको बता दें की नाटो प्लस में शामिल पांच देश वर्तमान में है जिनमें ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, इजराइल, जापान ,दक्षिण कोरिया शामिल है और यह देश अपने-अपने हितों के कारण नाटो प्लस तथा अमेरिका से जुड़े हुए हैं। जाहिर है कि इसमें एक भी अटलांटिक देश शामिल नहीं है' नाटो प्लस में सम्मिलित देशों को सामूहिक सुरक्षा के दायरे में रखा गया है सुरक्षा कवच के तहत यह सामूहिक अवधारणा है कि इन देशों पर यदि कोई दूसरा देश आक्रमण करता है तो यह माना जाएगा की वह इन सदस्य देशों पर हमला कर रहा है और उसकी सुरक्षा की पूरी जिम्मेदारी नाटो देशों की होगी पर नाटो प्लस के देशों को सुरक्षा कवच के दायरे से बाहर रखा गया है। इन देशों को सामरिक सूचनाएं और सामरिक सहयोग प्रदान नाटो देश करता रहेगा 'दूसरी तरफ नाटो देश और अमेरिका हमेशा युद्ध के समय सदस्य देशों को यूक्रेन की तरह धोखा देने में माहिर होने के लिए जगजाहिर हो चुके हैं ऐसे में भारत को नाटो प्लस में शामिल होने के लिए कई बार विचार करना पड़ेगा' वैसे नाटो प्लस में शामिल होने के लिए अभी केवल अमेरिकी सांसदों का प्रस्ताव ही पारित हुआ है और अमेरिकी सरकार का पक्का प्रस्ताव भारत को नहीं मिला है' पिछले 5 वर्षों से भारत नई शक्ति के रूप में तेजी से शक्तिशाली हुआ है और अमेरिका तथा यूरोपीय देश भारत को एशिया की चीन के बाद दूसरी बड़ी शक्ति मान कर उसे अपनी तरफ शामिल करने के लिए काफी हद तक इच्छुक हैं' भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आगामी अमेरिका यात्रा पर पूरी दुनिया की नजरें टिकी हुई है।

# डिब्बाबंद भोजन के खिलाफ जागरूक होने की जरूरत



डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी

"जंक, फास्ट और डिब्बाबंद खाने के बजाय ज्यादा से ज्यादा क्षेत्रीय खानपान पर ध्यान दें। आहार में अपने क्षेत्र विशेष के अनुसार मोटा अनाज, छाछ-राबड़ी, जौ का दलिया, पंचमेल की दाल, घी, मसाले आदि का प्रयोग करें। बच्चों के आहार में भी इनका प्रयोग अधिक करें। इनसे जरूरी पोषक तत्वों की पूर्ति होगी। विडंबना यह कि मां-बाप के मना करने के बावजूद नई पीढ़ी के किशोर व बच्चे डिब्बाबंद खाने और फास्ट फूड को अपना मुख्य भोजन बना रहे हैं। यही वजह है कि बड़ी उम्र में होने वाले लाइफस्टाइल के रोग अब बच्चों व किशोरों में भी होने लगे हैं। निश्चित ही इटली में हुआ शोध हमारी आंख खोलने वाला होना चाहिए। लोगों को डिब्बाबंद भोजन से परहेज करने के लिये जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है"

**आज के** दौर में हमारी जिंदगी इतनी व्यस्त हो गई है कि हमारे पास ठीक से खाने तक का समय नहीं होता। ऐसे में लोग घर के खाने से तो दूर हो ही चुके हैं और वो बाहर के खाने यानी डिब्बाबंद प्रसंस्कृत खाने पर काफी निर्भर हो गए हैं। अगर हम यूं कहें कि ये डिब्बाबंद प्रसंस्कृत खाना तेजी से हमारी जिंदगी का हिस्सा बन रहा है। लेकिन शायद हम ये नहीं जानते कि इस खाने से हमारे शरीर को जरूरी पोषक तत्व तो मिल ही नहीं पाते। साथ ही इस खाने की वजह से हम कई गंभीर बीमारियों के भी शिकार हो सकते हैं। यह मौजूदा वक्त की विडंबना है कि आय बढ़ने के साथ लोगों ने घर में बने खाने की बजाय डिब्बाबंद प्रसंस्कृत खाने को तरजीह देना शुरू कर दिया है। सूचना माध्यमों के जरिये तुरत-फुरत के खाने के विज्ञापनों का इतने आक्रामक ढंग से प्रचार किया जाता है कि बच्चे क्या, बड़े भी डिब्बाबंद खाने के मुरीद होने लगते हैं। यह जानते हुए कि यह उनकी सेहत पर भारी है। जब घर के बड़े-बुजुर्ग इससे बचाव की सलाह देते हैं तो वे इसे पुरातनपंथी सोच करार दे देते हैं। लेकिन डिब्बाबंद खाने की मुहिम चलाने वाले पश्चिमी देशों को भी अब अहसास हो चला है कि डिब्बाबंद खाने से समय से पहले बुढ़ापा दस्तक देने लगता है। खानपान की पश्चिमी संस्कृति के वाहक इटली में हुए एक शोध ने विकसित देशों को भी नींद से जगाया है।

हाल ही में इटली के इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरोलॉजी का एक ताजा शोध बेहद चिंताजनक है कि डिब्बाबंद भोजन का बहुत अधिक सेवन करने से शरीर जल्द ही बूढ़ा होने लगता है। शोध के मुताबिक, इससे कोशिकाएं और ऊतक बहुत ज्यादा बूढ़े हो सकते हैं। बुढ़ापे की रफ्तार दरअसल डिब्बाबंद भोजन की मात्रा के सेवन पर निर्भर करती है।

प्रसंस्कृत और जंक फूड का सेवन लोगों को जल्दी बूढ़ा करता है, इसकी पड़ताल करने के लिए शोधकताओं ने शोध में कुल 22,495 प्रतिभागियों को शामिल किया। शोधकताओं ने पाया कि जिन लोगों ने डिब्बाबंद प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों का भरपूर सेवन किया, उनमें जैविक उम्र ज्यादा देखी गयी।

प्रसंस्कृत भोजन के मुक्त कण दूसरे स्वस्थ अणुओं के साथ आसानी से प्रतिक्रिया करते हैं और डीएनए आरएनए तथा प्रोटीन को नुकसान पहुंचाते हैं, जिससे कोशिका की मृत्यु होती है और शरीर तेजी से बूढ़ा होता है। डिब्बाबंद भोजन शरीर में सूजन भी पैदा कर सकते हैं, जिससे गठिया, टाइप-2 डायबिटीज, मोटापा और दिल की बीमारी की आशंका बढ़ जाती है। प्रसंस्कृत अनाज, प्रिजर्वेटिव और सोडियम से भरपूर डिब्बाबंद खाद्य पदार्थ सेहत को बिगाड़ते हैं। इनमें अत्यधिक चीनी, खतरनाक रसायन, काबोर्हाइड्रेट, वसा आदि होते हैं।

चूंकि डिब्बाबंद खाने को काफी वक्त तक ताजा रखने के लिए कई चीजें मिलाई जाती हैं, इसलिए हद से ज्यादा इसका इस्तेमाल किसी भी व्यक्ति के लिए खतरनाक साबित हो सकता है. इसे ताजा रखने के लिए बहुत ज्यादा मात्रा में स्टार्च का भी इस्तेमाल किया जाता है। इससे शरीर में शुगर लेवल बढ़ने का खतरा काफी बढ़ जाता है। ऐसे खाने में तेल की मात्रा भी काफी ज्यादा होती है, जो शरीर के लिए काफी खतरनाक है। दरअसल, इसमें विद्यमान ट्रांस फैट कालांतर शरीर में कोलेस्ट्रॉल को बढ़ा देता है। इससे बाद में कई तरह के रोग पैदा हो जाते हैं। विशेषकर दिल के रोगों के लिये यह घातक साबित हो सकता है। एक अध्ययन बताता है कि हाल के वर्षों में भारतीयों के खाने में डिब्बाबंद भोजन का हिस्सा बढ़ा है। एक भारतीय रिपोर्ट इस बात की पुष्टि करती है कि नई पीढ़ी घरों में खाना बनाने के बजाय डिब्बाबंद खाने को तरजीह दे रही है। जो कालांतर गैर संक्रामक रोगों को ही बढ़ावा देता है।

आजकल डिब्बा बंद खाद्य पदार्थों के लोग इतने अभ्यस्त हो गए हैं कि इन्हें खाए बिना चैन ही नहीं पड़ता। वहीं, एक अध्ययन के अनुसार, ऐसे अल्ट्रा प्रोसेस्ड या अति प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के अधिक सेवन से हृदय रोग, आंत कैंसर और मौत का जोखिम बढ़ जाता है। यह अध्ययन द बीएमजे जर्नल में वर्ष 2022 में प्रकाशित हुआ है। अल्ट्राप्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों में स्नैक्स, डिब्बा बंद खाद्य पदार्थ, ड्रिंक्स, रेडी-टू-ईट उत्पाद शामिल होते हैं, जिनमें अक्सर अतिरिक्त चीनी, वसा या नमक होता है, लेकिन विटामिन और फाइबर की कमी होती है।

पहले अध्ययन में, ब्राजील के शोधकताओं ने अल्ट्रा प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों के सेवन और अमेरिकी वयस्कों में आंत कैंसर के जोखिम के बीच संबंध की जांच की। उनके निष्कर्ष 46,341 पुरुषों और 159,907 महिलाओं पर आधारित हैं।

निष्कर्ष में पाया गया कि पुरुषों में आंत कैंसर विकसित होने का जोखिम 29 प्रतिशत अधिक था। महिलाओं में आंत कैंसर के जोखिम के बीच कोई संबंध नहीं देखा गया। दूसरे अध्ययन में, शोधकताओं ने 22,895 इतालवी वयस्कों (औसत आयु 55 वर्ष, 48 प्रतिशत पुरुष) को शामिल किया, जिन्होंने हृदय रोगों और कैंसर के लिए आनुवांशिक और पर्यावरणीय जोखिम कारकों की जांच की। निष्कर्ष में किसी भी कारण से मृत्यु का 19 प्रतिशत अधिक जोखिम पाया गया, जबकि हृदय रोग से मृत्यु का जोखिम 32 प्रतिशत अधिक पाया गया। ये निष्कर्ष उन सुझावों का समर्थन करते हैं जो कम से कम प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के सेवन को बढ़ावा देते हैं।

लोगों की जीवनशैली में डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों वाली चीजें बढ़ी हैं। खानपान में चिकनाई वाली चीजों का सेवन ज्यादा करने से पाचन तंत्र बिगड़ रहा है। लोग पाचन तंत्र की गड़बड़ी से परेशान हैं। खाने में रेशेदार चीजों को बढ़ाने की बेहद जरूरत है। इससे पाचन तंत्र सुधरेगा और आंतों से जुड़ी दूसरी बीमारियों से बचा जा सकेगा। जो भी खाया जाता है वह आहार नाल से पेट तक जाता है।

आहार नाल मुख से शुरू होकर गुदा द्वार तक पहुंचता है। जो भी चीजें खाई जाती हैं वह लार के साथ यकृत और अग्न्याशय से होते हुए पेट तक पहुंचती हैं। शरीर के विभिन्न रासायनिक पदार्थ खाने के साथ क्रिया कर उससे रस निकालते हैं। यह रस शरीर को एनर्जी देता है। भोजन को मुख्य रूप से काबोर्हाइड्रेट, प्रोटीन, वसा और अल्प मात्रा में विटामिन एवं खनिज लवणों की जरूरत होती है। पाचन के दौरान शरीर सभी पोषक तत्वों को अवशोषित कर लेता है और गैर जरूरी तत्व मल-मूत्र के रास्ते बाहर निकल जाते हैं।

जंक, फास्ट और डिब्बाबंद खाने के बजाय ज्यादा से ज्यादा क्षेत्रीय खानपान पर ध्यान दें। आहार में अपने क्षेत्र विशेष के अनुसार मोटा अनाज, छाछ-राबड़ी, जौ का दलिया, पंचमेल की दाल, घी, मसाले आदि का प्रयोग करें। बच्चों के आहार में भी इनका प्रयोग अधिक करें। इनसे जरूरी पोषक तत्वों की पूर्ति होगी। विडंबना यह कि मां-बाप के मना करने के बावजूद नई पीढ़ी के किशोर व बच्चे डिब्बाबंद खाने और फास्ट फूड को अपना मुख्य भोजन बना रहे हैं। यही वजह है कि बड़ी उम्र में होने वाले लाइफस्टाइल के रोग अब बच्चों व किशोरों में भी होने लगे हैं। निश्चित ही इटली में हुआ शोध हमारी आंख खोलने वाला होना चाहिए। लोगों को डिब्बाबंद भोजन से परहेज करने के लिये जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है।



## कविता

### तंबाकू

गली गली
हर गली
सड़क किनारे।
न मंदिर छोड़ा
न मस्जिद छोड़ा
न छोड़ा गुरुद्वारे।
हर बस्ती
हर गांव
हर शिक्षा द्वारे।
बस अड्डा
स्टेशन
उपवन बाग उद्यान
न छोड़ा श्मशान।
रंग बिरंगे लटक रहे
तंबाकू के सामान।

डॉ. अशोक कुमार

# ऊर्जा संरक्षण से होगी बिजली की जरुरते पूरी

रमेश सर्राफ धमोरा

**हमारे** जीवन में प्रतिदिन के विभिन कार्यो के संचालन के लिए ऊर्जा अत्यंत महत्वपूर्ण साधन है। दुनिया की अर्थव्यवस्था में वृद्धि के साथ-साथ प्रतिवर्ष ऊर्जा की मांग भी बढ़ती जा रही है। हम प्रतिदिन विभिन रूपों में ऊर्जा का उपयोग करते है। अतः भविष्य में ऊर्जा की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इसका संरक्षण आवश्यक है। ऊर्जा संरक्षण से तात्पर्य विभिन उपायों के माध्यम से ऊर्जा का संरक्षण करना है। ऊर्जा संरक्षण के अंतर्गत विभिन कार्यो के माध्यम से ऊर्जा का उपयोग इस प्रकार किया जाता है। जिससे वर्तमान की आवश्यता की पूर्ति के साथ भविष्य की जरूरतें भी पूरी हो सकें। ऊर्जा संरक्षण से तात्पर्य ऊर्जा का विवेकपूर्ण उपयोग है। इसका अर्थ है ऊर्जा का अनावश्यक उपयोग ना करना एवं कम से कम ऊर्जा का उपयोग करते हुए कार्य को करना। भारत एक ऐसा देश है जहां पूरे साल सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा का इस्तेमाल किया जा सकता है। भारत में साल भर में लगभग 310 दिनों तक तेज धूप खिली रहती है। भारत भाग्यशाली देश है जिसके पास सौर ऊर्जा के लिए खिली धूप की उपलब्धता, पर्याप्त मात्रा में भूमि की उपलब्धता, परमाणु ऊर्जा के लिए थोरियम का अथाह भंडार तथा पवन ऊर्जा के लिए लंबा समुद्री किनारा नैसर्गिक संसाधन के तौर पर उपलब्ध है। जरूरत है तो बस उचित प्रौद्योगिकी का विकास तथा संसाधनों का दोहन करने की। देश की ऊर्जा की मांग और आपूर्ति में बहुत बड़ा अन्तर है। देश में बिजली संकट लगातार गहराता जा रहा है। अगर इस समय बिजली संकट को गंभीरता से नहीं लिया गया तो यह भारत के विकास के लिए बड़ा अभिशाप सिद्ध हो सकता है। क्योंकि किसी भी देश की तरक्की का रास्ता ऊर्जा से ही होकर जाता है। सरकार को अब वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोतों पर गंभीरता से विचार करते हुए ऊर्जा बचत के लिए जरूरी उपाय अपनाने पड़ेंगे। इस मायने में सूर्य से प्राप्त सौर ऊर्जा अत्यंत महत्वपूर्ण विकल्प है। भारत में 31 मार्च 2023 तक स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता 416,059 मेगावाट थी। जिसमें जीवाश्म ईंधन से 237,269 मेगावाट अथवा 57 प्रतिशत तथा गैर-जीवाश्म ईंधन से 178,790 मेगावाट अथवा 43 प्रतिशत शामिल। देश में कोयले से 205,235 मेगावाट अथवा 49.3 प्रतिशत, लिग्नाइट से 6620 मेगावाट, हाइड्रोपावर (पनबिजली) से 46,850 मेगावाट यानि कुल क्षमता का 11.3 प्रतिशत, प्राकृतिक गैस का योगदान 24,824 मेगावाट यानि क्षमता का महज 6 प्रतिशत और परमाणु ऊर्जा से 6780 मेगावाट, सौर उर्जा से 66,780 मेगावाट यानि 16.1 प्रतिशत, डीजल से 589 मेगावाट यानि 0.1 प्रतिशत, हवा से 42,633 मेगावाट यानि 10.2 प्रतिशत, बायो मास पावर/कोजेन से 10,248 मेगावाट, अपशिष्ट से 554 मेगावाट, लघु हाइड्रो से 4944 मेगावाट, नाभिकीय से 6780 मेगावाट बिजली उत्पन्न होती है। देश के सभी घरों तक 24 घंटे बिजली पहुंचाने के लिए मौजूदा क्षमता कम पड़ेगी।

## विचार

# गुकेश- शह और मात का नया शहंशाह

डॉ. आर.के. सिन्हा

**सारा** भारत आज के दिन डी. गुकेश के विश्व शतरंज चैंपियन बनने से गौरवान्वित महसूस कर रहा है। गुकेश ने एक नया इतिहास रच दिया है। वे सबसे कम उम्र के विश्व शतरंज चैंपियन बन गए हैं। उन्होंने अपने अद्भुत प्रदर्शन से पूरे भारत का मान बढ़ाया है। उनकी इतनी शानदार सफलता में उनकी असाधारण प्रतिभा, समर्पण और रणनीतिक दृष्टिकोण अहम रहे। गुकेश ने बहुत कम उम्र में शतरंज खेलना शुरू कर दिया था, जिससे उन्हें खेल की बारीकियों को समझने और अपनी प्रतिभा को विकसित करने का पर्याप्त समय मिला। उनमें जन्मजात प्रतिभा है और उनकी ग्रहण करने की क्षमता बहुत तेज है, जिससे वे जटिल शतरंज रणनीतियों को आसानी से समझ पाते हैं। उन्होंने शतरंज के प्रति पूर्ण समर्पण दिखाया है और लगातार अभ्यास कर-के अपनी क्षमताओं को निखारा है। गुकेश को अनुभवी और कुशल प्रशिक्षकों का मार्गदर्शन मिला, जिन्होंने उनकी खेल तकनीकों को सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण और संसाधनों तक पहुंच मिली, जिससे उन्हें विश्व स्तर के खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने में मदद मिली। गुकेश के प्रशिक्षण में आधुनिक तकनीकी उपकरणों का उपयोग शामिल था, जिससे उनकी खेल रणनीति का विश्लेषण करना और सुधार करना आसान हो गया।

**रणनीतिक गहराई:** गुकेश के पास शतरंज में गहरी रणनीतिक सोच है, जो उन्हें खेल के दौरान तत्काल सही निर्णय लेने में मदद करती है। वे दबाव की स्थितियों में भी शांत और संयमित रहते हैं, जिससे वे महत्वपूर्ण मुकाबलों में बेहतर प्रदर्शन कर पाते हैं। उनमें मानसिक रूप से मजबूत होने की क्षमता है, जिससे वे हार से निराश नहीं होते और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित रहते हैं। गुकेश नियमित रूप से शतरंज का अभ्यास करते हैं और अपनी कमजोरियों को दूर करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। वे अपने पिछले मैचों का विश्लेषण करते हैं और अपनी गलतियों से सीखते हैं, जिससे उनकी खेल रणनीति में लगातार सुधार होता रहता है। वे शतरंज के महान खिलाड़ियों के खेलों का लगातार गम्भीरतापूर्वक अध्ययन करते रहते हैं और उनसे नई तकनीकों को सीखते हैं। गुकेश ने विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लिया है, जिससे उन्हें उच्च स्तर के खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने का अनुभव मिला है। उन्होंने अलग-अलग शैली के खिलाड़ियों का सामना किया है, जिससे उनकी खेल में विविधता आई है और उन्हें विभिन्न स्थितियों के लिए तैयार किया गया है। गुकेश को अपने परिवार से भरपूर समर्थन और प्रेरणा मिली है, जो उनकी सफलता में एक महत्वपूर्ण कारक है।

उनके परिवार ने उनके संघर्षों के दौरान उनका भावनात्मक रूप से समर्थन किया और उन्हें हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इन सभी कारणों के संयोजन ने गुकेश को विश्व शतरंज चैंपियन बनने में मदद की है। उनकी सफलता न केवल उनकी व्यक्तिगत प्रतिभा और मेहनत का परिणाम है, बल्कि यह भारत में शतरंज के विकास और प्रोत्साहन का भी प्रतीक है। इस बीच, कुछ जानकार गुकेश और पूर्व विश्व शतरंज चैंपियन विश्वनाथन आनंद की तुलना भी रहे कर रहे हैं। गुकेश और विश्वनाथन आनंद, दोनों ही भारतीय शतरंज के महान खिलाड़ी हैं, लेकिन उनकी शैलियों, दृष्टिकोण और खेल में कुछ समानताएं और कुछ मौलिक अंतर भी हैं। दोनों ही खिलाड़ियों में शतरंज की असाधारण प्रतिभा है। वे जटिल स्थितियों को समझने और सटीक चाल चलने में माहिर हैं। दोनों ही खिलाड़ी अपनी रणनीतिक गहराई के लिए जाने जाते हैं। वे न केवल तात्कालिक लाभ पर ध्यान देते हैं, बल्कि लंबी अवधि की योजनाओं को भी ध्यान में रखते हैं। दोनों ही खिलाड़ियों में दृढ़ संकल्प है और वे कभी भी हार नहीं मानते हैं। उन्होंने कई बार मुश्किल परिस्थितियों से वापसी की है और जीत हासिल की है। दोनों ही खिलाड़ी अपनी शालीनता और खेल भावना के लिए जाने जाते हैं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# भाजपा का टेसू और देश का भविष्य

राकेश अचल

**शीर्षक प**ढ़कर न हासिये और न भ्रमित होइए। बात भाजपा के टेसू की ही कर रहा हूँ । टेसू एक लोक नायक है ,बाद में अपने कथित अड़ियलपन कोई वजह से कहावत बन गया। आजकल हर राजनीतिक दल में एक न एक टेसू है ,लेकिन इनमें भाजपा के टेसू जैसा अड़ियल टेसू किसी और दल का नहीं है। भाजपा 'अपने पुरषार्थ ,किस्मत या जुगाड़ से तीसरी बार सत्ता में है। भाजपा की सरकार लंगड़ी है लेकिन उसका अपना टेसू जैसा पहले अड़ता था,वैसे ही आज भी अड़ा है। भाजपा आजकल किसी की परवाह नहीं करती । न संसद की ,न विपक्ष की,न अदालत की और न अपने सहयोगी दलों की । भाजपा को परवाह है तो अपने खुले-छिपे एजेंडे की। भाजपा देश को हिन्दू राष्ट्र बनाना चाहती है इसलिए उसने पूजास्थलों की यथास्थिति को कायम रखने वाले कानून को बदलने का निश्चय कर लिया है ,ताकि देश में स्थित मुस्लिम समाज की छह लाख मस्जिदों और दरगाहों को खोदकर उनके नीचे दबे कथित मंदिरों को बाहर निकाला जा सके। आपको बता दें कि ' प्लेसेज आफ वर्शिप एक्ट ' को लेकर सुप्रीम कोर्ट में अनेक जनहित याचिकाएं लंबित हैं ,लेकिन सुप्रीम कोर्ट चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा है कि जब तक इस मामले पर केंद्र सरकार का जवाब दाखिल नहीं हो जाता, तब तक इस पर सुनवाई नहीं होगी।

मजे की बात ये है कि कोर्ट के नोटिस के बावजूद केंद्र सरकार ने अब तक जवाब दाखिल नहीं किया है, सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि जवाब जल्द दाखिल किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि अगली सुनवाई तक नई याचिका दायर की जा सकती है , उन्हें रजिस्टर भी नहीं किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की उस मांग को ठुकरा दिया है जिसमें उन्होंने कहा था कि देश की अलग-अलग अदालतों में इससे जुड़े जो मामले चल रहे है उनकी सुनवाई पर रोक लगाई जाए। मामले की अगली सुनवाई 17 फरवरी 2025 को होगी। इस मामले की सुनवाई विभिन्न अदालतों में दायर कई मुकदमों की पृष्ठभूमि में होगी।

## तंत्रिका विज्ञान में मस्तिष्क मानचित्रण तकनीक एक क्रांतिकारी पहल

डॉ रामानुज पाठक

**भारतीय** प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) मद्रास ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है, जिसमें उन्होंने भ्रूण के मस्तिष्क की सबसे विस्तृत (हाई-रिजाल्यूशन) 3 डी तस्वीरें जारी की हैं। यह परियोजना विश्व स्तर पर पहली बार अत्याधुनिक मस्तिष्क मानचित्रण('ब्रेन मैपिंग') प्रौद्योगिकी का उपयोग करके 5,132 मस्तिष्क खंडों को डिजिटल तस्वीरों में अंकित किया गया है। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य विकासात्मक विकारों के शीघ्र निदान और उपचार के लिए वर्तमान भ्रूण इमेजिंग प्रौद्योगिकियों में प्रगति लाना है। आइआइटी मद्रास के निदेशक के अनुसार" यह कार्य तंत्रिका विज्ञान के क्षेत्र को आगे बढ़ाएगा और संभावित रूप से मस्तिष्क को प्रभावित करने वाली स्वास्थ्य स्थितियों के लिए उपचार के विकास की ओर ले जाएगा।" यह परियोजना पश्चिमी देशों की तुलना में 1/10वें हिस्से से भी कम लागत पर पूरी की गई। यह अनुसंधान भारत, आस्ट्रेलिया, अमेरिका, रोमानिया और दक्षिण अफ्रीका के अनुसंधानताओं के साथ आइआइटी मद्रास की एक बहु-विषयक टीम द्वारा किया गया। इसमें चेन्नई स्थित मेडिस्कैन सिस्टम्स और सविता मेडिकल कालेज अस्पताल द्वारा सहयोग किया गया।तंत्रिका विज्ञान, जिसे न्यूरोसाइंस भी कहा जाता है, आज के युग में विज्ञान के सबसे जटिल और रोमांचक क्षेत्रों में से एक है। यह मानव मस्तिष्क और उसके तंत्रिका तंत्र की संरचना, कार्यप्रणाली और विकारों को समझने का प्रयास करता है। मस्तिष्क, जो मानव शरीर का सबसे महत्वपूर्ण अंग है, हमारी सोच, भावना, स्मृति, और व्यवहार को नियंत्रित करता है। मस्तिष्क की इस जटिलता को समझने के लिए वैज्ञानिक लंबे समय से प्रयासरत हैं। इसी दिशा में मस्तिष्क मानचित्रण (ब्रेन मैपिंग) तकनीक ने एक क्रांतिकारी पहल की है।

मस्तिष्क मानचित्रण(ब्रेन मैपिंग) एक ऐसी तकनीक है जो मस्तिष्क के विभिन्न हिस्सों को मैप करने और उनके कार्यों को समझने में मदद करती है। मस्तिष्क मानचित्रण एक वैज्ञानिक प्रक्रिया है, जिसमें मस्तिष्क की संरचना, कार्यों और कनेक्शन का अध्ययन किया जाता है।

## न्यूज फ्लैश

### जैन कॉलेज की छात्रा ने इंटर कॉलेज खेलों की कुश्ती में गोल्ड मेडल जीता



**गन्नौर।** जैन गर्ल्स कॉलेज गनौर बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा माही ने महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी में चल रहें इंटर कॉलेज खेलों में कुश्ती में 55 किलो भार वर्ग में गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर मनोज ने बताया कि 12 दिसम्बर को हुए फाईनल मुकाबले में माही ने एम.के कॉलेज रोहतक की पहलवान को हरा कर गोल्ड मेडल पर कब्जा किया। माही पिछले 4 वर्षों से कड़ी मेहनत कर रही है। जैन कॉलेज गनौर में प्राचार्य डॉ मनोज कुमार व समस्त स्टाफ ने कॉलेज पहुँचने पर माही का भव्य स्वागत किया। कॉलेज प्राचार्य ने माही का हौंसला बढ़ाते हुए कहा माही ने पदक जीत कर कॉलेज का नाम रोशन किया है। यह बड़े गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि कॉलेज में हर प्रकार की सुविधाएं और अधिक बढ़ाई जा रही हैं। भविष्य में जैन कॉलेज गनौर की छात्राएं शिक्षा के साथ साथ खेलों में भी अच्छा प्रदर्शन करेंगी।

### रक्तदान करने से रक्तदाताओं को मिलती है खुशी



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**यूथ** ब्लड डोनेशन सोसाइटी द्वारा हर साल कि तरह इस साल भी 18 दिवसीय रक्तदान शिविर में आज 16वें दिन ब्रह्म सरोवर कुरुक्षेत्र के तट पर बूथ नम्बर 455,56,57, पर दूर-दूर आए हुए श्रद्धालुओं द्वारा रक्तदान किया गया इस मौके पर सोसाइटी के अध्यक्ष विनोद पाल होलकर ने बताया कि यह रक्तदान सेवाएं 28 नवंबर से 15 दिसंबर तक 18 दिवसीय रक्तदान शिविर हर साल की तरह लगाया हुआ है जिसमें देश के कोने-कोने से आए हुए श्रद्धालुओं द्वारा पिछले 15/16 दिनों में रक्तदान किया गया। रक्तदाताओं का कहना है कि रक्तदान करके उनको बहुत खुशी मिलती है। गीता के उपदेश स्थल पर रक्तदान करके बहुत खुशी मिलती है कि हमें यहां पर दोनों काम करने का मौका मिल रहा है, एक तो हम इस पवित्र तीर्थ के दर्शन होते और हमें घूमने का मौका मिला एवं यहां संस्कार संस्कृति और गीता का उपदेश सुनने का मौका मिला और रक्तदान कर पुण्य का लाभ मिलता है। इस मौके पर कुरुक्षेत्र लोक जननायक हॉस्पिटल ब्लड बैंक की टीम की इंचार्ज डॉक्टर रमा, रजबीर कौर ओम प्रकाश,सुमित कुमार, राजवंत कौर,पल्लवी, विनोद पाल होलकर, राजेंद्र ग्रोवर, गुरमेल सिंह ककराला, मनीष राणा ककड़ी, जीत राम, हुकुम चंद, पुर्ण कलसोरा, शेर नंबरदार, रामपाल, सचिन पाल, पोली देवी, रोहित धीमान, सुनील कुमार उपस्थित रहे।

### एनबीसीसी ने बीपीएस महिला मेडिकल कॉलेज के तीसरे चरण का काम किया शुरू

**गोहाना।** खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह (बीपीएस) महिला मेडिकल कॉलेज में 419 करोड़ रुपये की लागत से तीसरे चरण का काम एनपीसीसी (राष्ट्रीय भवन निर्माण निगम) की तरफ से शुरू कर दिया गया है। एनबीसीसी ने भवन बनाने के लिए खुदाई का काम शुरू कर दिया है। सबसे पहले भवन के लिए बेस तैयार किया जाएगा। एनबीसीसी ने करीब 36 महीने में काम को पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। काम पूरा होने के बाद बीपीएस महिला मेडिकल कॉलेज में सुविधाएं बढ़ेगी। बीपीएस महिला मेडिकल कॉलेज में तीसरे चरण में 419 करोड़ रुपये की लागत से 250 बिस्तरों वाला मातृ एवं शिशु देखभाल ब्लॉक, नर्सिंग, पैरामेडिकल सेवा और फिजियोथैरेपी के लिए तीन कॉलेजों का निर्माण किया जाएगा।

# वाईस चेयरमैन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव हुआ पास

## चेयरमैन अरुण त्यागी, दिनेश अदलखा, पार्षद वरुण जैन व खुशबू जैन रही वॉइस चेयरमैन के समर्थन में



टीम एक्शन इंडिया

**गन्नौर।** नगरपालिका वाईस चेयरमैन दिनेश अदलखा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को लेकर बैठक सम्पन्न, वाईस चेयरमैन दिनेश अदलखा के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव हुआ पास, नगर पालिका के 18 सदस्यों में से 14 ने वाईस चेयरमैन दिनेश अदलखा के खिलाफ जताया अविश्वास।

**गन्नौर नगर पालिका के चेयरमैन अरुण त्यागी, दिनेश अदलखा, पार्षद वरुण जैन व खुशबू जैन को छोड़ सभी ने वाइस चेयरमैन के खिलाफ जताया अविश्वास**

गन्नौर के एसडीएम निर्मल नागर की अध्यक्षता में हुई बैठक। बैठक के बाद अब गन्नौर नगरपालिका में वाईस चेयरमैन का पद अब खाली हो गया है। उपायुक्त द्वारा जल्द तय की जाएगी वाईस चेयरमैन चुनाव की तारीख ताकि जाएगी उसके बाद उप चेयरमैन को लेकर चुनाव होगा। सुरक्षा की दृष्टि से गन्नौर थाना पर बड़ी के नेतृत्व में महिला व पुरुष पुलिसकर्मी मौजूद रहे। अविश्वास प्रस्ताव की कार्रवाई के दौरान एसडीएम से पहले गन्नौर के नायब तहसीलदार राजे सिंह नगरपालिका में पहुंचे। एसडीएम डॉक्टर निर्मल नगर के आने के बाद अविश्वास प्रस्ताव की कार्रवाई की गई।

**उप चेयरमैन की कोई पावर तो होती नहीं, जैसे ये थे ऐसा ही मैं था : अदलखा**

दिनेश अदलखा ने कहा कि यह गन्नौर का दुर्भाग्य है इन लोगों ने बनाया था और इन लोगों ने ही हटा दिया। आने वाले समय में जनता इनको बताएगी। नगर पालिका में उप चेयरमैन की कोई पावर तो होती नहीं। जैसे ये थे ऐसा ही मैं था। अविश्वास प्रस्ताव के बारे में कुछ भी बोलने से मना कर दिया।

**वाइस चेयरमैन 2 साल के लिए बना था पूरे हो गए : शर्मा**

-- अविश्वास प्रस्ताव में शामिल होने वाले सदस्यों के साथ एकत्रित होकर सतबीर शर्मा ने बताया कि हमें दिनेश अदलखा से कोई विरोध नहीं था। उनका वाइस चेयरमैन की पोस्ट को लेकर विरोध था। वाइस चेयरमैन को उन्होंने 2 साल के लिए बनाया था। अब उनके दो साल पूरे हो गए हैं।

**झटका**

▶▶ जल्द तय की जाएगी वाईस चेयरमैन चुनाव की तारीख ताकि जाएगी, उप चेयरमैन को लेकर चुनाव होगा

### उपायुक्त ने समाधान शिविर में आमजन की सुनी समस्याएं




टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार व उपायुक्त पार्थ गुप्ता के मार्गदर्शन मे उपायुक्त कार्यालय के सभागार मे समाधान शिविर का आयोजन किया गया। एसडीएम दर्शन कुमार ने समाधान शिविर मे आए लोगो की समस्याओं को सुना और सम्बंधित अधिकारियों को प्रत्येक प्रार्थी की समस्या का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए। बता दें कि इस दौरान जिला स्तरीय समाधान शिविर में कुल 5 शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमें अम्बाला शहर से गीता देवी स्वास्थ्य संबंधी समस्या, जगजीत सिंह परिवार पहचान पत्र में इनकम को कम करवाने बारे, शहजादपुर से राजबीर सिंह परिवार पहचान पत्र संबंधी समस्या, गांव जैतपुरा से बलकार सिंह नाले की समस्या बारे, शक्तिनगर निवासी बलदेवराज शक्तिनगर के नजदीक नाले की सफाई संबंधी समस्या को लेकर समाधान शिविर में पहुंचे थे। इस दौरान एसडीएम दर्शन कुमार ने क्रमवार तरीके से प्रार्थी की समस्याओं को सुनते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को उनका जल्द से जल्द समाधान करने के निर्देश दिए।

### जानलेवा हमला करने में आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) थाना** सेक्टर 13/17 पुलिस ने बाबरपुर मंडी में आढ़ती पर पिस्तौल से जानलेवा हमला करने मामले में आरोपी पड़ोसी आढ़ती को वीरवार को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान विजेंद्र निवासी नई अनाज मंडी बाबरपुर के रूप में हुई। थाना सेक्टर 13/17 प्रभारी सब इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने अपनी लाईसेंसी रिवाल्वर से जानलेवा हमला करने की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त लाईसेंसी एक रिवाल्वर व एक दो नाली बंदूक बरामद कर शुक्रवार को पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया।

## स्वच्छता का हमारे जीवन में अहम महत्वः एसडीएम



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** स्वच्छता के प्रति हमें स्वयं सचेत रहना चाहिए तथा दूसरों को भी स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित करना है। यह अभिव्यक्ति एसडीएम अम्बाला छावनी सतिन्द्र सिवाच ने शुक्रवार को लाल कुर्ती, स्टाफ रोड़ पर स्वयं श्रमदान करने के उपरांत कही। एसडीएम सतिन्द्र सिवाच ने लाल कुर्ती स्टाफ रोड पर नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों के साथ स्वयं श्रमदान करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि उपायुक्त पार्थ गुप्ता के मार्गदर्शन में हर शुक्रवार को श्रमदान का कार्यक्रम चलाया जाएगा जिसमें सम्बन्धित एसडीएम अपने-अपने क्षेत्रों में श्रमदान करते हुए लोगों को स्वच्छता के साथ जोड़ेंगे। उन्होंने इस मौके पर यह भी कहा कि स्वच्छता एक दिन का कार्यक्रम नहीं बल्कि हमें अपने आस पास स्वच्छता को बनाए रखने के लिए कार्य करना है। स्वच्छता को अपनाकर अनावश्यक बीमारियों से भी बचा जा सकता है। श्रमदान के दौरान उन्होंने जहां स्पाटू रोड पर स्वच्छता के प्रति संदेश दिया वहीं स्वर्ण जयंती पार्क में श्रमदान करते हुए स्वच्छता को बनाए रखने का संदेश दिया। एसडीएम ने कहा कि स्वच्छता को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करना है। जब हमारा आस-पास का वातावरण साफ सुथरा होगा तो हम अनावश्यक बीमारियों से बच सकेंगे। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान की इस मुहिम से सभी लोग जुडकर वातावरण को साफ-सुथरा बनाए रखने में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि इस अभियान से न केवल स्वयं बल्कि दूसरे लोगों को भी इस अभियान से जोडने के लिए प्रेरित करें। इस मौके पर नगर परिषद के मुख्य सफाई निरीक्षण विनोद बैनीवाल व अन्य टीम के सदस्यों ने जेसीबी के माध्यम से सडक के किनारे जहां पर मलबा या कूडा-कर्कट था उसे वहां से उठवाने का काम किया तथा स्वच्छता की इस मुहिम में सबको आगे आने के लिए प्रेरित भी किया। इस दौरान नगर परिषद के साथ-साथ अन्य लोगों ने भी स्वच्छता को बनाए रखने मे अपना योगदान देने बारे कहा।

### आध्यात्मिक बुद्धिमता प्रदान करती है गीता : प्रो. गोयल

**गोहाना** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां के यूजीसी-मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र (एमएमटीटीसी) द्वारा आयोजित ऑनलाइन रिफ्रेशर कोर्स कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त प्रोफेसर और तीन बार कुलपति रहे प्रो. एमएम गोयल ने शिरकत की। उन्होंने दो सत्रों में भारतीय महाकाव्यों से नेतृत्व के सबकः गीता और अनु-गीता तथा मूल्य-आधारित प्रबंधन एवं सीएसआर हेतु संस्कारः नीडोनॉमिक्स दृष्टिकोण विषयों पर अपने विचार साझा किए। आधुनिक नेतृत्व में प्राचीन ज्ञान की प्रासंगिकता पर जोर देते हुए प्रो. गोयल ने कहा कि गीता और अनु-गीता आध्यात्मिक बुद्धिमत्ता प्रदान करती हैं, जो एआई प्रणाली जैसे चैट जीपीटी की क्षमताओं से कहीं अधिक है। उन्होंने संस्कार अपनाने पर जोर देते हुए कहा कि सरलता, सहनशीलता, सकारात्मकता, सहानुभूति और सांस्कृतिक मूल्य एक नैतिक और मूल्य पूर्ण पेशेवर जीवन की आधारशिला हैं। इस ऑनलाइन सत्र की अध्यक्षता एमएमटीटीसी की निदेशिका डॉ. शेफाली नागपाल ने की। भगत फूल सिंह की जयंती एलुमनी एसोसिएशन की एक बैठक में आगामी 24 फरवरी 2025 को भगत फूल सिंह की जयंती के अवसर पर आयोजित किए जाने वाले पूर्व छात्र मिलन समारोह की तैयारियों को लेकर विमर्श किया।

## बस चालकों को दी यातायात से संबंधित जानकारी, शपथ भी दिलाई



टीम एक्शन इंडिया

**गन्नौर:** यूनिक स्टेडियम,शेखपुरा शेखपुरा में स्कूल बस वाहनों को जागरूक करने के लिए, यातायात पुलिस द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के आदेश पर हुसा संगठन के प्रयास से 66 स्कूलों के 260 बस चालकों व परिचालकों ने भाग लिया। ट्रैफिक चौकी गन्नौर के इंचार्ज एस आई शमशेर सिंह दहिया बस चालकों को सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि आप सभी पर नन्हे मुन्ने बच्चों का घर से स्कूल लेकर आने व छोड़ने की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। इसलिए सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें और किसी तरह की कोई लापरवाही नहीं करें। दहिया ने कहा कि वाहन चलाते समय सीटबेल्ट और हेलमेट अवश्य पहने, गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करें, जेब्रा क्रॉसिंग से ही पैदल क्रॉस करें ट्रैफिक संकेत का हमेशा पालन करें, सड़क पर वाहन हमेशा बाएं ओर चलाए,सड़क के बीच में कभी न चलाएं, चलती बस में बच्चों को न चढ़ाए और न हीं उतारे, दोपहिया वाहनों में मॉडिफाइड साइलेंसर का उपयोग न करें, वाहनों को ओवर स्पीड में न चलाए। खंड शिक्षा अधिकारी सतीश शर्मा ने ने भी बस चालकों से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के सख्त आदेश दिए। विशेष ट्रेनर वरिष्ठ प्रवक्ता जगबीर देशवाल ने भी बस चालकों को उनकी जिम्मेदारी बताते हुए जागरूक किया और पुलिस द्वारा बताए गए नियमों का पालन करने की अपील की। हुसा प्रधान सुशील त्यागी ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए चौकी प्रभारी, शिक्षा विभाग के अधिकारियों व सभी स्कूल संचालकों का आभार व्यक्त किया। चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक अजय यादव ने मंच संचालन किया। इस मौके पर यूनिक स्कूल के निदेशक अजय भुक्कर, संदीप कादयान, रविन्द्र धनखड़, नवीन राठी, पवन कुमार के अलावा अन्य स्कूल संचालक मौजूद थे।

## शहर को स्वस्थ रखने में आमजन का सहयोग बेहद जरूरी: दर्शन कुमार



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** एसडीएम दर्शन ने कहा कि शहर को स्वस्थ रखने में प्रशासन के साथ-साथ आमजन का भी सहयोग बेहद जरूरी है। स्वच्छता को हमें एक दिन का कार्यक्रम न सोचकर अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। स्वच्छता को अपनाकर हम अनावश्यक बीमारियों से बच सकते हैं। एसडीएम दर्शन कुमार ने शुक्रवार को नगर निगम के कर्मचारियों के साथ वार्ड नम्बर 9 के तहत अम्बिका देवी मंदिर रोड़ पर श्रमदान करते हुए आमजन को स्वच्छता का संदेश दिया। एसडीएम दर्शन कुमार ने कहा कि उपायुक्त पार्थ गुप्ता के मार्गदर्शन में लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए हर शुक्रवार को श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसके तहत प्रत्येक शुक्रवार को स्वच्छता अभियान के तहत शहर के एक स्थान का चयन कर उसमें स्थानीय लोगों के सहयोग से स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इसी कड़ी में आज अम्बिका देवी मंदिर रोड पर श्रमदान कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया है।

### अवैध शराब तस्करी की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत: मुरथल** थाना सोनीपत पुलिस ने अवैध शराब तस्करी की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित आजाद निवासी दुल्हेड़ा झज्जर हाल में सेक्टर-21 एक का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया। सिपाही जोगिंदर की टीम गत नौ जनवरी को मुरथल ढाबे पास मौजूद थी। उसी दौरान सूचना मिली कि पिकअप गाड़ी में अवैध शराब भरकर आने वाली है। टीम ने नाकाबंदी करके काबू कर लिया। उसके पास से अलग-अलग पेटियों में अवैध शराब मिली।

## भव्य श्री श्याम द्वादश संकीर्तन एवं भंडारा आयोजित



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** श्री खाटू श्याम परिवार सेवा समिति (रजि.),कुरुक्षेत्र द्वारा खाटू धाम मंदिर में गुरुवार रात्रि भव्य श्री श्याम संकीर्तन एवं विशाल भंडारा आयोजित किया गया। जानकारी देते हुए श्री श्याम मंदिर (कुरुक्षेत्र धाम) के मुख्य पुजारी आचार्य शंभु प्रसाद और सचिव अटल शर्मा ने बताया कि द्वादश के उपलक्ष्य में हुए इस संकीर्तन में समिति सदस्यों,यजमानों और सहयोगियों ने श्याम पूजन किया। संकीर्तन में श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर भव्य श्याम दरबार के दर्शन किए। श्याम दरबार की आभा देखते ही बन रही थी। पुष्प श्रृंगार और इत्र की खुशबू से वातावरण महक उठा। गौरी-गणेश पूजन और माँ सरस्वती वन्दना से आरंभ हुए संकीर्तन में दो गायकों क्रमशः बब्बू चावला और मोनू दुआ ने श्याम भजनों की झड़ी लगाई जिनमें तू किरपा कर बाबा, कीर्तन करवाऊंगा..., दरबार अनोखा, सरकार अनोखी खाटू वाले की हर बात अनोखी..., देर न करो न करों इंतजार श्याम जी के चरणों से कर ले तू प्यार...., शायद मेरे बाबा को ख्याल हमारा आया है इसलिए बाबा ने हमें कीर्तन में बुलाया है... और जिसकी चौखट पे झुकता ये संसार है उस चौखट के हम सेवादार हैं... इत्यादि भजन सराहे गए। देर रात्रि तक चले भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। श्याम जी के जयकारों से सारा वातावरण गुंजायमान हुआ। समिति पदाधिकारियों ने श्याम भक्तों से निवेदन किया कि मंदिर विस्तार हेतु करवाए जा रहे निर्माण कार्य में सभी तन- मन- धन से सहयोग करें।

संकीर्तन में श्याम भक्तों ने बारी-बारी से चंवर सेवा की। संकीर्तन के पश्चात आरती हुई और आरती के बाद श्याम जी का पुष्प श्रृंगार भक्तों को प्रदान किया गया,मान्यता है कि पुष्प श्रृंगार से सभी बाधाएँ दूर होती हैं।

## नवीन जिंदल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना पर विशेष सेमिनार आयोजित



टीम एक्शन इंडिया

**पानीपत, (कमाल हुसैन ) पीएम** श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उमरी एवं राजकीय प्रौद्योगिकी संस्थान में नवीन जिंदल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना पर एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जेएसपीएल फाउंडेशन की चेयरपर्सन और ओपी जिंदल विश्वविद्यालय की चांसलर शालू जिंदल के निजी सलाहकार सतीश भारद्वाज ने शिरकत की। ओर यशस्वी छात्रवृत्ति योजना की जानकारी सांझा की

**योजना की विशेषताएं और पात्रता शर्तें**

सेमिनार के दौरान सतीश भारद्वाज ने योजना की विशेषताओं और पात्रता शर्तों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन होनहार छात्रों के लिए, शिक्षा के नए द्वार खोलती है। जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय 2.5 लाख रुपये से कम है और जो 12वीं कक्षा में 75% या उससे अधिक अंक प्राप्त कर चुके हैं, इसके पात्र होंगे। 10वीं के छात्रों के लिए अंक सीमा नहीं है, लेकिन वे किसी सरकारी या निजी आईटीआई या पॉलिटेक्निक संस्थान में नामांकित होने चाहिए। इसी दौरान एक बच्चे ने सवाल किया क्या यह कॉलेज में भी जारी रहेगी तो सतीश भारद्वाज ने बताया स्नातक एवं स्नातकोत्तर के साथ-साथ भले ही पीएचडी करें यह योजना जारी रहेगी लेकिन कॉलेज में जाने के बाद आपके प्रथम वर्ष में कम से कम 60% नंबर होने चाहिए, किसी भी पेपर में रि-अपीयर नहीं होनी चाहिए, कॉलेज में 75% हाजरी होनी चाहिए एवं कॉलेज की तरफ से चरित्र प्रमाण पत्र देकर आप आगे की शिक्षा जारी रख सकते हैं

**पीएम श्री उमरी स्कूल का योगदान**

पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उमरी स्कूल की प्रधानाचार्य सुषमा शर्मा ने सतीश भारद्वाज का स्वागत किया और छात्रों को इस योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षक रविंद्र सिंह, मनीराम, संदीप,अरविंद कुमार, रोहित शर्मा, भगवत दयाल शर्मा, प्रोमिला देवी, मीनाक्षी समेत सैकड़ों की संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रही।

**राजकीय प्रौद्योगिकी संस्थान में छात्रों की भागीदारी**

राजकीय प्रौद्योगिकी संस्थान में भी इस योजना पर विस्तृत चर्चा हुई। प्रिंसिपल जगमोहन, महिला विंग प्रिंसिपल देविकशन, जगबीर सिंह, रचना रानी, सपना सैनी, कपिल कुमार एवं स्नेह सहित सभी ने सतीश भारद्वाज का स्वागत किया। उन्होंने छात्रों को योजना की जानकारी दी और ज्यादा से ज्यादा छात्रों को इस योजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

**पात्रता**

▶▶ सेमिनार के दौरान सतीश भारद्वाज ने योजना की विशेषताओं और पात्रता शर्तों की जानकारी दी

## नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा थानेसर में नवीन संकल्प शिविर लगाये गये




टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र:** सांसद नवीन जिन्दल द्वारा कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में नवीन संकल्प शिविर लगाये जा रहे हैं। साथ ही मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही है। इस श्रृंखला में थानेसर हल्के के गांव सलारपुर और खेड़ी ब्राह्मणान में नवीन संकल्प शिविर आयोजित किए गए, जिसमें गांव के लोगों को पेंशन, आधार और परिवार पहचान पत्र संबंधित कागजों को पूरा करने में मदद की गई। इस अवसर पर मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा मरीजों की जांच की गई और उन्हें उचित परामर्श व निःशुल्क दवाइयां दी गई। सांसद जिन्दल की पहल पर लगे इस मेडिकल कैंप में रक्त और यूरिन की जांच भी की गई। सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर मोबाइल मेडिकल यूनिट, कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में नियमित रूप से चलाई जा रही है। सांसद नवीन जिन्दल के कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र कार्यालय प्रभारी धर्मबीर सिंह ने बताया कि राढौर के दोनों गांवों में आयोजित शिविरों में 46 मरीजों को परामर्श, दवाइयां और टेस्ट सुविधा उपलब्ध कराई गई।

## न्यूज फ्लैश

### विभिन्न प्रदेशों से आए कलाकारों और शिल्पकारों ने बदला ब्रहमसरोवर की फीजा का रंग



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** : ब्रहमसरोवर के पावन तट पर 28 नवंबर से 15 दिसंबर तक चल रहे अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव -2024 में विभिन्न प्रदेशों से आए कलाकारों और शिल्पकारों ने इस महोत्सव में ब्रह्मसरोवर की फीजा का रंग बदलने का काम किया है। इस अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में विभिन्न प्रदेशों से आए कलाकारों द्वारा अपने-अपने प्रदेशों की लोक संस्कृति को इस अंतर्राष्ट्रीय मंच पर दिखाकर अपनी एक अलग पहचान बनाई है। इतना ही नहीं दूर दराज से आने वाले पर्यटकों ने भी दूसरे प्रदेशों की संस्कृतिक कला की सरहाना की है। पार्टनर राज्य ओडिसा और एनजैडसीसी के कलाकारों द्वारा अपने-अपने प्रदेशों की लोक संस्कृति को दिखाने का काम किया है। इन लोक कलाकारों के नृत्यों के साथ-साथ ढोल की थाप और नगाड़ों पर पर्यटक झूम-झूम कर नाचते नजर आए। ब्रहमसरोवर के पावन तट पर 28 नवंबर से 15 दिसंबर तक चल रहे अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव ने विश्व पटल पर अपनी एक अलग छाप छोड़ी है, महोत्सव की यह गूंज प्रदेश ही नहीं बल्कि देश विदेश में भी सुनाई दे रही है। महोत्सव के इन यादगार पलों को सभी पर्यटक अपने-अपने कैमरों में कैद करते नजर आ रहे है। इतना ही नहीं अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में विभिन्न प्रदेशों से आए शिल्पकारों की हाथों की अनोखी शिल्प कला को देखकर पर्यटक मंत्र मुग्ध हो रहे है। शिल्पकारों की हाथों की जादूगीरी और ऐसी अनोखी हस्त शिल्प कला ने इस अंतर्राष्ट्रीय महोत्सव में चार चांद लगाने का काम किया है, महोत्सव में आने वाला प्रत्येक पर्यटक इन शिल्पकारों की जमकर प्रशंसा करता नजर आ रहा है और लोग इन शिल्पकारों द्वारा बनाई गई वस्तुओं को जमकर खरीद रहे है। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव इन शिल्पकारों की जादुई शिल्पकला को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर दिखाने के लिए एक बड़ा मंच साबित हुआ है। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में विभिन्न प्रदेशों के लोक कलाकारों ने अपने-अपने प्रदेश की लोक कला को अनोखे तरीके से दिखाने का काम किया है। पर्यटक ढोल नगाड़े की थाप पर थिरकते नजर आ रहे है।

### जिला पुलिस ने की कपासिटी कोर्स फायरिंग प्रेक्टिस

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** : पुलिस अधीक्षक श्री वरुण सिंगला के मार्गनिर्देश में जिला पुलिस ने शुक्रवार को अम्बाला रेंज में कपासिटी कोर्स फायरिंग प्रक्टिस की । बदलते समय के साथ पुलिस के सामने बदमाशों को पकड़ने और पीछा करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। क्योंकि बदमाश हाईटेक हथियार और वाहनों के साथ होते हैं। पुलिस ने शुक्रवार को अम्बाला रेंज में कपासिटी कोर्स फायरिंग की प्रक्टिस की ऐसे में भागते बदमाशों को पकड़ना आसान नहीं होता है. अब पुलिस भी अपना तौर तरीके बदलने जा रही है।

# हर खिलाड़ी को 20 लाख रुपये का मेडिकल बीमा कवर देंगे: सीएम

## मुख्यमंत्री ने कुरुक्षेत्र में हरियाणा कुश्ती दंगल के समापन अवसर पर की शिरकत

**प्रोत्साहन**

**▶▶ प्रदेश में लगातार बढ़ रही खेल संस्कृति को देखते हुए सरकार खिलाड़ियों का प्रोत्साहन कर रही**



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** : हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश के खिलाड़ियों की बदौलत हरियाणा का नाम विश्व के खेल मानचित्र पर चमक रहा है। प्रदेश में लगातार बढ़ रही खेल संस्कृति को देखते हुए सरकार ने खिलाड़ियों के प्रोत्साहन और कल्याण के लिए अपने संकल्प पत्र, 2024 में हर खिलाड़ी को 20 लाख रुपये का मेडिकल बीमा कवर देने का संकल्प लिया है। इसी प्रकार, राज्य स्तर पर प्रति वर्ष तीन सर्वश्रेष्ठ अखाड़ों को 50 लाख रुपये, 30 लाख रुपये व 20 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इसके अतिरिक्त, जिला स्तर पर भी तीन सर्वश्रेष्ठ अखाड़ों को 15 लाख, 10 लाख और 5 लाख रुपये की राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी वीरवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के खेल प्रांगण में हरियाणा खेल विभाग की तरफ से अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव पर आयोजित हरियाणा कुश्ती दंगल के समापन अवसर पर बोल रहे थे। इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा भी उपस्थित रहे। इससे पहले, मुख्यमंत्री ने विजेता पहलवानों को सम्मानित किया और उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि पिछले दो दिनों से इस दंगल में जिला और क्षेत्रीय स्तर पर 500 से अधिक पहलवानों ने भाग लिया। यह गर्व का विषय है कि आज कुश्ती के अंतिम चरण में पहुंचे 32 पहलवानों में से 16 लड़कियां हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा खेलों की धरती है। जनसंख्या व क्षेत्रफल की दृष्टि से हरियाणा बेशक छोटा राज्य है, लेकिन खेल के क्षेत्र में राज्य की उपलब्धियां बेमिसाल हैं। हरियाणा ने खेल के क्षेत्र में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय स्तर पर खेल क्षेत्र में हुए अनेक बदलाव मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय स्तर पर खेल क्षेत्र में अनेक बदलाव हुए हैं। स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर, चयन प्रक्रिया, खिलाड़ियों को आर्थिक मदद देने वाली योजनाओं और उन्हें ट्रेनिंग देने वाली योजनाओं को प्रभावी बनाया गया है। इसी से प्रेरणा लेते हुए हरियाणा की डबल इंजन सरकार ने भी नई खेल नीति लागू की और जमीनी स्तर से ही टैलेंट की खोज से लेकर उनको प्रशिक्षण प्रदान कर ओलंपिक तक पहुंचाने का एक रोडमैप बनाया गया। इसी का परिणाम है कि आज प्रदेश में अति आधुनिक खेल इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित हुआ है। इस नई खेल संस्कृति से खिलाड़ियों को बड़ा प्रोत्साहन मिला है। ओलम्पिक के अलावा, एशियाई खेलों, राष्ट्रमंडल खेलों और अन्य अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में भी हमारे नौजवानों ने अपनी धाक जमाई हुई है। सरकार ने खिलाड़ियों के लिए सुरक्षित रोजगार किया सुनिश्चित मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने उत्कृष्ट खिलाड़ियों के लिए सुरक्षित रोजगार सुनिश्चित करने हेतु 'हरियाणा उत्कृष्ट खिलाड़ी सेवा नियम 2021' बनाये हैं।

## कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर बैठक की: विनोद शर्मा



टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत**: हरियाणा गर्वनमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन रजिस्टर नंबर 41 कैम्प कार्यालय करनाल मुख्यालय चरखी दादरी संबंधित हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच की शाखा पब्लिक हेल्थ की मीटिंग यूनियन कार्यालय नियर लघु सचिवालय जलघर प्रांगण सोनीपत में दोपहर 12 बजे से 03 बजे तक संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता ब्रांच प्रधान विनोद शर्मा एवं संचालन सचिव सुरेंद्र सिंह ने किया। बैठक में विशेष रूप से जिला प्रधान विष्णु दत भारद्वाज मौजूद रहे ब्रांच प्रधान विनोद शर्मा ने बताया कि आज पब्लिक हेल्थ विभाग के कर्मचारियों की मांग मुद्दों को लेकर विचार-विमर्श किया गया कर्मचारियों ने अपनी समस्याओं को संगठन शिष्य मंडल के संज्ञान में डाला है और मांगों के जल्द से जल्द समाधान की मांग की नेतृत्व द्वारा आप सभी की समस्याओं को विभागीय अधिकारियों के समक्ष प्रमुखता के साथ उठाया जाएगा और जल्द ही आपकी मांगों का समाधान करवाया जाएगा अगर फिर भी मांगों का समाधान नहीं होता है तो विभागीय अधिकारियों के समक्ष धरना-प्रदर्शन गेट मीटिंग पुतला दहन आदि रुप से रोष प्रदर्शन किया जाएगा इसलिए संगठन विभागीय अधिकारियों एवं सरकार से कर्मचारियों की मांगों का त्वरित समाधान की अपील करता है कर्मचारियों की मुख्यत मांग वर्ष 2020-2023 की एलटीसी का भुगतान कैशलैस इलाज पदोन्नति वेतन विसंगति 18 महीने का बकाया डी ए एरियर आठवें वेतनमान आयोग गठित करने जीपीएफ मेडिकल शिक्षा बिलों की पेमेंट जल्दी करने जर्जर जलघरों स्टाफ कवाटरों की मरम्मत सेफ्टी किट टूल किट आदि मांगों का समाधान करने बारे में विचार-विमर्श किया गया।

## जन संपर्क विभाग का सूचना केन्द्र बना महोत्सव में अपनों से बिछुड़ों का सहारा

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** : अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में जहां जनसंपर्क विभाग की राज्य स्तरीय प्रदर्शनी के माध्यम से विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जहां महोत्सव में आने वाले पर्यटकों मिली, वहीं लोगों तक सूचनाओं का प्रसार करने के लिए सूचना एवं जनसंपर्क विभाग कुरुक्षेत्र द्वारा बनाए गए सूचना केंद्र पर प्रतिदिन लोगों तक नवीनतम सूचनाएं पहुंचाई जा रही है। स्टाल नंबर-1 पर विभाग के कर्मचारियों ने उद्घोषणा



के माध्यम से अब तक हजारों अनाउंसमेंट की गई है। महोत्सव में विभाग के कर्मचारियों ने ऐसे बच्चों को जो अपने परिजनों से बिछड़ गए थे, उन्हें उनके परिजनों से मिलवाया जा रहा है।

## 30 सालों में हजारों कलाकारों को मुकाम देने का काम किया गीता महोत्सव ने

**मंच**

**▶▶ इस महोत्सव के मंच के सहारे ही सरकार ने उन्हें वर्ष 2024 में पद्मश्री अवार्ड से नवाजा**



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** :पद्मश्री एवं हरियाणा के प्रसिद्ध लोक कलाकार डॉ महावीर गुड्डू ने अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव को 30 सालो से एक जीवन की तरह जीया हैं। इस समय अवधि के दौरान महोत्सव के मंच से हजारों कलाकारों को आगे बढते हुए और अपना मुकाम हासिल करते हुए अपनी आंखों से देखा हैं। इस महोत्सव के मंच के सहारे ही सरकार ने उन्हें वर्ष 2024 में पद्मश्री अवार्ड से नवाजा है।

पद्मश्री डॉ महावीर गुड्डू ने शुक्रवार को अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव मे विशेष बातचीत करते हुए कहा कि 14 अगस्त 1972 से कला और संस्कृति के मंच से जुड? का एक मौका मिला। इस मंच के साथ जुडने में उनके दादा स्वतंत्रता सैनानी पंडित किशनू राम, पिता एवं लेखक पंडित श्रीचंद और माता किशनी देवी का अहम योगदान रहा हैं। इसके साथ ही मास्टर सुभाष ने उनकों तराशने का काम किया। इस दौरान गांव गंगोली में प्राथमिक शिक्षा ग्रहण की और कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय के डिग्री हासिल की। इतना ही नहीं 2 वर्ष पूर्व अमेरिका लांसऐंजलिस में शिक्षा और संस्कृति में पीएचडी की उपाधि मिली। इस शिक्षा के साथ-साथ अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव से भी पिछले 30 सालों से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि अतंराष्ट्रीय गीता महोत्सव के छोटे से बड़ा होते हुए अपनी आंखों से देखा हैं। इस 30 साल की अवधि में अतंराष्ट्रीय गीता महोत्सव के मंच से हजारों कलाकारों ने अपना मुकाम हासिल किया। ये कलाकार आज भी इस मंच के साथ जुड़े हुए हैं। इस महोत्सव को धर्म संस्कृति और शिक्षा का महाकुम्भ कहे तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। क्योंकि इस मंच पर धार्मिक, सांस्कृति और शिक्षा को लेकर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता हैं। यह तीनों विषय अतंराष्ट्रीय गीता महोत्सव में रम चुके हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के प्रयासों से संस्कृति का यह महाकुम्भ नित रोज एक नई इबादत लिखने का काम कर रहा हैं। इस मौके पर अतंराष्ट्रीय गीता महोत्सव मेला प्राधिकरण के सदस्य सौरभ चौधरी उपस्थित थे।

पंडित लख्मी चंद अवार्ड से लेकर पद्मश्री तक का सफर

प्रसिद्ध लोक कलाकार डॉ महावीर गुड्डू ने अपनी कला के दम पर सबसे पहले पंडित लख्मीचंद अवार्ड हासिल किया।

## आर्य समाज की मजबूती में सत्यवीर का अविस्मरणीय योगदान

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत**: स्थानीय काठ मंडी स्थित आर्य समाज द्वारा संचालित आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में संस्था के पूर्व प्रधान सत्यवीर सिंह शास्त्री की 89वीं जयंती पर वैदिक रीति से यज्ञ कर उन्हें याद किया और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। संस्था के पूर्व प्रधान कपिल देव यज्ञ के ब्रह्मा रहे जबकि पूर्व प्रधान धर्मप्रकाश दहिया, पूर्व मंत्री प्रताप सिंह शास्त्री, प्रधान विजय कुमार, कोषाध्यक्ष सुरेश बंसल,



सत्यवीर सिंह सरोहा ने यजमान की भूमिका निभाई। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व प्रधान कपिल देव ने कहा कि सत्यवीर सिंह शास्त्री इस संस्था के जन्मदाताओं में से एक थे जिन्होंने आर्य समाज की मजबूती के लिए अपना अविस्मरणीय योगदान दिया। उन्होंने सारा जीवन महर्षि

**याद किया**

**▶▶ पूर्व प्रधान सत्यवीर सिंह शास्त्री की 89वीं जयंती पर वैदिक रीति से यज्ञ कर उन्हें याद किया**

दयानन्द सरस्वती की क्रांतिकारी एवं समाज सुधारक विचारधारा को यथार्थ के धरातल पर प्रस्तुत करने के लिए लगाया और एक के बाद संकटों का सामना करते हुए इस संस्था को मजबूती के साथ खड़ी करने का काम किया। उन्होंने कहा कि श्री शास्त्री ने आर्य समाज के छठे नियम अविद्या का नाश और विद्या की वृद्धि करनी चाहिए, को न केवल आत्मसात किया बल्कि इस नियम को यथार्थ स्वरूप प्रदान करने तथा जरूरतमंद परिवारों तक कम खर्च में शिक्षा पहुंचाने के उद्देश्य से वर्ष 1979 में मास्टर रामचंद के सहयोग से इस स्कूल को शुरू करने का ऐतिहासिक काम किया।

## मुरलीधर डीएवी पब्लिक स्कूल मे मनाया गया भाषा उत्सव

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला**: मुरलीधर विद्यालय में शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित भाषा उत्सव 4 दिसम्बर से 11 दिसम्बर तक मनाया गया। भाषाओं के माध्यम से एकता के अन्तर्गत विभिन्न भाषाओं में प्रतियोगिता करवाई गई। जिसके अन्तर्गत अंग्रेजी भाषा में तकनीकी शिक्षा द्वारा कहानी सुनाना प्रतियोगिता, हिन्दी भाषा मे आशुभाषण प्रतियोगिता तथा पंजाबी भाषा मे कविता प्रतियोगिता आयोजन किया गया। विजयी छात्रों को प्रधानाचार्य डॉ आर आर सूरी जी द्वारा पुरस्कृत किया गया। प्रधानाचार्य ने सभी छात्रों को



अपनी भाषा का महत्व बताते हुए कहा कि छात्रों के सवार्गीण विकास के लिए मातृभाषा अत्यंत आवश्यक है क्योंकि छात्र अपने भावों की अभिव्यक्ति मातृभाषा में ही कर सकते है। इसलिए सभी छात्रों को अपनी मातृभाषा को सम्मान देना चाहिए।

## दुष्कर्म करने का आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत: कुंडली** थाना सोनीपत पुलिस ने नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित राजेश उर्फ राजू निवासी कुंडली का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। एक महिला ने गत 10 दिसंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि वह मेहनत-मजदूरी का काम करती है। काम के सिलसिले में बाहर जाना पड़ता है। उसकी बेटी भी उनके साथ काम करती है। उनके पड़ोस में दुकान संचालक उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया।

## यशस्वी छात्रवृत्ति योजना पर विशेष सेमिनार आयोजित

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** : पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उमरी एवं राजकीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र में नवीन जिंदल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना पर एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जेएसपीएल फाउंडेशन की चेयरपर्सन और ओपी जिंदल विश्वविद्यालय की चांसलर शालू जिंदल के निजी सलाहकार सतीश भारद्वाज ने शिरकत की। ओर यशस्वी छात्रवृत्ति योजना की जानकारी सांझा की

**योजना की विशेषताएं और पात्रता शर्तें**

सेमिनार के दौरान सतीश भारद्वाज



ने योजना की विशेषताओं और पात्रता शर्तों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन होनहार छात्रों के लिए शिक्षा के नए द्वार खोलती है। योजना के तहत कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के स्थायी निवासी, जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय 2.5 लाख रुपये से कम है और जो 12वीं कक्षा में 75% या उससे अधिक अंक प्राप्त कर चुके हैं, इसके पात्र होंगे। 10वीं के छात्रों के लिए अंक सीमा नहीं है, लेकिन वे किसी सरकारी या निजी आईटीआई या पॉलिटेक्निक संस्थान में नामांकित होने चाहिए। इसी दौरान एक बच्चे ने सवाल किया क्या यह कॉलेज में भी जारी रहेगी तो सतीश भारद्वाज ने बताया स्नातक एवं स्नातकोत्तर के साथ-साथ भले ही पीएचडी करें यह योजना जारी रहेगी लेकिन कॉलेज में जाने के बाद आपके प्रथम वर्ष में कम से कम 60% नंबर होने चाहिए, किसी भी पेपर में रि-अपीयर नहीं होनी चाहिए, कॉलेज में 75% हाजरी होनी चाहिए एवं कॉलेज की तरफ से चरित्र प्रमाण पत्र देकर आप आगे की शिक्षा जारी रख सकते हैं।

**पहल**

**▶▶ यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन होनहार छात्रों के लिए शिक्षा के नए द्वार खोलती है**

## डीईईओ ने खंड नारायणगढ़ के छः स्कूलों का किया दौरा

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला**: मिड डे मील, किचन गार्डन, निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत बच्चों को दी जा रही है गुणवत्तापरक शिक्षा और उपायुक्त अंबाला के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम ज्ञान दान की प्रगति का मुआयना करने के लिए जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने राजकीय माध्यमिक विद्यालय शकरपुरा, राजकीय प्राथमिक पाठशाला शकरपुरा, राजकीय माध्यमिक विद्यालय लालपुर, राजकीय प्राथमिक पाठशाला लालपुर, पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ज्योली एवं राजकीय प्राथमिक पाठशाला ज्योली का दौरा किया।

राजकीय प्राथमिक पाठशाला



शकरपुरा में अधिकारी ने निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत बच्चों का शिक्षा का स्तर उनके माता-पिता के सामने ही जांचा जिस पर न केवल बच्चों के माता-पिता ने बल्कि अधिकारी ने भी संतोष व्यक्त किया। राजकीय माध्यमिक विद्यालय शकरपुरा में उन्होंने अध्यापकों एवं ग्राम वासियों के सहयोग से विद्यालय में नवनिर्मित लाइब्रेरी का उद्घाटन किया और बच्चों को संबोधित करते हुए उन्हें पुस्तकों को अपना सबसे अच्छा मित्र मानते हुए उनसे जुड़ने की प्रेरणा दी। इस विद्यालय में निरीक्षण के दौरान जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विद्यालय में लगभग एक हजार गज में बने किचन गार्डन व विभिन्न प्रकार के फूलों की क्यारियां देखकर बहुत प्रसन्न हुए।

**जांचा**

**▶▶ बच्चों का शिक्षा का स्तर उनके माता-पिता के सामने ही जांचा जिस पर न केवल बच्चों के माता-पिता ने बल्कि अधिकारी ने भी संतोष व्यक्त किया**

श्री कालड़ा ने विद्यालय में पहुंचे ग्राम पंचायत एवं एमसी के सदस्यों के साथ संवाद किया और उन्हें विभाग की ओर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया तथा विद्यालयों को और अधिक बेहतर बनाने के लिए उन सबके सुझाव लिए। बच्चों को मिड डे मील बांटे जाने के दौरान जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने बच्चों के साथ पंक्ति में बैठकर मिड डे मील चखा और मिड डे मील की गुणवत्ता पर प्रसन्नता व्यक्त की। मिड डे मील के दौरान बच्चों ने जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी को बताया कि उनके विद्यालय में पंजाबी अध्यापक श्री जसमेर सिंह पिछले लगभग एक वर्ष से सेवानिवृत्ति के पश्चात भी अपनी निशुल्क शिक्षण सेवाएं दे रहे हैं। जिस पर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने मौके पर ही निःस्वार्थ भाव से सेवा करने के लिए जसमेर सिंह को तथा विद्यालय में किचन गार्डन, पुस्तकालय एवं बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा देने के लिए विद्यालय मुखिया बाबू राम, विज्ञान अध्यापक विनोद कुमार सैनी और बहुउद्देशीय कर्मी सुरेंद्र कुमार को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।

## डॉ केशवानंद ममगाई की 13वीं पुण्यतिथि पर गरीब बच्चों को मुफ्त बूट वितरित किए

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** : महंत वंशी पुरी जी के आशीर्वाद से महंत प्रभात पुरी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के परिसर मे साहित्य अकादमी अवार्डी डा केशवानंद ममगाई की 13वीं पुण्य तिथि पर गरीब बच्चों को मुफ्त बूट वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्राचार्य भजन राठोर ने अपने संबोधन में कहा कि डा ममगाई हरियाणा की पत्रकारिता के पितामह थे। उन्होंने 1957 में अविभाजित पंजाब में आर्य समाज द्वारा चलाए गए हिंदी आंदोलन में भाग लेने के कारण के केंद्रीय जेल अंबाला में साढ़े पांच महीने भीषण यातनाएं सही। इससे पूर्व डा केशवानंद ममगाई की पत्नी सुशीला, सुपुत्र सुभाष शर्मा व पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा शैलेन्द्र ममगाई, पुत्रवधू



सरिता शर्मा व शोभा शर्मा तथा पौत्र ध्रुव ने पुष्पांजलि अर्पित की। तत्पश्चात परिवार द्वारा 50 निर्धन बच्चों को मुफ्त जुते तथा स्कूल के अन्य सभी बच्चों को बिस्किट व टाफी का वितरण करवाया। अंत में, विधालय प्रबंधक सुनील सचदेवा ने डा ममगाई को श्रद्धांजलि देते हुए शर्मा परिवार का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उप प्राचार्य मंजुला शर्मा, रीटा रानी, ज्या वत्स, डा संतोष शर्मा, मोनिका माटा, ज्योति रानी, रेखा रानी, मोनिका, हैड टीचर सुशीला देवी, अनु पाहवा, सुमन धीमान, अनिता वालिया, पिंकी रानी, आलिषा अरोड़ा, सीमा शर्मा, अनूप शर्मा, मधु, मनप्रीत वर्मा व महेंद्र सैनी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# शहर व मार्गो पर घूमने वाले आवारा पशुओं पर शिकंजा कसेगा प्रशासन: डॉ.पंकज

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**हरियाणा** सरकार के अतुल्य प्रयासों के तहत जिला सचिवालय में लगाये जा रहे समाधान शिविर में हर वर्ग के लोग अपनी समस्याओं के समाधान को लेकर सवेरे ही पहुंचना शुरू हो जाते है। उम्मीदों के जरिये समस्याओं के समाधान को लेकर शिविर में पहुंचने वाले ज्यादातर वे लोग है जिनकी समस्याओं का समाधान लंबे समय से लटका हुआ है। उनको इन शिविरों पर इसलिए भी ज्यादा उम्मीद है क्योंकि समाधान शिविरों में पहुंच रही समस्याओं को प्रशासनिक अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर हल कर रहे है।



अतिरिक्त उपायुक्त डॉ.पंकज ने जिला सचिवालय सभागार में शुक्रवार को शिविर की अध्यक्षता करते हुए कहा कि शहर में आवारा पशुओं को लेकर सर्वे किया जा रहा है। सर्दी के मौसम में आवारा पशुओं की वजह से कई बार बड़ी घटनाएं घट जाती है। इस पर अंकुश लगाने के प्रयास किये जा रहे है। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि शहर की साफ सफाई को लेकर प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी के ढेर अब नजर नहीं आएंगे। निगम के क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति अगर गंदगी को बढ़ावा देगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही होगी। कोई भी व्यक्ति गंदगी के संदर्भ में फोटो खेंच कर भेज सकता है। इसमें जिन अधिकारियों के अंतर्गत वह क्षेत्र आता है। उनसे इस बारे में जवाब देही होगी। टोल फ्री नम्बर भी इसके संदर्भ में जारी किया जा रहा है। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि प्रशासन और भी कई ज्वलंत मुददों के हल को लेकर कार्य कर रहा है। जिसके सार्थक परिणाम भविष्य में नजर आयेंगे।

समाधान शिविर में समस्या लेकर पहुंची जिला परिषद की पूर्व सदस्य रंजिता कौशिक ने गांव मांडी के पशुओं के उपयोग में न आने वाले तालाब की दुर्गंध से बीमारी फैलने की आशंका जाहिर की व बताया कि पास में सरकारी स्कूल व शिव मंदिर है। तालाब की दुर्गंध 700 के करीब मकानों में रहने वाले लोग प्रभावित हो रहे है। समाधान की प्रार्थना प्रशासन से की। अतिरिक्त उपायुक्त ने तत्काल समस्या की गंभीरता को जानते हुए निरीक्षण करने के निर्देश दिए। एक अन्य शिकायतकर्ता नाजमीन बेगम वासी दीना नाथ कॉलोनी ने हरियाणा स्कीम के तहत कच्चे मकान को पक्का बनवाने के लिए दी जाने वाली राशि दिलवाने की गुहार प्रशासन से लगाई।

# 1 करोड़ 6 लाख लोगों ने सोशल साइट की आंखों से देखा गीता महोत्सव

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के हर लम्हे को देश विदेश के 1 करोड़ 6 लाख लोगों ने सोशल साइट (फेसबुक, इंस्टाग्राम व टवीटर) की आंखों से देखा। इस महोत्सव की यादों को हमेशा तरोताजा रखने के लिए 17 लाख लोगों ने इंटरनेशनलगीतामहोत्सव.इन पर वीडियो को देखा और डाउनलोड किया। इतना ही नहीं साइट के माध्यम से 31 लाख लोगों ने महोत्सव की फोटो को भी डाउनलोड कर अपने घर की शोभा बढ़ाने का प्रयास किया है।
केडीबी के मानद सचिव उपेन्द्र सिंघल ने बातचीत करते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव की वेबसाइट को अपडेट करने का जिम्मा नीरज और उसके साथियों



की एजेंसी को सौंपा। इस एजेंसी ने इंटरनेशनलगीतामहोत्सव.इन वेबसाइट पर महोत्सव की 28 नवंबर से लेकर अब तक तमाम गतिविधियों और कार्यक्रमों को अपडेट करने का काम किया है। इस एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार वेबसाइट की फेसबुक, टवीटर और इंस्टाग्राम के साथ देश विदेश के 1 करोड़ 6 लाख लोग जुड़े है। इसके साथ ही 75 लाख लोगों ने साईट पर अपलोड की गई वीडियो को तथा 31 लाख लोगों ने फोटो को पसंद किया है।
उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव की वेबसाइट पर 17 लाख 11 हजार 519 हीटस भी किए गए है। इस समय महोत्सव के साथ मुख्यत भारत के प्रमुख राज्य, अमेरिका, पोलैंड, कनाडा, जापान, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, जर्मनी, इजरायल, तंजानिया सहित अन्य देश भी ऑन प्रणाली से जुड़े हुए है। इन आंकड़ों से नजर आने लगा है कि प्रदेश सरकार और कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के प्रयास रंग लाने लगे है।
इन प्रयासों के चलते अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के धार्मिक, सांस्कृतिक और शिक्षा क्षेत्र से जुड़े सभी कार्यक्रम विश्व के कोने-कोने तक पहुंच रहे है और लोग पवित्र ग्रंथ गीता के साथ जुड़ रहे है।

## न्यूज फ्लैश

### जिला में आयोजित रोजगार मेले में 50 से अधिक कंपनियां लेंगी भाग।



**पानीपत, ( ;कमाल हुसैन )** सोमवार 15 दिसंबर को स्थानीय आर्य कॉलेज के मैदान में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा इसको लेकर जिला सचिवालय में सीईओ जिला परिषद नरेन्द्र पाल की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें रोजगार विभाग, सूक्षम, लघु एवं मध्यम विभाग, हरियाणा स्किल डेवलॉपमेंट मिशन व आईटीआई के अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया। सीईओ जिला परिषद नरेन्द्र पाल ने बताया कि जिला पानीपत में हरियाणा राज्य ग्रामीण अधिनियम मिशन द्वारा 16 दिसम्बर को रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्णलाल पंवार बतौर मुख्यअतिथि शिरकत करेंगे। इस कार्यक्रम में 50 से अधिक कम्पनियां भाग लेंगी व लगभग 3 हजार से ज्यादा उम्मीदवारों को जॉब ऑफर दिलवाया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को आदेश देते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा लोगो की भागीदारी करना सुनिश्चित करें ताकि बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध करवाया जा सके।

### हरियाणा राज्य बाल अधिकार एवं सरंक्षण आयोग के सदस्य अनिल लाठर

**पानीपत, ( ;कमाल हुसैन )** हरियाणा राज्य बाल अधिकार एवं सरंक्षण आयोग के सदस्य अनिल लाठर व श्याम शुक्ला ने शुक्रवार को माडल टाऊन स्थित डॉ. एम. के. के. पब्लिक स्कूल व राजकीय कन्या विद्यालय सिवाह व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिवाह में सुरक्षा वाहन पोलिसी के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर विद्यार्थियों को पोक्सो एक्ट, जे जे एक्ट, बाल श्रम, बाल विवाह एवं शिक्षा के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। आयोग के सदस्य अनिल ने बताया कि शिक्षा जीवन का द्वार है। हमें शिक्षा को प्राथमिकता देनी चाहिए। शिक्षित व्यक्ति जीवन में दूसरे के लिए भी जीवन के रास्ते बनाता है। इस क्षेत्र में रोजगार की अनंत संभावनाएं है। शिक्षित व्यक्ति समाज में उत्तम स्थान पाता है। हमें शिक्षा की लौ को जगाने के लिए पहले स्वयं शिक्षित होना पड़ेगा। आयोग के सदस्य श्याम शुक्ला ने बच्चों को गुड टच एवं बैड टच के बारे में जागरूक किया। उन्होनें कहा कि बच्चे भगवान का रूप है। हमें उनमें ऐसे संस्कार डालने चाहिए जो अगली पीढ़ी के लिए प्रेरणा बन सके। देश के विकास में बच्चों का अहम योगदान रहता है। उन्हें हर क्षेत्र की जानकारी होनी चाहिए ताकि वे जिस में क्षेत्र में जाएं उसमें उनकी प्रतिभा दिखाई पड़े व उनका किसी भी तरह से शोषण न हो। इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा, बाल कल्याण समिति सदस्य अशोक कुमार, जिला बाल संरक्षण यूनिट से हरिदास शास्त्री, मानव तस्करी विभाग से सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

### विरासत और लुप्त हो रही मेलो की परम्परा को सहेजना का काम किया महोत्सव ने: सुमन सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरूक्षेत्र: मुख्य**मंत्री की धर्म पत्नी सुमन सैनी ने कहा कि देश की सांस्कृतिक विरासत व लुप्त हो रही मेलो की परम्पराओं को अन्तर्राष्ट्द्रीय गीता महोत्सव ने सहेजने का काम किया हैं। इस महोत्सव में देश विदेश से लाखों लोग कुरूक्षेत्र पहुंचते हैं। इससे कुरूक्षेत्र के व्यापारियों, छोटे दुकानदारों को भी आर्थिक रूप से फायदा होता है। अब यह महोत्सव कुरूक्षेत्र ही नहीं हरियाणा के लिए बड़ा त्योहार बन चुका हैं। इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल को जाता हैं। मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी सुमन सैनी शुक्रवार को देर सांय: कुरूक्षेत्र विकास बोर्ड कार्यालय के परिसर में पत्रकारों से बातचीत कर रही थी। इससे पहले मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी का पहली बार केडीबी में पहुंचने पर मानद सचिव उपेन्द्र सिंघल, जिला अध्यक्ष सुशील राणा, चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर, प्राधिकरण के सदस्य सौरभ चौधरी, केडीबी सदस्य डॉ ऋषिपाल मथाना, एमके मोदगिल, कैप्टन परमजीत सिंह, अशोक रोशा, विजय नरूला ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया।

# नॉन टीचिंग क्लब में लगाया रक्तदान शिविर

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र।** होस्टल मैस वर्कर यूनियन कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र एवं सर्व समाज कल्याण सेवा समिति द्वारा संयुक्त रूप से शुक्रवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के नॉन टीचिंग क्लब में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। होस्टल मैस वर्कर यूनियन के प्रधान सुभाष पारचा ने बताया कि शिविर होस्टल मैस वर्कर यूनियन के पूर्व प्रधान स्व. राम प्रकाश पाल की पुण्यतिथि पर लगाया गया है। शिविर में 25 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर स्व राम प्रकाश पाल को श्रद्धांजलि अर्पित की। शिविर में मुख्यमंत्री हरियाणा के कुरुक्षेत्र कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी बतौर मुख्यातिथि पधारे व विशिष्ट



अतिथि के तौर पर चीफ वार्डन पुरुष छात्रावास प्रोफेसर जसबीर सिंह ढांडा ने रक्तदाताओं को बैच लगाकर उनका उत्साहवर्धन किया। मुख्यातिथि कैलाश सैनी ने कहा कि रक्त की एक-एक बूंद जीवन के लिए अनमोल है। अतः रक्तदान करके पीड़ित मानवता की सेवा में अहम योगदान दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि रक्त की कुछ बूंदें किसी भी मरणासन्न व्यक्ति के जीवन में नई रोशनी ला सकती है। हम सभी को मानव कल्याण के लिए रक्तदान करते रहना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि मानव रक्त का कोई विकल्प नहीं है और यह मानव से ही लिया जा सकता है। प्रोफेसर जसबीर सिंह ढांडा ने कहा कि रक्त का निर्माण किसी फैक्ट्री में नहीं होता है। रक्तदान करना जरूरतमंदों की जिंदगी बचाने का पुण्य कार्य है।
इस अवसर पर कुंटिया प्रधान रजवंत कौर, समिति के प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर सैनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कर्मवीर सैनी, मीडिया प्रभारी तरुण वधवा, सेवा सिंह, होस्टल मैस वर्कर यूनियन के प्रधान सुभाष पारचा, उपप्रधान ख्याली राम, महासचिव कृष्ण चन्द सैनी, सह सचिव उमाशंकर, कोषाध्यक्ष अमन कुमार, प्रैस सचिव भारत लाल, मुख्य सलाहकार रजनीश मिश्रा, रिटायर्ड कर्मचारी संघ के चेयरमैन जितेंद्र बंसल, यशपाल नारंग, भारत भूषण, संत कुमार, रोबी राणा मौजूद रहे।

# मादक पदार्थ तस्करी की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: क्राइम** यूनिट कुंडली पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित प्रवीन निवासी इंडियन कॉलोनी हाल में जटवाड़ा का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है।
सहायक उप निरीक्षक सुनील की टीम गश्त के दौरान सब्जी मंडी चौक के पास मौजूद थी। उसी दौरान सूचना मिली कि इंडियन कॉलोनी में कोई मादक पदार्थ बेच रहा है। टीम ने छापेमारी करते हुए आरोपित को फौजी कैंटीन के पास से काबू कर लिया। उसके पास से तलाशी के दौरान संदिग्ध पदार्थ मिला। जिसका वजन करने पर उसके पास हीरोइन 82 ग्राम बरामद हुआ। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। जांच अधिकारी उप निरीक्षक प्रदीप की टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित को अदालत में पेश कर रिमांड की अपील की। अदालत ने आरोपित को पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

# हड्डी रोग विशेषज्ञ की कोर्ट ड्यूटी व पोस्टमार्टम तो दूसरा छुट्टी पर चल रहा

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: नागरिक** अस्पताल में हड्डी रोग विशेषज्ञ की ओपीडी कई दिन से बंद पड़ी है। जिसके चलते अस्पताल में आने वाले मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा। अस्पताल में रजिस्ट्रेशन काउंटर के बाहर घंटों लाइन में खड़े रहे। उसके बाद उन्हें ओपीडी में चिकित्सक न होने के चलते वापस निराश होकर वापिस लौटना पड़ा। हड्डी रोग विशेषज्ञ ओपीडी में तैनात एक चिकित्सक की छुट्टी पर जाने व दूसरे की ड्यूटी प्रबंधन की तरफ से पोस्टमार्टम में लगाने के चलते चलते ओपीडी नहीं खुली। अस्पताल प्रबंधन व प्रशासन की तरफ से चिकित्सकों की ड्यूटी वीआईपी लगाने के चलते हर रोज सैकड़ों मरीजों को बिना उपचार के वापिस लौटना पड़ रहा है। बता दें कि नागरिक अस्पताल में गत सोमवार से हड्डी रोग विभाग ओपीडी के गेट पर ताला लटका हुआ है। प्रबंधन की तरफ से नोटिस चस्पाया हुआ है। वहीं अस्पताल में सुबह से रजिस्ट्रेशन काउंटर के बाहर मरीजों की लंबी लाइन लग जाती है। करीब एक घंटे से ज्यादा समय लाइन में खड़े होने के बाद मरीजों को हड्डी रोग चिकित्सक की ओपीडी में न होने की जानकारी मिल पाती है। अस्पताल में हर रोज करीब दो हजार से ज्यादा का ओपीडी रजिस्ट्रेशन है।

# शिक्षक मौत मामला- नौ माह बाद भी नहीं मिल रहा न्याय

**टीम एक्श इंडिया**
**सोनीपत: सदर** थाना क्षेत्र के कबीरपुर रोड पर गाड़ी के अंदर संदिग्ध हालत में मिले शिक्षक के शव के मामले में पुलिस नौ माह बाद कार्यवाही न करने का आरोप मृतका की मां ने लगाया है। पीड़िता का आरोप है कि 9 महीने बीत जाने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। वह बेटे के केस को लेकर पुलिस अधिकारियों के पास जाती है तो उन्हें मिलने नहीं दिया जा रहा। शिक्षक की मां ने अब राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के नाम पत्र लिखकर सीबीआई जांच की मांग की है। मां ने आरोप

**आरोप**

**शिक्षक के शव के मामले में पुलिस नौ माह बाद कार्यवाही न करने का आरोप मृतका की मां ने लगाया**

लगाया कि उसे शक है कि इस सारे प्रकरण में पुलिस भी हत्या को आत्महत्या में तब्दील करने के लिए जांच को सिर्फ एक एंगल से ही दिखने का प्रयास कर रही है।
**यह था मामला-** आनंद विहार एकता कॉलोनी निवासी राजबाला ने बताया कि उसके पास दो लड़के है। उसका बड़ा बेटा कुलदीप टीजीटी पद पर नूंह में कार्यरत था। बेटे कुलदीप की शादी 28 फरवरी 2024 को कबीरपुर रोड कृपाल नगर नजदीक कृपाल आश्रम के पास एक लड़की से हुई थी।
शादी होने के बाद आरोपितों ने बेटे पर सोनीपत में रहने के लिए दबाव बनाया। बेटा कुलदीप मानसिक रूप से काफी परेशान था। गत 16 मार्च 2024 को बेटा व बहू दोनों अपनी गाड़ी से कोसली से सोनीपत के लिए सवेरे निकले थे।

# सालाना उर्स मुबारक शुरू हुआ

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
शमसुद्दीन तुर्क पानीपत उर्फ शाह विलायत साहब सनौली रोड पर तीन दिवसीय सालाना उर्स मुबारक शुरू हो गया है। इस मौके पर झंडा पोशी की रस्म में डॉक्टर जमाल सिद्दीकी राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा भाजपा व हरियाणा बोर्ड के प्रशासक चौधरी जाकिर हुसैन ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और झंडा पोशी की रस्म अदा की। इस बारे में हाफिज मोहम्मद साबरी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह हजरत ख्वाजा हाफिज शमसुद्दीन साहब तुर्क पानीपत का 745 वा उर्स मुबारक है जो कि हर साल हरियाणा वक्फ बोर्ड की ओर से मनाया जाता है।

# 16 से 30 तक कानूनी सेवाओं के प्रति किया जाएगा जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोमपाल सैनी**
**सोनीपत:** मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के प्रचेता सिंह ने बताया कि जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा खरखौदा उपमण्डल में स्थित स्कूली बच्चों को जिला वैकल्पिक विवाद समाधान केंद्र की सेवाओं के बारे, कानूनी सेवा संस्थानों / डीएलएसए के कार्य, स्थायी लोक अदालत (सार्वजनिक उपयोगिता सेवाएं), मध्यस्थता केंद्र, विधवा सेल, लोक अदालतें, नालसा योजनाएं, एचवीसीएस योजना, राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण की गिरफ्तारी से पहले, गिरफ्तारी और रिमांड चरण में न्याय तक शीघ्र



पहुंच योजना तथा नालसा की राष्ट्रीय कानूनी हेल्पलाइन संख्या 15100 के बारे में जागरूक करने के लिए कैंप आयोजित किए जाएंगे ताकि जरूरत पडने पर पात्र व्यक्ति इन योजनाओं का लाभ ले सकें। उन्होंने बताया कि इन कैंपों की शुरूआत 16 दिसंबर से खरखौदा स्थित कल्पना चावला विद्यापीठ स्कूल से की जाएगी। इसके पश्चात 17 दिसंबर को एपीजी पब्लिक स्कूल, 18 दिसंबर को ब्राईट वेज इंटरनेशन स्कूल,
19 दिसंबर को बिरला चिल्ड्रन

**अवगत**

**कानूनी हेल्पलाइन संख्या 15100 के बारे में जागरूक करने के लिए कैंप आयोजित किए जाएंगे**

अकेडमी, 20 दिसंबर को मटिण्डू स्थित गुरूकूल सीनियर सैकेण्डरी स्कूल, 21 दिसंबर को दा स्टैंडफोर्ड स्कूल, 23 स्कॉलर कान्वेंट सीनियर सैकेण्डरी स्कूल, 24 दिसंबर को तक्षिला पब्लिक स्कूल, 25 दिसंबर को प्रताप सिंह मैमोरियल स्कूल में जागरूकता कैंप आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 26 दिसंबर को हैरीटेज वर्ल्ड इंटरनेशनल स्कूल, 27 दिसंबर को ज्ञानदीप सीनियर सैकेण्डरी स्कूल, 28 दिसंबर को ब्रह्मद्शक्ति सीनियर सैकेण्डरी स्कूल तथा 30 दिसंबर को जेबीएच सीनियर सैकेण्डरी स्कूल में जागरूता कार्यक्रम कर बच्चों को कानूनी सेवाओं के प्रति जागरूक किया जाएगा।

# महिला तस्कर को हेरोइन सहित किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: हरियाणा** एनसीबी यूनिट रोहतक द्वारा गांव छोटा थाना खुर्द से एक महिला नशा तस्कर को 18 ग्राम 43 मिलीग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। आरोपित के खिलाफ संबंधित थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो महानिदेशक ओपी सिंह, आईपीएस के दिशा निदेर्शों पर एवं पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा, पंखुड़ी कुमार के नेतृत्व में समूचे हरियाणा में नशा तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान नशा मुक्त हरियाणाझ्रनशा मुक्त भारत के तहत कार्रवाई करते हुए हरियाणा एनसीबी यूनिट रोहतक ने महत्वपूर्ण सुराग जुटाते एक महिला नशा तस्कर को 18 ग्राम 43 मिलीग्राम हैरोइन सहित गांव छोटा थाना खुर्द जिला सोनीपत को मटिंडू चौंक बरौनी रोड खरखौदा से काबू किया।
प्राथमिक जानकारी के अनुसार हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो युनिट रोहतक के प्रभारी उप निरीक्षक जयवीर सिंह ने बताया कि नशीले पदार्थ की रोकथाम के संबंध में रोहताश टीम सहित मटिंडू चौंक, खरखौदा पर मौजूद थे।

# चीनी मिल पेराई सत्र: तकनीकी खराबी के चलते बंद हो गया था पेराई सत्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: दी सहकारिता** चीनी मिल सोनीपत में में तकनीकी खराबी के चलते पेराई सत्र पर ब्रेक लग गया था। करीब पांच घंटे के बाद पेराई सत्र पटरी पर लौटा। उसके बाद मिल प्रबंधन ने राहत की सांस लेते हुए पेराई सत्र को सुचारू रूप से चलाने में सफल हो रही है। पांच घंटे पेराई सत्र रूकने के चलते गन्ना उत्पादकों को अपने नंबर का इंतजार करने पर मजबूर होना पड़ा। वहीं खेतों से किसान पेराई सत्र के लिए समय पर गन्ना लेकर यार्ड में पहुंच रहे है। बता दें कि सोनीपत चीनी मिल को पेराई सत्र गत 25 नवंबर को सहकारिता मंत्री डा. अरविंद शर्मा द्वारा बटन दबाकर किया गया था। हालांकि यार्ड में गन्ना कम होने के चलते पेराई सत्र को रोक दिया गया। उसके बाद कई दिनों तक पेराई सत्र बेहद धीमी गति से चल पाया। मिल प्रबंधन की तरफ से पेराई सत्र को सुचारू रूप से चलाने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी। वहीं बुधवार को को शैड्यूल चैकिंग ब्रेक लेकर मिल की तकनीकी जांच की गई थी, इसी दौरान इंजीनियर को फाल्ट नजर आया। जिसके बाद पेराई सत्र पांच घंटे तक रुक गया था। गन्ना उत्पादकों को चिंता होने लगी थी। तकनीकी खराबी दूर होने के बाद पेराई सत्र पटरी पर लौट आया। वहीं पर्याप्त गन्ना पहुंचने के गन्ने की पेराई अब ठीक-ठाक रफ्तार से की जा रही है। पेराई सत्र शुरू होने के बाद अब तक करीब 2 लाख 70 हजार क्विंटल गन्ने की पेराई का काम पूरा कर लिया गया है। 6000 क्विंटल गन्ना लेकर किसान पहुंच गए थे।
**चीनी मिल ने 32 लाख क्विंटल गन्ने की है पेराई-** चीनी मिल सोनीपत सोनीपत में वर्ष 2024-25 के लिए 32 लाख क्विंटल गन्ने की बॉडिंग गन्ना उत्पादकों के साथ की है।

# कार्य पारदर्शिता पूर्ण होगा तो ग्राम विकास की अनंत संभावनाएं: नरेंद्र

**टीम एकशन ंडिया**
**पानीपत:** जिला सचिवायल के सभागार में ग्राम सचिवों का दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। प्रशिक्षण शिविर में ग्राम सचिवों को सुबह व दोपहर बाद के दो सत्रों में प्रशिक्षित किया गया। अंतिम दिन ग्राम सचिवों को उनके कार्य, जिम्मेदारियां व उनकी डयूटियों के बारे में एसईपीओ द्वारा प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण शिविर में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नरेन्द्र पाल मलिक ने ग्राम सचिवों को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी सोच परिपक्व होनी चाहिए व उनका कार्य पारदर्शिता पूर्ण हो।
मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने



बताया कि गांव का विकास उनका विजन होना चाहिए। क्योंकि बगैर विजन के हम विकास की संभावना भी नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि वे हमेंशा जिस भी विकास संबंधी कार्य में भागीदारी करें उसमें तल्लीनतापूर्वक कार्य करें व समन्वय स्थापित कर कार्य को पूर्ण करें। डिप्टी कार्यकारी अधिकारी कंचन ने कहा कि ग्राम सचिवों को अपने अधिकारों व अपनी डयूटियों का पता होना चाहिए। इससे वे किसी भी प्रकार के विवादों से बच सकते है। ग्राम सचिव की ग्राम विकास में अहम भूमिका होती है। इसको हमेशा ध्यान में रखकर कार्य करना चाहिए। इन दो दिनों में ग्राम सचिवों को प्रशिक्षण के दौरान सीएम विंडो, जन संवाद के बारे में पीओ चिराग व क्लर्क जितेश ने जानकारी दी। मनरेगा, वीएएनजीवाई, एमपीएलएडी और एसएजीवाई के बारे में पीओ रणसिंह ने विस्तार से बताया। जिला समन्वयक सविता ने प्रधानमंत्री आवास योजना -ग्रामीण के बारे में जानकारी दी।
शिविर में पंचायती राज के कार्यकारी अभियंता प्रदीप कुमार ने तकनीकी ईश्यू के बारे में ग्राम सचिवों को जानकारी दी। डीपीएम मुनतंजार आलम ने एचएसआरएलएम के बारे में जानकारी दी। डीपीएम अंजू व हरिश बंसल ने आरजीएसए, ग्राम पोर्टल, पीएम विशकर्मा, एफएफसी, जीपीडीपी और प्रोपर्टी आईडी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बीसी लोकेश हुरिया व साहयक नवनीत ने एसबीएम-जी के बारे में बताया। पंचायत रिकार्ड, आरटीआई और पंचायत ईश्यू के बारे में प्रजान मेहरा ने जानकारी दी।

# बुराड़ी में अलग-अलग जगहों पर हुई नुक्कड़ सभाओं में जुटी लोगों की भारी भीड़





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर दिल्ली की जनता के बीच अपनी उपस्थिती दर्ज करवाने के लिए व दिल्ली सरकार के भ्रष्टाचारों को दिल्ली के घर-घर तक पहुंचाने के लिए दिल्ली प्रदेश भाजपा द्वारा चलाए जा रहे नुक्कड़ सभा में दिल्ली की जनता काफी रूचि दिखा रही है व भाजपा के इस कार्यक्रम में लोगों की भीड़ भी जुट रहीं है। इसी कड़ी में बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले मुकुंदपुर वार्ड मंडल व संत नगर मंडल में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। नुक्कड़ सभा का आयोजन शक्ति केंद्र प्रमुखों के द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में जिला महामंत्री व मुकुंदपुर वार्ड नंबर-8 से निगम पार्षद गुलाब सिंह राठौड़ रहें और कार्यक्रम में मोजूदा लोगों में जिला उपाध्यक्ष रंजन त्यागी, मुकुंदपुर मंडल अध्यक्ष रामगोपाल शर्मा, महामंत्री प्रकाश सिसोदिया, संतनगर मंडल अध्यक्ष कृष्णपाल सिंह पूर्व निगम पार्षद कौस्तुबानंद बलोदी, पूर्व निगम प्रत्याशी रेखा रावत, सहित भाजपा के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारी सहित क्षेत्र के सैंकड़ों लोग मौजूद रहे। सभा को संबोधित करते हुए गुलाब सिंह राठौर ने कहा कि पिछले दस सालों से पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल एंड पार्टी ने दिल्ली वासियों की गाड़ी कमाई को बिना डकार लिए चट कर गए है और दिल्ली के लोगों को कचरे व गंदगी के ढ़ेर पर बिठा दिया है, लेकिन दिल्ली की जनता अब दिल्ली में बदलाव करके भाजपा की सरकार लाना चाहती है।

इस मौके पर मंडल अध्यक्ष कृष्णपाल ने कहा कि केजरीवाल व उसके भ्रष्टाचारी व कामचोर विधायकों को बख्शनें वाले नहीं है अगर अब आम आदमी पार्टी का कोई भी नेता या प्रत्याशी वोट मांगने आएंगे तो उनको लोगों के गुस्से का सामना करना पड़ सकता है।

# पार्टी ने दिया मौका, जनता का मिला साथ तो मॉडल टाउन में लगेंगे विकास के पंख: माधव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** पिछले दस सालों से मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र का चप्पा-चप्पा विकास को ढूंढ रहा है, लेकिन आम आदमी पार्टी के क्षेत्रीय विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी ने क्षेत्र से विकास को सदैव ही दूर रखा है। लेकिन भाजपा आलाकमान ने मुझे मौका दिया और क्षेत्र की जनता ने मुझपर विश्वास दिखाया तो मॉडल टाउन क्षेत्र को विकास के नए पंख लगा दूंगा और मॉडल टाउन क्षेत्र विकास के नए आयाम को छूएगा,



ऐसा कहना है मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले संगम पार्क वार्ड से पूर्व निगम पार्षद व सिविल लाइन जोन के पूर्व चेयरमैन माधव प्रसाद का। उन्होंने कहा कि विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी ने क्षेत्र में एक भी विकास कार्य नहीं किया है। विधायक की कामचोरी के चलते क्षेत्र का आज बहुत बुरा हाल है। तो वहीं आप के शासन काल में मॉडल टाउन ही नहीं समूची दिल्ली से विकास नदारद हैं।

**भ्रष्टाचार से लिप्त है आप पार्टी:** उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के मुखिया केजरीवाल एंड पार्टी ने दिल्ली को नर्क के गर्क में धकेल दिया है।

विकास करना तो दूर की बात है दिल्ली का पूरी तरह से ही बेड़ागर्क करके रख दिया है। दिल्ली में भाजपा की सरकार आते ही विकास पर पूरा ध्यान दिया जाएगा।
माधव ने वार्तालाप के दौरान कहा कि अगर इस बार पार्टी ने मुझे मौका दिया और क्षेत्र की जनता ने चुना तो मेरी मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र वासियों के लिए पहली प्राथमिकता क्षेत्र में पीने के पानी की समस्या को दूर करूंगा। उन्होंने कहा कि मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ व एजुकेशन पूरी तरह से लचर पड़ा हुआ है।

**पीएम उज्जवला योजना के तहत लोगों को मिलेगा लाभ:** माधव प्रसाद ने कहा दिल्ली में भी भाजपा की सरकार बनते ही दिल्ली वालों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पीएम उज्जवला योजना के तहत सोलर योजना के माध्यम से दिल्ली वालों को 300 यूनिट तक बिजली फ्री तो मिलेगी ही, बल्कि उसमें सब्सिडी भी दी जाएगी।

# अवैध या फर्जी मतदाता को मतदान नहीं करने देंगे: सचदेवा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली बीजेपी के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य दो चुनाव आयुक्तों से मुलाकात कर दिल्ली की मतदाता सूची में लाखों अवैध घुसपैठियों (रोहिंग्या और बांग्लादेशी मूल के), डुप्लीकेट, फर्जी पते वाले और मृत लोगों के नाम शामिल होने का विरोध दर्ज कराया। उन्होंने मांग की कि चुनाव आयोग इन शिकायतों को प्राथमिकता से कानूनी आधार पर हल करे ताकि दिल्ली विधानसभा चुनाव पारदर्शी और निष्पक्ष हों। वीरेंद्र सचदेवा के नेतृत्व वाले इस प्रतिनिधिमंडल में बीजेपी की चुनाव समन्वय समिति के राष्ट्रीय संयोजक ओम पाठक, केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, सांसद



और वरिष्ठ अधिवक्ता बांसुरी स्वराज, दिल्ली बीजेपी मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर और दिल्ली बीजेपी चुनाव समिति के संयोजक अधिवक्ता संकेत गुप्ता शामिल थे। वीरेंद्र सचदेवा ने ईडी को 5000 पन्नों के प्राथमिक सबूतों के साथ विस्तृत प्रस्तुति दी। दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष ने चुनाव आयोग को बताया कि यह हैरानी की बात है कि हर बार लोकसभा चुनाव समाप्त होने और विधानसभा चुनाव शुरू होने के बीच लाखों नए मतदाता पंजीकृत होते हैं।

यह संख्या वार्षिक मतदाता सारांश संशोधन की सामान्य प्रक्रिया से काफी अधिक होती है। सचदेवा ने कहा कि अगस्त 2024 के चुनाव आयोग के एक सर्कुलर के आधार पर, बीजेपी कार्यकर्ता दिल्ली के 70 विधानसभा क्षेत्रों में जांच कर रहे हैं और पाया है कि बड़ी संख्या में अवैध रोहिंग्या और बांग्लादेशी मतदाता पंजीकृत हैं। इसके अलावा, डुप्लीकेट, फर्जी पते और मृत मतदाता भी बड़ी संख्या में सूची में शामिल हैं।
उन्होंने चुनाव आयोग से अपील की कि अवैध मतदाताओं के पंजीकरण और नकली मतदान के खिलाफ अभियान चलाया जाए। उन्होंने मीडिया और रेडियो अभियानों के जरिए ऐसे मतदाताओं को सख्त चेतावनी देने की भी मांग की।

# गरीबों में कंबल बांटकर हरीश असडी ने धूमधाम से मनाया अपना जन्मदिन






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र स्थित गुप्ता कॉलोनी में रहने वाले व चांदनी चौक विधानसभा संयोजक हरीश असडी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। अपने जन्मदिन को खास बनाने के लिए असडी ने गरीबों में कंबल बांटकर व उनको भोजन कराया। इस दौरान भाजपा के कार्यकर्ताओं ने असडी के कार्यालय में केट काटकर उनका मुंह मीठा किया व बुके देकर उनके स्वस्थ जीवन व दीर्घायु होने की मंगल कामना भी की।
अपने जन्मदिन के मौके पर हरीश ने बधाई देने वाले सभी लोगों का आभार प्रकट करते हुए उनको केक खिलाया। भाजपा नेता असडी को बधाई देने वालों में पूर्व उपाध्यक्ष दिल्ली प्रदेश अशोक गोयल देवराह, मॉडल टाउन से निगम पार्षद विकेश सेठी, संगम पार्क निगम पार्षद सुशील जौंटी, मंडल अध्यक्ष वीरपाल सिंह, मंडल अध्यक्ष योगेश शर्मा, नुक्कड़ सभा संयोजक चांदनी चौक विधानसभा गोपाल गर्ग, सुभाष डाबर, राजेंद्र ठाकुर, संजू, हरि शंकर बाबू, देवेंद्र सिंह शेर सिंह, एमएस खान,लाल बिहारी तिवारी, लज्जा राम साहू,अंशुल असडी, रश्मि बजाज, श्वेता जैन,संजीव रौडे,अजय माटा, आकाश खुराना, अमनप्रीत सिंह सहित क्षेत्र के कई लोगों ने हरीश असडी को उनके जन्मदिन की बधाई देते हुए उनकी दीर्धायू की मंगल कामना की।

# दिल्ली की जनता को परेशानियों से मिलेगा अब छुटकारा: यादव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के लिए कांग्रेस की पहली लिस्ट जारी करके केन्द्रीय नेतृत्व ने पूरा संतुलन रखा है और 21 विधानसभाओं के उम्मीदवारों के नाम घोषित होने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ता जोश और उत्साह से सरोबार है। श्री यादव ने कांग्रेस के सभी घोषित उम्मीदवारों को हार्दिक बधाई एवं चुनावों में जीत की अग्रिम शुभकामनाएं भी दी। कांग्रेस उम्मीदवारों की पहली सूची की घोषणा होने के बाद कहा कि हम



किसी भी तरह किसी भी पार्टी के साथ कोई गठबंधन नहीं करेंगे, जिसका खुलासा मैंने दिल्ली न्याय यात्रा के दौरान कर दिया था। उन्होंने कहा कि अभी हमने 21 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की है तथा बची हुई सीटों पर चर्चा करके शीघ्र ही क्रमवार उनकी घोषणा भी करेंगे। कांग्रेस पार्टी दिल्ली विधानसभा चुनावों के लिए पूरी तरह गंभीर है और सभी 70 विधानसभाओं में जीतने वाले उम्मीदवार उतारेगी। यादव ने कहा कि अब वह दिन दूर नही जब दिल्ली की जनता को अन्याय और परेशानियों से छुटकारा मिलेगा। हमें अनुभवी, सक्षम, जमीन से जुड़े और कर्तव्य निष्ठ उम्मीदवारों को उतारा है, कांग्रेस उम्मीदवारों को दिल्ली की जनता ने जीत का पूरा भरोसा दिल्ली न्याय यात्रा के दौरान देने का वादा किया था।

# योगेश वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई वार्ड समिति की बैठक




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** वार्ड समिति की बैठक योगेश वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें पार्षद सुशील जोंटी, किशन लाल, शिखा भारद्वाज, मीनू गोयल, रेणु अग्रवाल एवं चित्रा विद्यार्थी समिलित हुए। इस बैठक में सभी पार्षदों के एरिया की समस्याओं के निवारण हेतु अध्यक्ष योगेश वर्मा ने सभी संबंधित अधिकारियो को निर्देश दिये कि सभी वॉर्डो में अवैध मीट की दुकानों के विरूद कार्रवाई की जाये। पार्कों में पानी के पंपों की समस्या का निवारण किया जाये। आवारा पशुओं पर नियंत्रण करने के निर्देश दिये। सावर्जनिक शौचालयों को साफ सुथरा रखने के लिए नियमित निरीक्षण किया जाये। जिसके लिये एक कमेटी बनाई जाए। जिसमें सहायक आयुक्त, अधीक्षण अभियंता तथा सफाई अधीक्षक को सम्मिलित किया गया और निर्देश दिये कि एक सफाई अभियान चलाये जिसमें कनिष्ठ अभियंता को नोडल ऑफिसर बनाया जाये जो नियमित रूप से एरिया में तथा शौचालयों का निरीक्षण करके प्रतिदिन रिपोर्ट प्रस्तुत करे। अध्यक्ष वर्मा ने पुनः बताया कि हर पार्षद अतिक्रमण के पाँच पॉइंट्स बताये जिनमें प्राथमिकता के आधार पर एक्शन लिया जाये।

# आजादपुर गांव में भाजपा ने किया नुक्कड़ सभा का आयोजन






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले इलाके आजादपुर गांव में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पूर्व निगम पार्षद आदर्श नगर नीलम बुद्धिराजा ने किया। इस मौके पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष अजय शर्मा, मंडल अध्यक्ष सुभाष झा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस सभा में अरविन्द केजरीवाल की पिछले दस साल की नाकामियों और स्थानीय समस्याओं से जनता को अवगत कराया गया।
इस मौके पर पूर्व निगम पार्षद नीलम बुद्धिराजा ने उपस्थित लोगों को केजरीवाल सरकार के भ्रष्टाचार से भी अवगत कराया। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के राज में केवल कागजों में ही विकास हुआ है। जिस कारण से दिल्ली की जनता को कई समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। आम आदमी पार्टी कहती है कि हम दिल्ली की जनता को शुद्ध जल महैया कर रहे है, लेकिन वास्तविक स्थिति यह है कि आप राज में दिल्ली की कई कॉलोनियों में गंदा पानी रहा है, जिस कारण से दिल्ली की आम जनता भी बाजार से पानी खरीद कर पी रही है और आम आदमी पार्टी कहती है कि हम दिल्ली की जनता को मुफ्त पानी दे रहे है।

# धाम लोकार्पण के वर्षगांठ पर निकली भव्य शोभायात्रा

**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसीः श्री काशी** विश्वनाथ धाम, लोकार्पण के तीसरी वर्षगांठ पर शुक्रवार को उत्सव प्रिय काशी नगरी अलग और खास अंदाज में नजर आई। वर्षगांठ पर मैदागिन चौराहे से निकली भव्य शोभायात्रा में शहरियों ने साबित कर दिया कि उनमें किसी भी उत्सव को महोत्सव में बदलने की अद्भुत क्षमता है। शोभायात्रा में झांकियों में प्रयागराज महाकुम्भ की झांकी, अमृत कलश के साथ ही नुक्कड नाटक लोगों में आकर्षण बना रहा।

झांकियों के माध्यम से बाबा विशेशर (श्री काशी विश्वनाथ) का महाकुम्भ से रिश्ता और महात्म का शानदार प्रस्तुति भी लोगों को बरबस अपनी ओर खींचती रही। शोभायात्रा में हजारों की संख्या में महिलाएं गुलाबी साफा बांधे यात्रा को गुलाबी बना रही थी तो हजारों महिलाएं पीला साफा बांधे समय से पहले ही बसंत का एहसास करा रही थी। शिव –पार्वती, राधा –कृष्ण बने कलाकारों का नृत्य अलग ही अंदाज में उत्सव को चटक बना रहा था। शोभायात्रा में विषपान करते नीलकंठ महादेव और अमृत की लालसा में महाकुम्भ प्रस्थान करने का अन्दाज कुछ अलग ही रंग घोल रहा था। काली माँ बने कलाकार का परम्परागत नृत्य अपने अलग अन्दाज में दिखा। पूरे शोभायात्रा में शहर के सभी नामी बैंड बाजाओं में प्रतिस्पर्धा की होड़ लगी थी। सभी देश के मशहूर मनमौजी बाबा भगवान के रौद्र रूप का दर्शन कराते नजर आ रहे थे । पूर्वांचल के मशहूर धार्मिक बैंड पागल बाबा के भजनों की प्रस्तुति भी अलग अंदाज में रही।



**आकर्षण**

**झांकियों में प्रयागराज महाकुम्भ की झांकी, अमृत कलश के साथ ही नुक्कड नाटक लोगों में आकर्षण बना रहा**

शोभायात्रा को शहर दक्षिणी के विधायक डा नीलकंठ तिवारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। हिंदू युवा वाहिनी के अम्बरीष सिंह भोला भी मौजूद रहे।

शोभायात्रा में शहर की सभी सामाजिक संस्थाओं के अलावा सभी समाज के लोग शामिल हुए। रास्ते में सामाजिक संस्थाओं ने पानी शर्बत पिलाने के साथ शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा भी किया।

शोभायात्रा मैदागिन से उठकर बुलानाला, आसभैरव, चौक, बांसफाटक, गोदौलिया, डेढ़सी के पुल होते हुए दशाश्वमेध स्थित चितरंजन पार्क पहुंची। यहां शोभायात्रा की समाप्ति हुई। यहां अविरल गंगा स्पोर्टस सोसायटी ने शोभायात्रा में शामिल लोगों का स्वागत किया। शोभायात्रा के संचालन में संयोजक दिलीप सिंह, संरक्षक आर. के. चौधरी, दीपक बजाज, समिति की महिला विंग की प्रभारी वंदना रघुवंशी, सह प्रभारी संतोषी शुक्ला के अलावा महेश माहेश्वरी, दिलीप सिंह बंटी, संदीप केशरी, कमल कुमार सिंह, मनीष गुप्ता, देवानंद कुकरेजा, मनीष तुलस्यान ने सहयोग दिया। रास्ते में दवा विक्रेता समिति, केशरवानी समाज, स्वतंत्र स्काऊट्स दल, श्री काशी अग्रवाल समाज, खत्री हितकारिणी सभा, अमर नाथ यात्रा समिति, बाल सखा संघ, रेड क्रास सोसायटी,मारवाड़ी समाज ने जम कर पुष्प वर्षा किया।

# टूटेंगे कचरे के पहाड़, प्रतिदिन 300 मीट्रिक टन कचरा होगा री साइकिल

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा। कान्हा** की नगरी को प्लास्टिक के कचरे से मुक्ति मिलेगी। लैंडफिल से 53 हजार मीट्रिक कचरा री साइकिल किया जा चुका है। लैंडफिल से 300 मीट्रिक टन कचरा प्रतिदिन री साइकिल किया जाएगा। इसमें प्लास्टिक कचरा भी शामिल होगा। मथुरा वृंदावन नगर निगम नवनिर्मित सामग्री पुनर्प्राप्ति सुविधा (300 एमटीपीडी) का उद्घाटन महापौर विनोद अग्रवाल, नगर आयुक्त शशांक चौधरी ने किया। यह परियोजना अलायंस टू एंड प्लास्टिक वेस्ट द्वारा समर्थित परियोजना परिक्रम के तहत कार्यान्वित की जा रही है। इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार तथा नगर निगम के अन्य अधिकारी और एमआरएफ (मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) प्रबंधक भी मौजूद थे। यह नई सुविधा 300 मीट्रिक टन प्रति दिन क्षमता के साथ प्लास्टिक और अन्य कचरे के रीसाइक्लिंग का कार्य करेगी, जिससे नगर निगम क्षेत्र में प्लास्टिक कचरे की समस्या को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। इस पहल से पर्यावरण को बचाने के साथ साथ कचरे के प्रबंधन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण सुधार होगा और शहर की सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। उद्घाटन के दौरान महापौर श्विनोद अग्रवाल ने इस महत्वपूर्ण परियोजना को मथुरा वृंदावन के लिए एक मील का पत्थर बताया और कहा कि यह पहल नगर निगम और रेसिटी नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड के बीच सामूहिक प्रयास का परिणाम है।



## संक्षिप्त खबरें

### रॉयलओक फर्नीचर ने साल के अंत में बड़ी सेल का किया ऐलान

**फरीदाबाद।** भारत के अग्रणी फर्नीचर ब्रांड रॉयलओक ने अपनी बहुप्रतीक्षित ईयर–एंड सेल की घोषणा की है। इस सेल में प्रीमियम इंटरनेशनल फर्नीचर और होम डेकोर आइटम्स पर 70 प्रतिशत तक की भारी छूट दी जा रही है। यह शानदार ऑफर पूरे फेस्टिव सीजन के साथ ही जनवरी 2025 तक लागू रहेगा, जिससे ग्राहकों को अपने घरों को किफायती कीमतों पर शानदार तरीके से सजाने का मौका मिलेगा।

इस सेल में रॉयलओक के अमेरिकन, इटैलियन, मलेशियन और एंपरर कलेक्शन के सभी प्रोडक्ट्स पर छूट मिलेगी। इसमें लिविंग रूम सेट, बेडरूम फर्नीचर, डाइनिंग टेबल, ऑफिस फर्नीचर, आउटडोर फर्नीचर, होम डेकोर प्रोडक्ट्स आदि शामिल हैं। ग्राहक चाहे मॉडर्न डिजाइंस, क्लासिक पीस या लग्जरी टच के साथ अपने घर को अपग्रेड करना चाहे, यहाँ हर पसंद और बजट के लिए कुछ न कुछ खास है। रॉयलओक फर्नीचर के चेयरमैन श्री विजय सुब्रमण्यम ने कहा, ह्लहम अपने ग्राहकों के लिए छुट्टियों के मौके पर ईयर–एंड सेल लेकर आए हैं। यह प्रीमियम, हाई–क्वालिटी फर्नीचर को कम कीमतों में खरीदने का बेहतरीन मौका है। हमारी सेल में हर किसी के लिए कुछ खास है, फिर चाहे आप एक पीस खरीदने की सोच रहे हों या पूरे कमरे का फर्नीचर लेना चाहते हों। यह अपने घर को खूबसूरत फर्नीचर से सजाने या क्रिसमस और नए साल पर अपने प्रियजनों को यादगार गिफ्ट देने का शानदार मौका है।

रॉयलओक ईयर–एंड सेल की मुख्य विशेषताएँ :

इंटरनेशनल फर्नीचर और होम डेकोर आइटम्स पर 70 प्रतिशत तक की छूट।

एक्सक्लूसिव ईयर एंड डिस्काउंट्स और सीमित समय के लिए शानदार डील।

फ्री डिलीवरी, फ्री इंस्टॉलेशन और आसान फाइनेंसिंग विकल्प उपलब्ध।

सभी फर्नीचर कलेक्शन में टॉप–क्वालिटी और टिकाऊ मटेरियल्स का उपयोग।

सोफा 21,990 रूपए और बेड 14,990 रूपए से शुरू।

### गुड़गांव का सबसे अनोखा व्हाइट क्रिसमस एयरिया मॉल में कर रहा है इंतजार

**गुरुग्राम।** एयरिया मॉल आपको "एयरिया का व्हाइट क्रिसमस" के साथ त्योहारी सीजन का जश्न मनाने के लिए आमंत्रित करता है, जो उत्सव की खुशी, रचनात्मकता और पारिवारिक मनोरंजन से भरपूर एक जादुई अवकाश कार्यक्रम है। 14 दिसंबर से, आगंतुक विभिन्न प्रकार की आकर्षक गतिविधियों और सभी उम्र के लोगों को प्रसन्न करने के लिए बनाए गए विशेष कार्यक्रमों के साथ छुट्टियों की भावना का आनंद ले सकते हैं। आगंतुकों को सांता क्लॉज से मिलने और यादगार क्षण बनाने का मौका मिलेगा क्योंकि सांता पूरे मॉल में खुशियाँ और उत्साह फैलाएंगे। रचनात्मकता को प्रेरित करने के लिए, डीआईवाई कार्यशालाएं परिवारों और बच्चों को क्रिसमस सजावट बनाना, सॉक कठपुतली बनाना, स्नोमैन क्राफ्टिंग और कुकीज सजाने जैसी गतिविधियों में भाग लेने की अनुमति देंगी। ये इंटरैक्टिव सत्र आगंतुकों को अपने प्रियजनों के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताने और उनकी रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने का आदर्श अवसर प्रदान करते हैं। सप्ताहांत अतिरिक्त विशेष होंगे, जिसमें मनोरम कहानी सत्र और मनोरंजक कठपुतली शो शामिल होंगे जो क्रिसमस के जादू को जीवंत कर देंगे। इस महीने के प्रत्येक सप्ताहांत के लिए निर्धारित ये प्रदर्शन कल्पना और आनंद का एक सुखद मिश्रण प्रदान करते हैं, जो सभी उपस्थित लोगों के लिए एक यादगार अनुभव सुनिश्चित करते हैं। 24 और 25 दिसंबर को सांता परेड में सांता क्लॉज शाम 5 बजे और 7 बजे मॉल में एक उत्साहपूर्ण जुलूस का नेतृत्व करेंगे, जो उत्साह और छुट्टी की भावना को बढ़ाएगा।




### धुंधकारी, गोकर्ण और परीक्षित की कथा का श्रोताओं ने रसपान किया

**औरैयाः** दिबियापुर नगर के औरैया रोड स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में भागवत कथा के दूसरे दिन कथा वाचक पूनम मिश्रा ने धुंधकारी और गोकर्ण की कथा को विस्तार से सुनाया। धुंधकारी जन्म से ही दुष्ट प्रवृति का था। धन की लालसा और लोलुपता के कांरण उसने अपनी माता को एक बार मारा पीटा था। जिसकी वजह से उसकी माता ने कुएं में कूद कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली थी। कुछ समय बाद धुंधकारी की भी मृत्यु हो गई थी और वह अपने कुकर्मों के कारण प्रेत योनि में चला गया था। धुंधकारी का भाई गोकर्ण बहुत ही संस्कारी था।

### महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा के बयान के खिलाफ भड़के युवा

**वाराणसीः पीडीपी नेता** महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा मुफ्ती के हिंदुत्व को लेकर दिए गए विवादित बयान पर महावीर सेना के कार्यकताओं के साथ युवाओं में नाराजगी बढ़ रही है। हिंदुत्व को बीमारी कहने पर भड़के महावीर सेना के कार्यकताओं ने इल्तिजा मुफ्ती के बुद्धि–शुद्धि के लिए यज्ञ किया। सिगरा स्थित चंदुआ वीर बाबा मंदिर में जुटे ने यज्ञ के बाद पीडीपी नेता के मानसिक स्वास्थ्य ठीक होने की कामना की। सेना के धर्मेन्द्र पांडेय ने इस दौरान कहा कि वर्ग विशेष का वोट बैंक साधने के लिए इल्तिजा मुफ्ती ने साधु–संतों और सनातनियों के खिलाफ बयान दिया है।

# मथुरा वृंदावन मार्ग पर कई घंटे जमकर हुआ हंगामा

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा। मृत** गायों के कंकाल मिलने के बाद मथुरा में कुछ लोगों ने मथुरा वृंदावन मार्ग पर जाम लगा दिया। इससे आवागमन बाधित हो गया। स्कूली बच्चे और बाहर से आने वाले तीर्थ यात्री फंस गये।। पुलिस ने लोगों को जब समझाने का प्रयास किया और जाम हटाने के लिए कहा और वह लोग जाम हटाने के लिए तैयार नहीं हुए करीब तीन घंटे की मान मनौव्वल के बाद जाम लगा कर हंगामा कर रहे लोगों को बलपूर्वक वहां से हटाया। बताया जा रहा है कि इस दौरान चार से पाचं लोग चोटिल हुए हैं, लोगों को खदेड़ने के बाद पुलिस ने गायों के अवशेष अपने कब्जे में लिए और उन्हें जेसीबी की मदद से जमीन में गढ कर ससम्मान अंतिम संस्कार किया। मामला थाना जैंत इलाके का है, इस इलाके के एक किलोमीटर एरिया में कई गौशाला है, इस से कुछ दूरी पर गायों के अवशेष मिले थे, इसके बाद कुछ लोग मौके पर पहुंच गए और मथुरा वृंदावन रोड को जाम कर दिया, शासन प्रशासन ने समझाने बुझाने का काफी प्रयास किया जब लोग नहीं माने तो पुलिस ने लाठी चार्ज कर दिया। मौके पर पहुंचे एसपी सिटी अरविंद कुमार के समझाने के बाद भी लोग नहीं माने। जिसके चलते कई घंटों रास्ता अवरुद्ध होने के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जब एसपी सिटी ने जाम खोलने के लिए दबाव बनाया तो हंगामा कर रहे लोगो डीएम और एसएसपी के घटना स्थल पर आने की मांग की और अपनी इस मांग पर अड़े रहे। लगभग चार घंटे के बाद जिलाधिकारी शैलेंद्र सिंह व एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय भी मौके पहुंचे गए। जिलाधिकारी व कप्तान ने हंगामा काट रहे लोगों को न्यायोचित कार्यवाही का भरोसा दिलाते हुए मृतक गौवंश के अवशेषों को रास्ते से हटाकर जाम खोले जाने की अपील की। लेकिन इसी बीच कुछ लोगों ने हंगामा काटना जारी रखा। जिसके चलते पुलिस को हल्का फुल्का बल प्रयोग करना पड़ा। जिसके बाद भीड़ तितर बितर हो गई।



पीएमवी पॉलिटेक्निक के पीछे जंगल की जमीन है वहां काफी बडा जंगल है। यहां कुछ गायों के अवशेष मिले थे। हो सकता है कि ये किसी गौशाला की हों या निजी गाय रही हों। कुछ लोगों ने अनावश्यक रूप से जाम लगाया। जब वह नहीं हटे तो हल्का बल प्रयोग कर उन्हें हटाया गया। सभी गौशालाओं को निर्देश दिये गये हैं कि गायों का ससम्मान अंतिम संस्कार करें।

**-शैलेन्द्र कुमार सिंह, जिलाधिकारी मथुरा**

# एलिस्टा ने हरियाणा में रिटेल विस्तार के लिए गोएला इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ मिलाया हाथ

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत : भारत** के प्रमुख कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रैंड एलिस्टा ने हरियाणा के जाने-माने वितरण नेटवर्क गोएला इलेक्ट्रॉनिक्स प्रा. लि. के साथ साझेदारी की घोषणा की है। यह सहयोग एलिस्टा के भारत में अपनी रिटेल उपस्थिति को मजबूत करने और हरियाणा में किफायती कीमतों पर प्रीमियम गुणवत्ता वाले उत्पादों की पेशकश करने के मिशन का हिस्सा है।

एलिस्टा ने 2025 में, हरियाणा में 28,000 से ज्यादा यूनिट्स की बिक्री का महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किया है, जिसमें 15,000 स्मार्ट टीवी, 5,000 एयर कंडीशनर, 5,000 कूलर और 3,000 वाशिंग मशीन शामिल हैं।एलिस्टा के डायरेक्टर (सेल्स), श्री अजय सिंह ने इस साझेदारी पर अपनी बात रखते हुए कहा, ह्लगोएला इलेक्ट्रॉनिक्स प्रा. लि. के साथ यह साझेदारी हमारी विस्तार यात्रा का महत्वपूर्ण कदम है। हरियाणा जैसे महत्वपूर्ण बाजारों में ध्यान केंद्रित करने के लिए यह सहयोग हमें मजबूत आधार प्रदान करेगा। गोएला इलेक्ट्रॉनिक्स के अनुभव और व्यापक नेटवर्क का लाभ उठाकर हम अपने उपभोक्ताओं तक उच्च गुणवत्ता और फीचर-पैक्ड उत्पाद पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।"एलिस्टा और गोएला इलेक्ट्रॉनिक्स प्रा. लि. की यह साझेदारी हरियाणा के उपभोक्ताओं के लिए एक नया अनुभव लेकर आएगी ।

गोएला इलेक्ट्रॉनिक्स के पास इलेक्ट्रॉनिक्स के वितरण का छह दशकों का अनुभव है, जो इस गठजोड़ को और मजबूत बनाता है। उपभोक्ताओं को अब प्रीमियम गूगल टीवी, एयर कंडीशनर, कूलर और वाशिंग मशीन जैसे उत्पादों की विस्तृत रेंज मिलेगी।

जो उनकी जरूरतों के अनुसार डिजाइन की गई हैं।

### यूपी कालेज नमाज विवाद: नहीं हुई जुमे की नमाज, सुरक्षा की किलेबंदी

**वाराणसीः उदय** प्रताप महाविद्यालय (यूपी कालेज) में नमाज विवाद को लेकर शुक्रवार को सुरक्षा का व्यापक प्रबंध किया गया। जुमे की नमाज को देखते हुए अफसर फोर्स के साथ कालेज के मुख्य गेट से लेकर मजार तक गश्त करते रहे। हालांकि मजार पर जुमे की नमाज नहीं पढ़ी गई। पिछले जुमे को भी नमाज नहीं पढ़ी गई थी। कालेज प्रशासन ने भी परिसर में चल रही परीक्षा को देखते हुए धार्मिक गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग की थी। बताते चलें यूपी कॉलेज परिसर स्थित मस्जिद में दो ताले जड़े गए हैं। एक ताला मस्जिद से जुड़े लोगों की ओर से लगाया गया है।

# किर्लोस्कर इंडस्ट्रियल ब्रांड के अत्याधुनिक इंजीनियरिंग नवाचारों का प्रदर्शन किया



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** किर्लोस्कर ऑइल इंजन लिमिटेड ने बाउमा 2024 में अपने नवीनतम किर्लोस्कर इंडस्ट्रियल ब्रांड को लॉन्च किया, जो महत्वपूर्ण औद्योगिक क्षेत्रों के लिए अग्रणी इंजीनियरिंग समाधानों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। किर्लोस्कर इंडस्ट्रियल स्वदेशी डिजाइन-टू-डिलीवरी समाधान प्रदान करता है, जिसमें निर्माण, खनन, कृषि, अग्निशमन, रेलवे, डिफेन्स और मरीन जैसे क्षेत्रों के लिए गहरी अनुप्रयोग विशेषज्ञता शामिल है। किर्लोस्कर इंडस्ट्रियल उत्पादों की श्रृंखला में इंजन और पावर पैक, ईंधन-निरपेक्ष समाधान, प्रोपल्शन सिस्टम और एकीकृत भौतिक और डिजिटल सिस्टम शामिल हैं रेलवे प्रणालियों को सशक्त बनाने और डिफेन्स परिचालन को सक्षम करने से लेकर, निर्माण उपकरण संचालित करने और नौसेना के जहाजों को चलाने तक, किर्लोस्कर इंडस्ट्रियल ग्राहकों की आवश्यकताओं के अनुरूप विश्वसनीय और कुशल तकनीकों की आपूर्ति करता है ।

गौरी किर्लोस्कर, मैनेजिंग डायरेक्टर, किर्लोस्कर ऑइल इंजन लिमिटेड, ने अपनी दृष्टि साझा कीः "यह लॉन्च नवाचार और स्थिरता के प्रति हमारे समर्पण की पुष्टि करता है। किर्लोस्कर इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग उत्कृष्टता में सबसे आगे रहा है, ओईएम और प्रमुख हितधारकों के साथ साझेदारी कर भारतीय और वैश्विक बाजारों में उन्नत तकनीक प्रदान करने के लिए काम कर रहा है। सीईवी बीएस-वी इंजन की पेशकश करना किर्लोस्कर की स्थायी पद्धति और निर्माण अनुप्रयोगों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के प्रति प्रतिबद्धता का उदाहरण है। प्रदर्शित किए गए उपकरण केवल उत्पाद नहीं हैं; वे ऐसे समाधान हैं जो उद्योगों को बेहतर प्रदर्शन प्राप्त करने और वैश्विक स्थिरता लक्ष्यों को पूरा करने में सक्षम बनाते हैं।" राहुल सहाई, सीईओ, किर्लोस्कर ऑइल इंजन लिमिटेड, ने इस विकास के व्यापक प्रभाव पर जोर दिया।

### सिंचाई के लिए रखे तीन डीजल पम्प सेट हुये चोरी

**मथुरा।** महावन थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत कारब के मजरा अड्डा में किसानों के फसलों में सिंचाई के लिए खेत पर लगे पंप सेट को चोर वाहन में लाद कर ले गये जिसकी रिपोर्ट थाना महावन में दर्ज कराई। चन्दन सिंह व जितेंद्र सिंह निवासी अड्डा कारब व चंचल निवासी नगला हरी थाना राया ने बताया कि मांट ब्रांच गंग नहर के पास उन्होंने अपने खेतों पर फसलों में सिंचाई के लिए पम्प सेट लगे थे शाम को सिंचाई कर घर आ गये। गुरुवार को सुबह खेतों पर जाकर देखा तो वहां पम्प सेट नहीं थे इधर उधर खोजबीन की लेकिन कोई पता नहीं चल सका थाना महावन पहुंचे किसानों ने बताया कि चोर रात को किसी वाहन से आये और पम्प सेट को वाहन में लाद कर ले गये अज्ञात चोरों सेट चोरी होने का प्रार्थना पत्र दिया।

# आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में मात्र 1.2 दिनों में 99.04 फीसदी दावों का निपटारा किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**अंबलाः आईसीआईसीआई** प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने जुलाई 2024 से सितंबर 2024 की अवधि के लिए 99.04 फीसदी का दावा निपटान अनुपात घोषित किया है, जो उद्योग में सबसे अधिक है। महत्वपूर्ण बात यह है कि मृत्यु दावे के निपटारे में औसत समय मात्र 1.2 दिन था। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के मुख्य परिचालन अधिकारी श्री अमीश बैंकर ने कहा, "दावा सत्य का अंतिम क्षण होता है और हम हर दावे को अत्यंत संवेदनशीलता के साथ संभालते हैं। वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में,

**निपटारा**

**उद्योग में अग्रणी दावा निपटान अनुपात रहा है; क्यू-1 -वित्तीय वर्ष 2024 में यह 97 .94 फीसदी था,क्यू- 2**

हमारा दावा निपटान अनुपात 99.04 फीसदी था, जबकि अंतिम दस्तावेज प्राप्त तिथि से गैर-जांच किए गए दावों के लिए हमारा औसत दावा निपटान समय मात्र 1.2 दिन था। इसके अलावा, हमने इसी अवधि में कुल 451 करोड़ रुपये से अधिक के मृत्यु दावों का निपटारा किया।

हमारी ह्लक्लेम फॉर श्योरह्न पहल के तहत, हम सभी दस्तावेज जमा करने के बाद एक दिन में पात्र दावों का निपटान करने का वादा करते हैं। हमने इस पहल के तहत क्यू- 2 वित्तीय वर्ष 2025 में 71.24 करोड़ रुपये के मृत्यु दावों का निपटान किया है। हमारे पास लगातार उद्योग में अग्रणी दावा निपटान अनुपात रहा है; क्यू-1 -वित्तीय वर्ष 2024 में यह 97.94 फीसदी था,क्यू- 2 वित्तीय वर्ष 2024 में यह 98.14 प्रतिशत था, क्यू 3 वित्तीय वर्ष 2024 में यह 98.52 प्रतिशत था और वित्तीय वर्ष 2024 के लिए यह 99.17 प्रतिशत था।

# पार्टी लाइन पर मथुरा में कांग्रेसियों ने होलीगेट पर किया प्रदर्षन

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुराः कांग्रेस ने** पार्टी लाइन पर शुक्रवार को होलीगेट पर तख्तियां लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान पार्टी कार्यकताओं ने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार के मामले में पूरे विश्व में भारत की साख को बट्टा लगा है। कांग्रेस पार्टी राष्ट्रीय स्तर पर मांग कर रही है कि वह अदानी की जांच कराए, लेकिन केंद्र सरकार पूरे मामले को दबाने में लगी हुई है। पिछले 10 दिनों से संसद में गतिरोध बना हुआ है, जहां देश की ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा नहीं हो पा रही है। इसलिए मथुरा महानगर कांग्रेस पार्टी द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि नरेंद्र मोदी सरकार की तानाशाही के खिलाफ आंदोलन, प्रदर्शन, धरना, पुतला दहन आदि कार्यक्रम शुरू किए जाएं। पूरे देश में खाद्य वस्तुओं के दामों में भारी वृद्धि हुई है। महानगर अध्यक्ष विक्रम बाल्मीकि ने कहा कि शासन प्रशासन के उच्च अधिकारी गंभीरता से नहीं लेते हैं। धरना प्रदर्शन में संजय पचौरी, जिलानी कादरी, मनोज गौड़, उमाशंकर शर्मा, दिनेश सैनी, धनंजय चौधरी, अप्रतिम सक्सेना, विपुल पाठक, श्याम दुबे, रमेश कश्यप, अर्जुन यादव, गौरव सिंह, राखी चौहान, प्रदीप सागर, महेश चतुर्वेदी, मुस्लिम कुरैशी, पूरन सिंह, रवि वाल्मीकि, ज्ञान सिंह, अमित राज, अनिल खरे, सुरेंद्र गोस्वामी, सुशील सागर, कमल शर्मा, सागर माहौर, शाहरुख खान आदि थे।







# बेटी बचाओ, बेटी पढाओ की तर्ज पर विकसित होगा डैंपियर पार्क

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा। डैंपियर** पार्क का विकास बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत किया जाएगा। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की थीम पर पार्क में झूले लगाए जाएंगे। मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना के द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की थीम पर पार्क को विकसित करने के लिए डंपिया नगर स्थित शहीद भगत सिंह पार्क का भौतिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा यूपीएसआईसी, नगर निगम एवं महिला कल्याण विभाग के अधिकारियों को योजना संबंधी स्कल्पचर लगाने, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के लोगों युक्त झूले, वॉल पेंटिंग, ग्लो साइन बोर्ड तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए संचालित विभिन्न प्रकार की योजनाओं की जानकारी देने के लिए होल्डिंग लगने की निर्देश दिए गए। निरीक्षण के समय मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा निर्देशित किया गया की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ थीम पर विकसित की जाने वाले पार्क का संपूर्ण कार्य आगामी दो माह में अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लिया जाए।






# सीएम योगी ने भर्ती पर लगी रोक हटाई

## नियुक्ति को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए बनी बहुस्तरीय जांच प्रक्रिया का निर्धारण

**सौगात**

**▸▸ पात्र आश्रितों की जिलास्तर से लेकर डीजी होमगार्ड कार्यालय तक कई चरणों में होगी जांच**



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** योगी सरकार ने स्थाई रूप दिव्यांग होमगार्डों के परिवारों की आर्थिक सुरक्षा सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए एक बार फिर अपने फैसलों से यह साबित किया है कि वह जनसरोकार से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देती है। हाल ही में सरकार ने स्थायी रूप से दिव्यांग होमगार्डों के आश्रितों की नियुक्ति पर लगी रोक को हटाने का ऐतिहासिक फैसला लिया है। योगी सरकार के इस निर्णय से उन दिव्यांग हो चुके परिवारों में उम्मीद की किरण जागी है, जो लंबे समय से नियुक्ति के लिए गुहार लगा रहे थे।

अपने सेवाकाल में स्थाई रूप से दिव्यांग हो चुके होमगार्डों के आश्रितों की नियुक्ति की प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए योगी सरकार ने एक स्पष्ट और बहुस्तरीय जांच प्रक्रिया का निर्धारण किया है। अब नियुक्ति के लिए जिलास्तर से लेकर डीजी होमगार्ड कार्यालय तक कई चरणों में जांच और सिफारिशें की जाएंगी।

**नियुक्ति प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने पर सीएम योगी का जोर**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के होमगार्ड विभाग ने आवेदन का सही और निष्पक्ष तरीके से परीक्षण के लिए नई व्यवस्था लागू की है। इसके लिए पात्र आश्रितों की जांच और नियुक्ति के लिए चार चरणों पर काम करेगा।



जापान के राजदूत ओएनओ केइची ने दिल्ली मेट्रो में यात्रा की।

# खुले बोरवेल बंद कराने को लेकर अभियान: अशोक गहलोत



**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर: दौसा** में बोरवेल में गिरने से आर्यन की मौत के बाद अब पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का बयान सामने आया है। गहलोत ने आर्यन की मौत पर दुख जताया है। उन्होंने भजनलाल सरकार से खुले बोरवेल बंद कराने को लेकर अभियान चलाने की बात कही है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि दौसा में एक खुले बोरवेल में गिरने से मासूम आर्यन की मृत्यु बेहद दुखद है। तमाम चुनौतियों के बावजूद जिला प्रशासन, आपदा प्रबंधन एवं नागरिक सुरक्षा की टीम ने अच्छा कार्य किया। खुले बोरवेल में बच्चों के गिरने की घटनाएं लगातार होती रहती हैं। राज्य सरकार द्वारा कई बार इन्हें बन्द करने के आदेश जारी किए जाते रहे हैं। इसके बावजूद गांवों में खुले बोरवेल सामान्य तौर पर मिल जाते हैं। खुले बोरवेल से होने वाली दुर्घटनाओं से बचाव के लिए सरकार एवं जनता मिलकर अभियान चलाएं क्योंकि दूर-दराज के इलाकों में ऐसे बोरवेल की जानकारी प्रशासन को बिना जनसहयोग के नहीं चल सकती है। इसके लिए सरकार जिलावार अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करे एवं सर्वे करवाकर खुले बोरवेल बंद करवाने का अभियान चलाए। जिससे भविष्य में ऐसी जनहानि ना हो।

संसद हमले में शहीद जवानों को श्रद्धांजलिगहलोत ने एक अन्य पोस्ट में 13 दिसंबर 2001 को संसद पर हुए आतंकवादी हमले में आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब देते शहीद हुए जवानों को श्रद्धाजंलि दी। उन्होंने लिखा कि 13 दिसंबर 2001 को संसद पर हुए आतंकवादी हमले में आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब देते एवं लोकतंत्र के मंदिर की सुरक्षा करते हुए शहीद हुए सभी वीर जवानों को नमन करता हूं।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किया किसानों और लाभार्थियों का सम्मान



**वादा**

**▸▸ किसान से जो वादा किया था कि किसानों के उत्थान के लिए सरकार काम करेगी: सीएम भजन लाल**

**टीम एक्शन इंडिया**

**अजमेर:** राज्य सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने शुक्रवार को अजमेर के पास कायड़ विश्राम स्थली पर आयोजित किसान सम्मेलन में किसानों का सम्मान किया और लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चैक वितरित किए। सम्मेलन में उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी, विधायक अनिता भदेल, राजस्थान धरोहर प्राधिकरण अध्यक्ष औंकार सिंह लखावत, जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, सीआर चौधरी, ओम प्रकाश भड़ाणा सहित राज्य सरकार के मंत्रीगण, जनप्रतिनिधि एवं किसानों ने भाग लिया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल ने सभी किसानों को राम राम कहकर संबोधन शुरू किया। उन्होंने किसानों को अपना अन्नदाता बताया। उनका सम्मान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान से जो वादा किया था कि किसानों के उत्थान के लिए सरकार काम करेगी। राजस्थान सरकार अपने वादों पर खरी उतरी है।

उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनावों और उप चुनाव में आमजन व राजस्थान के किसानों ने भाजपा पर भरोसा जताया है, उसके लिए वे जनता का, किसानों और महिलाओं और सभी अन्न दाताओं व पशुपालकों के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि किसान सम्मेलन के माध्यम से वे राजस्थान सरकार के एक साल पूर्ण होने पर किसानों व पशुपालकों द्वारा उनके प्रति जताए भरोसे के लिए उनकी कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि किसान की तकलीफ को वे समझते हैं। वे किसान को 2027 तक दिन में बिजली देने का प्रयास कर रहे हैं।

# सरकार हर राज्य में प्रवासियों के लिए एम्बेसी की तर्ज पर खोलेगी ऑफिस

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर: राइजिंग** राजस्थान में निवेश करने वाले लोगों और प्रवासी राजस्थानियों के लिए सरकार एक नई पहल करने जा रही है। इन लोगों को किसी भी तरह की परेशानी होने पर राजस्थान न आना पड़े, इसके लिए हर राज्य में राजस्थान सरकार प्रवासी केन्द्र खोलने की तैयारी कर रही है। ये केन्द्र एक तरह से एंबेसी के तौर पर काम करेंगे। यहां प्रवासी राजस्थानी निवेश, उद्योग, सरकार संबंधित कोई भी समस्या यहां दर्ज करवा सकते है। उसका निस्तारण करवा सकते हैं। राज्य सरकार के एक साल पूरे होने पर जिलेवार हो रहे कार्यक्रम के दौरान जयपुर में प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल ने इस बारे में जानकारी दी।

# गांव-गांव पहुंचेगी सरकार! अधिकारी करेंगे समस्याओं का समाधान

**टीम एक्शन इडिया**

**गुप्तकाशी:** सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत जनपद स्तरीय अधिकारी विभिन्न ग्राम पंचायतों का दौरा कर ग्रामीणों से संवाद करेंगे। इस दौरान ग्रामीणों की समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा और उन्हें सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। दिसंबर माह के लिए अधिकारियों का रोस्टर जारी कर दिया गया है। अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि अधिकारी अपने आवंटित ग्राम पंचायतों का स्थलीय निरीक्षण करेंगे। इसके साथ ही जल संरक्षण और संवर्द्धन से जुड़े कार्यों की निगरानी भी सुनिश्चित की जाएगी। विकासखंडवार कार्यक्रम अगस्त्यमुनि ब्लॉक के ग्राम पंचायत दौला में उप वन संरक्षक कल्याणी ग्रामीणों से संवाद करेंगी। ग्राम पंचायत सारी में जिला विकास अधिकारी अनीता पंवार बैठक करेंगी। ग्राम पंचायत तूना में परियोजना निदेशक विमल कुमार जाएंगे। ऊखीमठ ब्लॉक के ग्राम पंचायत सेमी (भैंसारी) में अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा ग्रामीणों की समस्याएं सुनेंगे। ग्राम पंचायत मनसूना में उप जिलाधिकारी अनिल कुमार शुक्ला निरीक्षण करेंगे।

जखोली और रुद्रप्रयाग ब्लॉक के सौराखाल में उप जिलाधिकारी भगत सिंह फोनिया बैठक करेंगे।




